* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

19 जनवरी, 2023
माघ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 92



दिल्ली विधानसभा में नोटों की गड्डी लेकर पहुंचे आप विधायकः कहा- माफिया पैसे लेकर अस्पताल में नौकरी दे रहे, मुझे चुप रहने के लिए रिश्वत दी







### तीन राज्यों में चुनाव के साथ रामगढ़ उपचुनाव की तारीख तय

# त्रिपुरा में 16 और मेघालय-नगालैंड में 27 फरवरी को डाले जायेंगे वोट

## ■ रामगढ़ में 27 फरवरी को मतदान, सभी के नतीजे 2 मार्च को

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। इसी के साथ झारखंड के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की भी डुगडुगी बज गयी है। आयोग ने यहां उपचुनाव की तारीख तय कर दी है। त्रिपुरा में 16 फरवरी को मतदान होगा। मेघालय और नगालैंड में 27 फरवरी को वोटिंग होगी। वहीं रामगढ़ उपचुनाव के लिए 27 फरवरी को वोट डाले जायेंगे। सभी राज्यों के नतीजों का एलान 2 मार्च को होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि तीनों राज्यों में महिला वोटरों की भागीदारी ज्यादा है और यहां चुनावी हिंसा भी ज्यादा नहीं होती। हम यहां पर निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रतिबद्ध हैं। तीनों राज्यों में नौ हजार 125 पोलिंग स्टेशन बनाये गये हैं। तीनों राज्यों में 376 पोलिंग स्टेशन महिला स्टाफ संभालेंगी। तीनों राज्यों में 62.8 लाख मतदाता हैं।

2024 में लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वोत्तर के राज्यों त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के अलावा कुल नौ राज्यों में चुनाव होंगे। नॉर्थ-ईस्ट के बाद अप्रैल या मई में कर्नाटक में भी विधानसभा चुनाव कराये जाने की संभावना है। 40 सदस्यों वाली मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल भी इसी साल 17 दिसंबर को खत्म हो रहा है, जबकि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में जनवरी 2024 में अलग-अलग तारीखों पर विधानसभा का कार्यकाल खत्म होगा। इन तीन राज्यों के चुनावों की एक दिलचस्प बात यह है कि सभी राज्यों में बहुमत का आंकड़ा 31 है।

### ममता देवी की सदस्यता रद्द होने के कारण हो रहा रामगढ़ उपचुनाव



**रामगढ़। रामगढ़ विधानसभा का उपचुनाव 27 फरवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने इसकी घोषणा बुधवार को की। आयोग ने सूचना जारी करते हुए बताया कि लक्षद्वीप के एक सीट के लिए संसदीय चुनाव के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों में (अरुणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र) छह विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव होंगे। झारखंड में पूर्व विधायक ममता देवी की सदस्यता रद्द होने के कारण रामगढ़ में उपचुनाव होना है। 27 फरवरी को सभी चिह्नित सीटों के लिए उपचुनाव होंगे। 2 मार्च को मतगणना होगी। 31 जनवरी को इन चुनावों से संबंधित गजट जारी हो जायेगा। 7 फरवरी तक नामांकन किये जा सकेंगे। 8 फरवरी को स्क्रूटनी होगी। 10 फरवरी तक नाम वापस लिये जा सकेंगे।**

**मेघालय विधानसभा:**
सीटें- 60, बहुमत- 31

**त्रिपुरा विधानसभा:**
सीटें- 60, बहुमत- 31

**नगालैंड विधानसभा:**
सीटें-60, बहुमत-31

**नॉमिनेशन:**
त्रिपुरा- 21 जनवरी से 30 जनवरी तक
मेघालय-नगालैंड- 31 जनवरी से 7 फरवरी

**नाम वापसी की आखिरी तारीख:**
त्रिपुरा- 2 फरवरी
मेघालय-नगालैंड-10 फरवरी

**मतगणना:**
तीनों राज्यों के लिए- 2 मार्च

### गिरिडीह में भाजपा पर साधा निशाना

# मरांग बुरु हमारा था, हमारा है और हमारा रहेगा : हेमंत सोरेन

- सीएम ने सभा को किया संबोधित, अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम
- कहा- आदिवासियों की पंरपरा से खिलवाड़ करने पर भुगतने होंगे गंभीर परिणाम



सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खातियानी जोहार यात्रा बुधवार को गिरिडीह पहुंची। स्थानीय झंडा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जहां भाजपा के खिलाफ हुंकार भरी, वहीं अधिकारियों को चेताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेद शिखर विवाद भाजपा का हिडेन एजेंडा है। वे जैन और आदिवासी समाज के लोगों को लड़ाने की साजिश रच रहे हैं। सोरेन ने संताली भाषा में कहा कि मरांग बुरु हमारा था, हमारा है और हमारा रहेगा।आप लोग निश्चिंत रहें। उधर, गिरिडीह पुलिस और अर्धसैनिक बलों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि तीर-धनुष और नगाड़ा आदिवासियों की पंरपरा है। राज्य में एक आदिवासी मुख्यमंत्री है। यह कतई बरर्दाश्त नहीं होगा कि आदिवासियों की पंरपरा से गिरिडीह पुलिस खिलवाड़ न करे। अगर वह ऐसा करेगी, तो आनेवाले दिनों में अंजाम भुगतने होंगे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री दो दिनों से गिरिडीह में हैं। इस दौरान उन्हें शिकायत मिली की स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बल अब नक्सली के नाम पर आदिवासियों के घर घुस कर उनके तीर-धनुष और नगाड़ों को छीन ले रहे हैं। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर की। खातियानी जोहार यात्रा के खुले मंच से पुलिस को अल्टीमेटम दिया कि नक्सली है, तो उसे साबित करें और जेल भेजें। बेवजह किसी आदिवासी को परेशान नहीं करें।

#### अधिकारियों-कर्मियों का वेतन काटा जायेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अधिकारी अभी भी उनकी सरकार को बेवकूफ बना रहे हैं। पंचायत से लेकर हर स्तर पर योजनाओं में गड़बड़ी है। कहीं किसी योजना में पारदर्शिता नहीं रखी जा रही है। ऐसे में सरकार ने अब तय है कि काम नहीं कर सिर्फ कागजों में उपलब्धि दिखानेवाले अधिकारियों और कर्मियों के वेतन में कटौती की जायेगी। चाहे वो आइएएस अधिकारी हो या उनसे छोटे स्तर के अधिकारी।

#### विपक्ष पर साधा निशाना:

मुख्यमंत्री ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि सम्मेद शिखर विवाद पैदा कर उनकी सरकार को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की पहचान एक शांतिप्रिय समाज के रूप में है। सम्मेद शिखर का विवाद खड़ा कर मोदी सरकार ने साजिश रची है।

### अंचल अधिकारी को निलंबित करने का निर्देश, दो अधिकारियों को शो-कॉज

**गिरिडीह। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समीक्षा बैठक में गिरिडीह जिले के तिसरी अंचल के अंचल अधिकारी को वादों के निष्पादन में लापरवाही बरतने हेतु निलंबित करने का निर्देश दिया। वहीं, मनरेगा में खराब प्रदर्शन के लिए कोडरमा जिले के चंदवारा बीडीओ को शो- कॉज जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही जिले से एक टीम को वहां की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के लिए भेजने का निर्देश उपायुक्त दिया गया। साथ ही कोडरमा जिले के सतगांवा के सीओ को विभिन्न योजनाओं में खराब प्रदर्शन हेतु शो कॉज जारी करने और जिले से एक नोडल पदाधिकारी नियुक्त कर उनके कार्यों की मॉनिटरिंग कराने का भी उपायुक्त को निर्देश दिया।** *(समीक्षा बैठक से संबंधित खबर पेज-3 पर)*

# पंकज मिश्रा के खिलाफ इडी ने दर्ज की एक और प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संताल में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने पंकज मिश्रा के विरुद्ध एक नया केस दर्ज किया है। यह केस साहिबगंज के जिरवाबाड़ी ओपी में पिछले साल 26 जुलाई को दर्ज प्राथमिकी के आधार पर दर्ज की गयी है।

इस मामले में पंकज मिश्रा के अलावा उनके सहयोगी पवीतर यादव और विष्णु यादव भी आरोपी बनाये गये हैं। अब इडी इस मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच करेगी। पंकज मिश्रा फिलहाल न्यायिक हिरासत में रिम्स में अपना इलाज करा रहे हैं। पंकज मिश्रा को इडी ने पिछले साल 19 जुलाई को अवैध खनन के मामले में गिरफ्तार किया था। इडी के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, पिछले साल 25 जुलाई को साहिबगंज में अवैध खनन के मामले में इडी ने छापेमारी की थी। उस वक्त इडी ने विष्णु यादव और पवीतर यादव के माध्यम से संचालित मां अंबे स्टोन वर्क्स के माध्यम से संचालित दो अवैध क्रशर को ध्वस्त किया था। छापेमारी में क्रम में ही इडी ने जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र में ही तीन हाइवा ट्रकों को पकड़ा था, जो बिना खनन चालान के ही अवैध तरीके से स्टोन चिप्स लेकर जा रहे थे। ट्रक के चालकों ने विष्णु यादव और पवीतर यादव का नाम लिया था। इसके बाद इडी की अनुशंसा पर साहिबगंज के जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने जिरवाबाड़ी ओपी में 26 जुलाई को विष्णु यादव और पवीतर यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जहां साहिबगंज पुलिस पूरे मामले की जांच कर ही रही थी कि इधर इडी ने भी मनी लांड्रिंग के तहत जांच में पाया कि इन सबके पीछे पंकज मिश्रा की भी संलिप्तता है। मां अंबे स्टोन वर्क्स पर भी पंकज मिश्रा का सीधा नियंत्रण था।

### शुभमन गिल ने लगाया दोहरा शतक

**हैदराबाद (अजाद सिपाही)।** शुभमन गिल की डबल सेंचुरी के दम पर भारत ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 350 रनों का टारगेट दिया है। टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में आठ विकेट पर 349 रन बनाये। गिल ने अपने वनडे करियर की बेस्ट पारी खेली। वे 50वें ओवर में 149 गेंदों में 208 रन बनाकर आउट हुए। वे वनडे में दोहरा शतक जमाने वाले 5वें भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले रोहित शर्मा, ईशान किशन, वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर ही ऐसा कर सके हैं। दुनिया भर के बल्लेबाजों की बात करें तो वनडे में 10वीं बार दोहरा शतक आया है। इनमें सबसे ज्यादा 5 दोहरे शतक भारतीय बल्लेबाजों ने जमाये हैं। इस पारी के दौरान 106 रन बनाते ही वनडे क्रिकेट में शुभमन गिल ने 1000 हजार रन पूरे कर लिये। वे इस मुकाम तक सबसे तेजी से पहुंचने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। गिल ने 19 वनडे की 19 पारियों में 1000 वनडे रन पूरे किये हैं।



# साहिबगंज डीसी को इडी ने भेजा समन

■ 23 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को समन भेजा है। उन्हें 23 जनवरी को रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि इडी ने अवैध खनन के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा से बात करनेवाले सचिवालय और जिला स्तर के दो दर्जन से अधिक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को चिह्नित किया है। इन अधिकारियों में साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा भी शामिल हैं। इसी को लेकर इडी ने डीसी को समन भेजा है। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को पूछताछ के लिए जल्द ही समन जारी करने की तैयारी है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार को झारखंड सरकार की रिट याचिका को खारिज कर दिया गया। इसके बाद इडी साहिबगंज के पूर्व डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा को फिर से समन जारी करने की तैयारी में है। इडी उन्हें कुछ दिनों के भीतर समन भेज सकती है। यह प्रमोद कुमार मिश्रा को तीसरा समन होगा। जिनसे इडी पूछताछ करना चाहती है। झारखंड सरकार ने समन का पुरजोर विरोध किया और अपने जांच अधिकारी से पूछताछ करने के लिए इडी के अधिकार क्षेत्र को चुनौती दी थी।

गौरतलब है की बड़हरवा टोल प्लाजा विवाद में एफआइआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने मंत्री आलमगीर आलम और बरहेट के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। इडी ने इस केस में आइओ सरफुद्दीन खान से लंबी पूछताछ की थी। इडी ने आइओ से केस से जुड़े सारे कागजात की मांग की थी। पूछताछ में आइओ ने बताया कि वरीय अधिकारियों के कहने पर केस में पंकज और आलमगीर आलम को अगले ही दिन क्लीनचिट दे दी गयी थी।




### आयोजन : बस्ती में खेल महाकुंभ का आगाज, प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ

# जवान अब खेल की ओर देखने लगे हैं: नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बस्ती (उत्तर प्रदेश)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बस्ती में सांसद खेल महाकुंभ के दूसरे चरण का बुधवार को वर्चुअली उद्घान किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे देश के जवान अब खेल की ओर देखने लगे हैं। अब मेरे युवा खिलाड़ियों आपको बस देश का नाम रोशन करना है। उन्होंने कहा कि खेल से युवा केवल फिट ही नहीं रहते, बल्कि उनको कई फायदे नजर आ रहे हैं। उनके माता-पिता भी स्पोर्ट्स को गंभीरता से ले रहे हैं।

■ 18 से 28 जनवरी तक चलेगा खेल महाकुंभ

#### खेलों को बढ़ावा देने के लिए बन रहे स्पोर्ट्स हॉस्टल:

मोदी ने कहा कि सरकार ने मणिपुर में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी खोली है। मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनी है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए यूपी में स्पोर्ट्स हॉस्टल बन रहे हैं। देश की व्यवस्थाएं राज्य स्तर तक दी जा रही हैं, जिससे युवा आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी जानता है कि फिट रहना बहुत जरूरी है। फिट इंडिया इसमें आप लोगों की बहुत मदद करता है। हर खिलाड़ी के लिए पौष्टिक भोजन भी बहुत जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज बहुत फायदेमंद होता है। इसको अपने डाइट चार्ट में जरूर शामिल करें।



#### ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का मिलेगा मौका

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इसके माध्यम से उन्हें एक मंच मिलेगा। राज्य के 58,000 ग्राम पचांयतों में खेल के मैदान बनाने का काम चल रहा है। जिनमें 34,000 ग्राम पंचायतों में अब तक खेल मैदान के लिए भूमि आरक्षित की गयी है। उन्होंने कहा कि, पिछले 8 वर्षों में पूरे देश और पूरी दुनिया ने एक नये भारत का दर्शन किया है। सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन बस्ती के लोकसभा सांसद हरीश द्विवेदी 2021 करा रहे हैं। सांसद खेल महाकुंभ 2022-23 के पहले चरण का आयोजन 10 दिसंबर से 16 दिसंबर 2022 के बीच ब्लाकों में किया गया था। दूसरे चरण का आयोजन 18 जनवरी से 28 जनवरी तक किया गया है। जिसमें कबड्डी, खो-खो, बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, टेबल टेनिस आदि का आयोजन किया जायेगा।

## नौ राज्यों के साथ लोकसभा चुनाव जीतने की है चुनौती

# 'अग्निपथ' से कम नहीं है जेपी नड्डा का नया कार्यकाल

आजाद सिपाही विशेष

अनुमान के अनुरूप जगत प्रकाश नड्डा को भाजपा अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल विस्तार मिल गया है। इस फैसले से ठीक एक दिन पहले नड्डा ने भाजपा कार्यकारिणी की बैठक में कहा था कि पार्टी को इस साल होने वाले सभी नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव जीतने हैं। अब पार्टी ने उनका कार्यकाल जून 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। अब ये सारे चुनाव नड्डा के कार्यकाल में ही होंगे। खास बात यह है कि इनमें से वे राज्य भी शामिल हैं, जहां पार्टी को पिछली बार हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा चार राज्य कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ तो ऐसे हैं, जहां भाजपा की सीधी टक्कर कांग्रेस से है। इन राज्यों कर्नाटक और मध्य प्रदेश में तो भगवा दल के लिए चुनौती और बड़ी है, क्योंकि यहां पार्टी को सत्ताविरोधी लहर का भी सामना करना पड़ेगा। इसलिए कहा जा सकता है कि नड्डा के लिए यह कार्यकाल काफी अहम है। यह उनके राजनीतिक करियर और लंबे संगठनात्मक अनुभव की परीक्षा है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी इन नौ राज्यों में होनेवाले चुनाव के लिए एक नैरेटिव सेट करना चाहती है। इसलिए भाजपा 2024 के चुनाव में जाने से पहले ऐसी जीत दर्ज करना चाहती है, जिससे आम चुनाव का मोमेंटम फिक्स हो जाये। पार्टी नहीं चाहती है कि विधानसभा चुनाव के नतीजे 2018 जैसे ही हों। इस लिहाज से नड्डा के सामने बड़ा चैलेंज है। नड्डा को 2023 को इसलिए भी जीतना होगा, क्योंकि यहीं से मिशन 2024 शुरू होगा। अपने नये कार्यकाल में नड्डा को किन चुनौतियों का सामना करना होगा और उसके लिए उनकी क्या रणनीति होगी, बता रहे हैं ***आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।***



राकेश सिंह

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने दिग्गज राजनीतिज्ञ और कुशल संगठनकर्ता जगत प्रकाश नड्डा को फिर से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंप दी है। वह लालकृष्ण आडवाणी और राजनाथ सिंह के बाद तीसरे ऐसे नेता हैं, जिन्हें लगातार दूसरी बार पार्टी की कमान सौंपी गयी है। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के इस फैसले के साथ ही यह तय हो गया है कि भाजपा अगला आम चुनाव नड्डा की अध्यक्षता में ही लड़ेगी। मोदी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रह चुके जेपी नड्डा को संगठन का बहुत लंबा तजुर्बा है। अध्यक्ष बनने से पहले वह जम्मू-कश्मीर और यूपी के प्रभारी महासचिव रह चुके हैं। 2010 में नड्डा राष्ट्रीय राजनीति में आये थे। उस वक्त नितिन गडकरी ने उन्हें पार्टी का सचिव नियुक्त किया था।

### हिमाचल में करारी हार, फिर विश्वास क्यों?

नड्डा को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने के संकेत तो पहले से ही मिल रहे थे, लेकिन उनके गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में हाल में मिली हार के कारण उन पर सवाल भी उठने लगे थे। हिमाचल में भाजपा की हार के बाद माना जा रहा था कि जेपी नड्डा की कुर्सी पर भी संकट के बादल छायेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ऐसा आखिर क्यों हुआ, यह जानना भी दिलचस्प है। नड्डा के बारे में कहा जाता है कि वह मोदी-शाह के फैसलों को लागू कराने में सबसे कारगर भूमिका निभाते हैं। इसका एक किस्सा बहुत मशहूर है। वर्ष 2021 मोदी कैबिनेट में फेरबदल होना था। प्रधानमंत्री आवास पर नये नामों को लेकर पीएम मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा के बीच बैठक हुई। बैठक में कुछ कद्दावर मंत्रियों को हटाने पर भी सहमति बनी। इनमें रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावेड़कर और हर्षवर्धन जैसे नाम शामिल थे। मंत्रियों से इस्तीफा भिजवाने की जिम्मेदारी जेपी नड्डा को सौंपी गयी। नड्डा ने हटाये जाने वाले सभी 12 मंत्रियों को फोन कर इस्तीफा पीएमओ को भेजने के लिए कहा। इस योजना को इतनी आसानी से अंजाम दिया गया कि शुरुआत में किसी को भनक तक नहीं लगी।

**करियर के सबसे अहम दौर में पहुंच गये हैं भाजपा अध्यक्ष**



### बिहार और यूपी में किया कमाल

जेपी नड्डा 2020 में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये गये थे। इसके बाद करीब 14 राज्यों में विधानसभा के चुनाव हुए हैं। इनमें पांच राज्यों में भाजपा ने अकेले दम पर सरकार बनायी, जबकि दो राज्यों में वह सहयोगी दलों के साथ सरकार बनाने में सफल रही। नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने बिहार और यूपी में भाजपा ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बिहार में 74 सीटें जीतकर भाजपा दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनी, जबकि यूपी में 250 से ज्यादा सीटें जीतकर भाजपा ने सरकार बनायी। इन दोनों राज्यों में लोकसभा की कुल 120 सीटें हैं।

### नौ राज्यों में जमीन मजबूत करेंगे

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के पहले दिन जेपी नड्डा ने सभी महासचिवों और प्रभारियों से कहा कि वे नौ राज्यों में होनेवाले चुनाव में जीत दिलाने की दिशा में काम करें। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री जितना मेहनत करते हैं, उतनी मेहनत आप सब भी संगठन के कामकाज में करें। 2023 में जिन नौ राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें से पांच राज्यों में भाजपा की सरकार है, यानी इन पांचों राज्यों में भाजपा के सामने सरकार बचाने की भी चुनौती है। वहीं चार राज्य तेलंगाना, राजस्थान, मिजोरम और छत्तीसगढ़ में जिताने की भी चुनौती है। यह भी एक हकीकत है कि नड्डा के फिर से अध्यक्ष बनने से भाजपा सभी राज्यों में आसानी से रणनीति को अमल में ला सकती है। गठबंधन के साथी बनाने की दिशा में भी पार्टी काम कर रही है। मोदी-शाह के भरोसेमंद होने की वजह से नड्डा यह काम आसानी से कर सकते हैं।

### नौ राज्य हैं नड्डा की सबसे बड़ी चुनौती

2023 में जिन नौ राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं, उनमें लोकसभा की कुल 116 सीटें हैं। सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में 29, कर्नाटक में 28 और राजस्थान में 25 सीटें हैं। तेलंगाना की 17 और छत्तीसगढ़ की 11 सीटें भी लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। इन नौ राज्यों में अभी भाजपा के 93 सांसद हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में राजस्थान और त्रिपुरा में पार्टी ने भारी जीत दर्ज की थी। कर्नाटक के बाद तेलंगाना दक्षिण भारत का दूसरा राज्य है, जहां 2019 में भाजपा ने चार सीटें जीती थीं। इसलिए कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल मुकाबला 2023 में ही होगा। अगर विधानसभा चुनाव में पार्टी इन राज्यों में कमजोर प्रदर्शन करती है, तो मिशन 2024 फंस सकता है। इसलिए नड्डा के लिए न केवल 93 सीटों का गणित अहम होगा, बल्कि यहां जीतना भी जरूरी होगा।

### चार राज्य देंगे नड्डा को टेंशन

मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ ऐसे राज्य हैं, जहां भाजपा को सबसे ज्यादा टेंशन होने वाली है। कर्नाटक में कांग्रेस जमीन पर काफी मजबूत है। वहां भाजपा की सीधी टक्कर उससे होनी है। पार्टी को यहां अंदरूनी विरोध और सीएम बोम्मई पर विपक्षी हमले को झेलना होगा। इसके अलावा हाल के दिनों में राज्य में कुछ ऐसे भी विवाद हुए हैं, जिससे पार्टी की मुश्किलें बढ़ी हैं। दूसरी तरफ मध्यप्रदेश में पार्टी को अंदरूनी कलह का सामना करना पड़ रहा है। यहां पार्टी को पिछली बार हार का सामना करना पड़ा था। बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया की कांग्रेस से बगावत के बाद पार्टी ने राज्य में सरकार बनायी थी। यहां पार्टी को फिर सत्ता में आने के लिए पूरा जोर लगाना होगा। राजस्थान में भाजपा कई धड़ों में बंटी है। वसुंधरा राजे और सतीश पूनिया के बीच तनातनी किसी से छिपी नहीं है। लेकिन पार्टी को यहां एक फायदा यह है कि कांग्रेस में भी उठापटक काफी है और उसका फायदा वह उठा सकती है। छत्तीसगढ़ में पार्टी को कांग्रेस के मजबूत संगठन के साथ-साथ सीएम भूपेश बघेल की चुनौती से पार पाना होगा।

---

## ट्वीट :

### हेमंत सोरेन



2023 इंप्लीमेंटेशन का साल है। सभी पदाधिकारी ध्यान दें। सिर्फ कलरफुल प्रेजेंटेशन बनाने से लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल जायेगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो, हमारी इस सोच पर आपको कार्य प्रणाली में तेजी लाकर काम करना होगा। नये साल में नये जोश के साथ आप काम करें, यही शुभकामना है।



### बाबूलाल मरांडी

मुख्यमंत्री जी, अगर आपकी राजनीतिक यात्रा में थोड़ा समय शेष हो, तो कृपया ध्यान दीजिए। दुमका के रामगढ़ थाना क्षेत्र में 14 जनवरी को सोहराय मना कर लौट रही एक आदिवासी किशोरी के साथ सामूहिक दरिंदगी की खबर आ रही है। लड़की की स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। राज्य में मानो इन दरिंदों के मन में पुलिस प्रशासन का कोई डर ही नहीं। अभी भी कई आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। मुख्यमंत्री जी, सबसे पहले तो पीड़िता के बेहतर इलाज की व्यवस्था कराइये। अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की दिशा में दुमका पुलिस को कठोर कदम उठाने का निर्देश दीजिये।



### अर्जुन मुंडा

अमृत महोत्सव और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के 126वें जन्मदिवस पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम 'आदि-शौर्य : पर्व पराक्रम का' का जनजातीय कार्य मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से 23 और 24 जनवरी को नयी दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजन किया जा रहा है। आइए, हम सब मिलकर इस कार्यक्रम में शामिल होकर इस रंगारंग कार्यक्रम का आनंद उठायें।

---

## पाकुड़ : बम बनाने के दौरान विस्फोट

# एक अपराधी घायल, तीन गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** जिला में बम बनाने के दौरान विस्फोट हो गया। इस घटना में एक अपराधी घायल हुआ है। घटना हिरणपुर थाना क्षेत्र के दुलमी गांव की है। जहां बुधवार को घर में बम बनाने के दौरान अचानक विस्फोट हो गया। इस घटना में जमीन हांसदा नाम का अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गया। बम विस्फोट होने के बाद तीन अपराधी भागने लगे, जिन्हें ग्रामीणों ने खदेड़ कर पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पकड़े गये अपराधियों के पास से हथियार बरामद

पुलिस ने पकड़े गये अपराधियों के पास से एक पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किया है। वहीं पुलिस ने घायल जमीन हांसदा, मुंशी मरांडी और सुतील हेंब्रम को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है गिरफ्तार तीनों अपराधियों में एक असम के कोकराझाड़ का रहने वाला है। वहीं दो अपराधी हिरणपुर और मालपहाड़ी ओपी क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अपराधियों पर लूटकांड का आरोप है।

---

## नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे छात्र की सड़क दुर्घटना में मौत

**रांची (आजाद सिपाही)।** मां कलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर नामकुम में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे दो छात्र मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। छात्र की बाइक इमली के पेड़ से टकरा गयी थी। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिसके बाद वहां से गुजर रही पीसीआर वैन की मदद से घायलों को इलाज के लिए गुरु नानक हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। जहां इलाज के दौरान कमलेश नामक युवक की मौत हो गयी है। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क हादसे में घायल कमलेश जमशेदपुर का रहने वाला था। जबकि दूसरा युवक सुब्रोनील पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले का रहने वाला था। दोनों ही युवक नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे थे। सुब्रोनील की भी स्थिति गंभीर है और वह गुरु नानक अस्पताल में इलाजरत है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मां कलावती हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के दर्जनों छात्र रिम्स पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। अपने साथी को खोने के गम से सभी की पलकें भीगी हुई थीं।

---

## किसान महासभा ने मंत्री बादल से की शिकायत, कहा

# कृषि विभाग और कृषकों में है संवादहीनता

**महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज राय ने मंत्री से कहा कि योजनाओं, नीतियों के निर्माण में अपनाये जाने वाले मापदंडों के बारे में किसानों से कोई राय नहीं ली जाती।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड किसान महासभा ने बुधवार को कृषि मंत्री बादल से उनके आवासीय कार्यालय में भेंट की। इस दौरान शिकायत जताते हुए कहा कि प्रदेश में विभागीय संवाद किसानों के साथ ना के बराबर है। महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज राय ने मंत्री से कहा कि योजनाओं, नीतियों के निर्माण में अपनाये जाने वाले मापदंडों के बारे में किसानों से कोई राय नहीं ली जाती। विभाग द्वारा संचालित कई योजनाएं व्यावहारिक नहीं हैं, बेकार की हैं। उनमें करप्शन भी खूब है। मंत्रीजी को इस ओर ध्यान देना होगा। प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रदेश के किसानों को लगातार नुकसान झेलना पड़ रहा है। बीते एक महीने में फसलों का नुकसान हुआ है। दो किसानों की मौत हो चुकी है। बावजूद इसके कृषि विभाग के स्तर से कोई बयान तक नहीं आया जो कि संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। सरकार इन परिस्थितियों से निपटने के लिए स्पष्ट नीति बनाये। बादल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते कहा कि झारखंड किसान महासभा द्वारा दिये गये सारे सुझावों पर संज्ञान लिया जायेगा। जल्द ही राज्य में किसानों और विभागीय अधिकारियों के बीच बैठक करायी जायेगी ताकि संचालित योजनाओं की समीक्षा हो पाये तथा एक बेहतर भविष्य के लिए योजना बनायी जा सके। महासभा ने मंत्री को 10 सूत्री एक ज्ञापन पत्र भी सौंपा।

### कृषि उपकरणों की खरीद बिक्री की हो जांच

पंकज राय ने प्रदेश में बागवानी मिशन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा करने के लिए मंत्री से निवेदन किया। कहा कि महासभा के द्वारा तमाम ऐसे आंकड़े इकट्ठे किये गये हैं जिनके आधार पर पता लगता है कि विभागीय स्तर पर कृषि उपकरणों की खरीद बिक्री के नाम पर अनियमितता बरती गयी है। कुछ दिनों पहले प्रिजर्वेशन यूनिट की खबर मीडिया में प्रमुखता से आयी भी थीं। महासभा के महासचिव उपेंद्र गुरु ने कहा कि झारखंड में मोटे अनाजों के उत्पादन की अकूत संभावना है। अगर सही नीतियों एवं योजनाओं को धरातल पर उतारा जाये तो झारखंड मडुआ के उत्पादन के साथ-साथ अन्य मोटे अनाजों के उत्पादन में अग्रणी राज्य बन सकता है।

---

# छह लोगों ने किया नाबालिग से दुष्कर्म, तीन दिन तक दबी रही बात

## तबीयत बिगड़ी तो डॉक्टरों ने दी पुलिस को सूचना

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** दुमका जिला में 14 साल की नाबालिग से छह लोगों ने बलात्कार किया। दो दिनों तक गांव में ही यह मामला दबा रहा। किसी ने इस मामले में शिकायत नहीं की। पीड़िता की हालत जब खराब होने लगी तो उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसके बाद यह मामला सामने आया।

### क्या है मामला

दुमका जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 14 साल की एक नाबालिग के साथ छह युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। यह घटना 14 जनवरी की है। लड़की अपने गांव में सोहराय मना रही थी। देर शाम तक नृत्य-संगीत चल रहा था। इसी बीच उसको छह युवक उठा कर ले गये और सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता को झाड़ी के पास छोड़ कर सभी फरार हो गये।

### घटना के बाद दबी रही बात

घटना के बाद पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची। तीन दिनों तक मामला गांव में ही दबा रहा। पुलिस-प्रशासन कहीं इसकी शिकायत नहीं की गयी। जानकारी के मुताबिक अत्यधिक रक्तस्राव के कारण पीड़िता की हालत खराब होने लगी। तब परिवारवालों ने उसे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस पीड़िता से बयान लेने पहुंची, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण बयान नहीं ले पायी। हालांकि पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद कार्रवाई करते हुए दो आरोपी जरनेल किस्कू और सनातन किस्कू को गिरफ्तार किया।

### प्रशासन ने की मदद

इस मामले में गिरफ्तार किये गये दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। दुमका के एसपी अंबर लकड़ा ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। पीड़िता के बेहतर इलाज के लिए जिला प्रशासन की ओर से एक लाख रुपये की सहायता दी गयी है।

---

## राहुल गांधी की याचिका पर 8 फरवरी को होगी झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई

# राहुल गांधी की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने के लिए मांगा गया समय

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस के वर्ष 2018 के अधिवेशन में टिप्पणी करने से जुड़े चाइबासा कोर्ट में दर्ज केस को निरस्त करने को लेकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा दाखिल याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में वादी राहुल गांधी की ओर से हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने के लिए कोर्ट से 2 सप्ताह के समय की मांग की गयी। इस पर कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 8 फरवरी निर्धारित की है। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार साहू एवं गौतम कुमार ने पैरवी की। मामले में प्रतिवादी प्रताप कुमार की ओर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया जा चुका है। दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है। जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही पॉसिबल है। इसे लेकर भाजपा नेता प्रताप कुमार ने चाइबासा कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायतवाद दर्ज करायी थी, जिस पर चाइबासा कोर्ट ने संज्ञान ले लिया था। इसी संज्ञान आदेश को राहुल गांधी ने हाइकोर्ट में चुनौती दी है। शिकायतकर्ता भाजपा नेता प्रताप कुमार ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करते हुए कहा है कि अमित शाह के खिलाफ जितने भी केस थे, उनमें से बरी हो चुके हैं ऐसे में राहुल गांधी की ओर से कैसे ऐसा स्टेटमेंट दिया गया है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel



# धुर्वा कोर कैपिटल में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर अब हेमंत सरकार खुद बनवायेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोर कैपिटल में निर्माणधीन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण अब खुद झारखंड सरकार करायेगी। इसकी सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है। उद्योग विभाग के बजट में से इस योजना के लिए और राशि का प्रावधान कर लिया जायेगा। जल्द इसे कैबिनेट से पास करा लिया जायेगा। संभवतः अप्रैल के बाद इसका निर्माण कार्य सरकार शुरू कर देगी। बताते चलें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 29 जुलाई को धुर्वा कोर कैपिटल में (विधानसभा के बगल) में इसका शिलान्यास किया था। यह योजना केंद्र और राज्य सरकार के 50:50 प्रतिशत अंशदान पर बनी थी। मगर योजना को शुरू करने में हुई देरी के बाद केंद्र सरकार ने अपने हिस्से की राशि देने से मना कर दिया। इसके बाद से इस



योजना पर प्रश्न चिह्न खड़ा हो गया था। यह योजना झारखंड उद्योग के अधीन झारखंड इंडस्ट्रीज इंफ्रास्कट्रचर कॉरपोरेशन की थी। यह पूरी योजना लगभग 44 करोड़ की थी।

### वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से इन फायदों की हुई थी घोषणा

इसके निर्माण हो जाने से सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने का दावा किया गया है। कौशल विकास और बड़े निवेश होने की घोषणा की गयी थी। इसका निर्माण होने के साथ ही राज्य से निर्यात आधारित कारोबार को बढ़ावा मिलने का दावा किया गया है। राज्य सरकार वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण कर बुनियादी सुविधा को बढ़ावा देने का वादा किया है। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, रांची कृषि खाद्य उत्पाद, कपड़ा, तसर उत्पाद और इंजीनियरिंग सामान के निर्यात को बढ़ावा देगा। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कारोबार को विदेश के साथ देश के अन्य राज्यों से जोड़ने में मदद मिलेगी। इससे राज्य के निर्यात कारोबार को बढ़ावा मिलेगा। झारखंड के युवाओं को भी रोजगार के अनेक अवसर मिलेंगे।

इसका उद्देश्य है बड़े-बड़े उद्योगों के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। झारखंड में महिलाओं द्वारा निर्मित पलाश ब्रांड इसके जरिए बाजार देने की बातें कही गयी हैं। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के माध्यम 12 बाजार हजार करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है।

# साहिबगंज में खनन माफियाओं ने पत्थर तस्करी का निकाला नया तरीका: बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि साहिबगंज में खनन माफियाओं ने चोरी के पत्थरों को गंगा पार कराने का धंधा फिर से शुरू कर दिया है। इस बार माफियाओं ने यह धंधा नये तरीके से शुरू किया है। ट्वीट कर बाबूलाल ने कहा कि एक दिन के चालान पर उसी गाड़ी से तीन खेप पत्थर गंगा में पार कराये जा रहे हैं। पहली खेप तय सरकारी भाड़ा से भेजा जाता है, जबकि दूसरे और तीसरे खेप में चोरी के पत्थर ट्रकों में लादकर मालवाहक जहाज से भेजे जाते हैं। इसके लिए रेट भी फिक्स है। दस चक्का ट्रक के लिए 5 हजार, 12 चक्का ट्रक के लिए 6 हजार और 14



चक्का ट्रक के लिए 7 हजार अवैध रकम निर्धारित है।

### वसूली का पैसा बीच रास्ते से ही नाव से हटा दिया जाता है

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अवैध पत्थरों को दूसरे और तीसरे खेप में गंगा पार कराने के लिए वसूले गये अतिरिक्त पैसों को गंगा के बीच में ही दूसरे नाव से हटा दिया जाता है, ताकि गंगा किनारे कोई एजेंसी चेकिंग के दौरान अवैध वसूली वाले रकम को पकड़ न सके।

### सचिव स्तर के अधिकारियों की टीम भेज जांच करायें सीएम

बाबूलाल ने कहा कि साहिबगंज खनन घोटाले में इडी की गिरफ्त में आये माफियाओं के केस-मुकदमों में खर्च का पैसा जुटाने के लिए यह गोरखधंधा किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि एक और घोटाला एजेंसियों की पकड़ में आये, उससे पहले रांची से सचिव स्तर के अधिकारी की टीम भेजकर मामले की जांच करायी जाये। वरना पापी पेट के चक्कर में माफिया मुख्यमंत्री को ही नये झमेले में फंसा देंगे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in** / संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, **www.centralcoalfields.in**) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

# मुख्यमंत्री ने कोडरमा और गिरिडीह जिले की योजनाओं की समीक्षा की

# शहरों की तरह गांवों में भी सुविधाएं बहाल करें: हेमंत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश, कहा- अपने कार्यों के प्रति इमानदारी बरतें और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें**

**गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि 2023 क्रियान्वयन का वर्ष है। सरकार की कई योजनाएं चल रही हैं। इन योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो। योजनाएं धरातल पर उतरें और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को इसका लाभ मिले, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कड़ी में हर जिले में चल रही योजनाओं की लगातार निगरानी होगी। वरीय अधिकारियों के साथ मैं स्वयं जिलों में जाकर इसकी समीक्षा करूंगा। अगर कोई समस्या आ रही है तो उसकी गहरायी तक जायेंगे और उसका समाधान करेंगे। ताकि, व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा सके। मुख्यमंत्री बुधवार को नगर भवन में गिरिडीह और कोडरमा जिले में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे।

### नये वर्ष में नये जोश के साथ काम करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नये वर्ष में नये जोश के साथ काम करें। सभी विभागों के अधिकारी समन्वय स्थापित कर पूरी निष्ठा और इमानदारी के साथ अपने दायित्व और कार्यों का निर्वहन करेंगे, तो निश्चित तौर पर हमारी जो सोच है, हमारा जो उद्देश्य है, उसे हासिल कर पायेंगे। अगर आप अपने कार्यों को सही तरीके से नहीं करेंगे तो समाज में अराजकता और अपराध समेत अन्य घटनाएं बढ़ जायेंगी। ऐसे हालात में आप खुद भी शर्मिंदगी महसूस करेंगे। मैं नहीं चाहता कि ऐसी स्थिति पैदा हो। आप कड़ी मेहनत करें और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाएं, ताकि इसका फायदा पूरे राज्य को मिले।

### प्रेजेंटेशन आकर्षक, धरातल पर कुछ और

मुख्यमंत्री ने समीक्षा के क्रम में अधिकारियों से कहा कि आपने यहां विभिन्न योजनाओं की प्रगति का प्रेजेंटेशन काफी आकर्षक तरीके से दिया है, लेकिन ग्राउंड रियलिटी कुछ और कहती है। हमें यथार्थ में जड़ को मजबूत करना है, ताकि सरकार की जो भी योजनाएं चल रही हैं, उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से और धरातल पर हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों से शहरों की




ओर पलायन लगातार बढ़ रहा है। कोरोना काल में हमें पता चला कि यहां से बड़ी संख्या में काम के लिए लोगों का पलायन होता है। मेरा मानना है कि जिस तरह से शहरीकरण हो रहा है, वह हम सभी के लिए बड़ी चुनौती है। शहरों में सुविधाएं तो हैं, लेकिन उससे कहीं ज्यादा समस्याएं भी हैं। गांव में आज भी लोग अपने घरों में बिना ताला लगाये कहीं जा सकते हैं पर शहरों में ऐसी स्थिति नहीं है। इसी वजह से सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने पर विशेष जोर दे रही है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ा रहे हैं कनेक्टिविटी:

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में जिस तरह की सुविधाएं लोगों को मिल रही हैं, वैसी सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध हो, इसका प्रयास सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में बिजली, पानी, सड़क और इंटरनेट जैसी कनेक्टिविटी मजबूत किया जा रहा है ताकि इसका लाभ ग्रामीणों को अपने ही गांव -घर में मिल सके। उन्होंने कहा कि यह सही है कि राज्य से हो रहे पलायन को हम रोक नहीं सकते हैं। लेकिन, एक ऐसी व्यवस्था जरूर खड़ा कर सकते हैं, जहां लोगों को वैसे कार्य या रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं, जिसके लिए लोग दूसरे राज्यों का रुख करते हैं। इसके लिए पूरी इमानदारी से कार्य करने की जरूरत है।

### बजट की 45 प्रतिशत राशि वेतन पर खर्च:

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुल बजट की 45 प्रतिशत राशि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन इत्यादि के मद में खर्च होता है। अगर गिरिडीह और कोडरमा जिले की सिर्फ बात करें तो यहां लगभग 450 पंचायतें हैं, जबकि विभिन्न विभागों में कार्य कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या 10,000 से ज्यादा होगी। इसके बाद भी अगर पंचायतों का अपेक्षित विकास नहीं हो तो यह चिंता की बात है। हमें ऐसे हालात बदलने होंगे और इसमें अधिकारियों व कर्मचारियों को बेहतर तरीके से अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा।

### बैंकों का नहीं मिल रहा अपेक्षित सहयोग:

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बैंकों का सहयोग काफी जरूरी है। लेकिन, बैंकों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां की एक बड़ी आबादी आदिवासियों और दलितों की है फिर भी उन्हें बैंकों की निष्क्रियता की वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मैं इस बात से केंद्र सरकार को अवगत कराऊंगा, ताकि बैंकों का पूरा सहयोग राज्य को मिले।

### इन योजनाओं की समीक्षा:

बैठक में मुख्यमंत्री ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, राजस्व न्यायालय, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं एवं जिलों के विधि-व्यवस्था की समीक्षा की।

### बैठक में थे मौजूद

समीक्षा बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार, गांडेय विधायक सरफराज अहमद, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**रांची मंडल में डी एंड ई श्रेणी स्टेशनों पर मल्टी-परपज स्टालों को प्रदान करने के लिए ई-निविदा अधिसूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रम.सं. 1, निविदा अधिसूचना सं. : एमपीएस-17-जीएमयू-वीमेन-मूरी। एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-17। **स्टेशन :** मुरी। **स्थान :** पीएफ-1 (एफओबी तथा पे एंड यूज टॉयलेट के बीच में)। **आरक्षित श्रेणी:** जीएमयू (महिला)। **क्रम.सं. 2, निविदा अधिसूचना सं. : एमपीएस-11-जीएमयू-मूरी। एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-11। **स्टेशन :** मुरी। **स्थान:** पीएफ-2 एवं 3 (बीकेएससी छोर की ओर पोल सं. 353/26ए के पास)। **आरक्षित वर्ग :** जीएमयू। **क्रम.सं. 3, निविदा अधिसूचना सं. : एमपीएस-12-एसएमयू-माइनोरिटीज-जेएए। एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-12। **स्टेशन :** झालिदा। **स्थान :** पीएफ-1 (एफओबी एवं पोल सं. 365/37 के बीच)। **आरक्षित वर्ग :** एसएमयू/अल्पसंख्यक। **क्रम.सं. 4, निविदा अधिसूचना सं. : एमपीएस-13-जीएमयू-आरएमटी। एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-13। **स्टेशन :** रामगढ़। **स्थान :** पीएफ-1 (एफओबी एवं अपर क्लास वेटिंग हॉल के बीच में)। **आरक्षित वर्ग :** जीएमयू। **क्रम.सं. 5, निविदा अधिसूचना सं. : एमपीएस-18-जीएमयू-सिल्ली। एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-18। **स्टेशन :** सिल्ली। **स्थान:** पीएफ-2 एवं 3 (किता की ओर एफओबी से 3 मीटर)। **आरक्षित वर्ग :** जीएमयू। **क्र.सं. सं. 6, निविदा अधिसूचना सं. : एमपीएस-19-जीएमयू-एफएफडब्ल्यूडब्ल्यू-एसएसआई। एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-19। **स्टेशन:** सुइसा। **स्थान :** पीएफ-1 (तिरुलडीह की ओर स्टेशन भवन से 26 फीट)। **आरक्षित श्रेणी:** जीएमयू (महिला) (एफएफडब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूआरई)। **क्रम सं. 7, निविदा अधिसूचना सं. :** एमपीएस-20-एसएमयू-ओबीसी-तोरंग। **एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-20। **स्टेशन:** तोरंग। **स्थान:** पीएफ-1 (सईसा की ओर हैंडपंप एवं रैंप के बीच)। **आरक्षित श्रेणी:** एसएमयू (अपिव)। **क्रम.सं. 8, निविदा अधिसूचना सं. :** एमपीएस-21-एसएमयू-ओबीसी-महिला-जीबीएक्स। **एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-21। **स्टेशन :** गोविंदपुर रोड। **स्थान :** पीएफ-1 (एफओबी के पार 5.10 मीटर)। **आरक्षित श्रेणी:** एसएमयू (ओबीसी) (महिला)। **क्रम.सं. 9, निविदा अधिसूचना सं. :** एमपीएस-22-एसएमयू-एससी-वीमेन-पीआईएस। **एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-22। **स्टेशन :** पिस्का। **स्थान :** आईलैंड प्लेटफार्म (प्लेटफार्म शेड के बीच में)। **आरक्षित श्रेणी:** एसएमयू (अजा) (महिला)। **क्रम.सं. 10, निविदा अधिसूचना सं. : एमपीएस-23-एसएमयू-एसटी-टीजीबी। एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-23। **स्टेशन :** तंगबासुली। **स्थान:** आईलैंड प्लेटफार्म (एफओबी के पार)। **आरक्षित श्रेणी:** एसएमयू (अजजा)। **क्रम.सं. 11, निविदा अधिसूचना सं. : एमपीएस-24-जीएमयू-नागजुआ। एमपीएस यूनिट:** एमपीएस-24। **स्टेशन :** नागजुआ। **स्थान:** आईलैंड प्लेटफार्म (एफओबी के पार)। **आरक्षित वर्ग:** जीएमयू। **अनंतिम न्यूनतम वार्षिक आरक्षित मूल्य :** रु. 3,81,500/- (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए) तथा रु. 36,500/- (क्रम सं. 3 से 11 के लिए)। **बयाना राशि :** रु. 1,01,300/- (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए) तथा रु. 9,700/- (क्रम सं. 3 से 11 के लिए)। **निविदा की कीमत :** रु. 2,500/- के साथ 18% जीएसटी प्रत्येक मल्टीपरपज स्टॉल के लिए। **ठेका की अवधि:** 5 वर्ष प्रत्येक के लिए। पूरी बोली प्रक्रिया ऑनलाइन (ई-निविदा) होगी। इस निविदा सूचना दिनांकित **17.01.2023** के संबंध में सभी अधिसूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित की गई है। बोली दस्तावेज को **17.01.2023 से 09.02.2023** तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा एवं अपलोड किया जा सकता है। बोली दिनांक **17.01.2023** से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जा सकती है। बोली जमा करने की अंतिम तारीख **09.02.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक** है तथा इसे **09.02.2023 को अपराह्न 03.30** बजे खोला जाएगा।

**(PR-1022)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से मिलेगी एयर एंबुलेंस और चार्टर्ड विमान की सुविधा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से लोगों को एयर एंबुलेंस, हेलीकॉप्टर व चार्टर विमान की सुविधा मिलेगी। यह सेवा झंकार एवियेशन द्वारा 20 जनवरी से शुरू किया जायेगा। इसके लिए एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग में कार्यालय भी खोला गया है। इस बाबत झंकार एवियेशन के अधिकारी ने बताया कि यह सेवा पहली बार लोगों को बिरसा बिरसा एयरपोर्ट से मिलेगी। पहले जरूरतमंद लोग एयर एंबुलेंस ऑनलाइन आरक्षित करते थे। इसमें काफी समय लगता था। पैसा भी अधिक भुगतान करना पड़ता था। साथ ही ठगी की भी संभावना बनी रहती थी। झंकार एवियेशन द्वारा देश के किसी भी बड़े अस्पताल के लिए एयर एंबुलेंस की बुकिंग की जायेगी। वहीं शादी-विवाह व आवश्यक कार्य के लिए चाटर्ड विमान की सुविधा मिलेगी। हेलीकॉप्टर से गंतव्य तक पहुंचाने से लेकर शादी-विवाह व अन्य आयोजन में पुष्प वर्षा की भी सुविधा दी जायेगी। इसके लिए कंपनी द्वारा टॉल फ्री नंबर जारी किया गया है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | समय अनुकूल है, महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा। |
| वृष | विरोधियों पर विजय, संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी। |
| मिथुन | वाक-पटुता एवं चतुराई से बिगड़े हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। |
| कर्क | निराशा का समापन, नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ। |
| सिंह | परिश्रम-प्रयत्न से विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगा। |
| कन्या | नयी आशाएं उदित होंगी, धनागम के अवसर बढ़ेंगे, अवसरों का फायदा उठावें। |
| तुला | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट। |
| वृश्चिक | हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। |
| धनु | निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। |
| मकर | थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद होगी। |
| कुंभ | अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा। |
| मीन | घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। |

# गृह मंत्री अमित शाह ने एक्सीलेंस इन गवर्नेंस अवार्ड से किया सम्मानित

# देवघर के मंजूनाथ भजंत्री बने देश के सर्वश्रेष्ठ उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर।** देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को मंगलवार को दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह ने एक्सीलेंस इन गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित किया है। राष्ट्रीय स्तर का यह अवार्ड देवघर मार्ट बनाकर देवघर के लघु एवं कुटीर उद्यमियों को बाजार से जोड़ने की पहल के लिए दिया गया है। देवघर मार्ट की लांचिंग पिछले साल दिसंबर में हुई थी। देवघर मार्ट एक प्लेटफार्म है, जिसमें स्थानीय आर्टिजन के उत्पाद का क्रय-विक्रय आनलाइन हो रहा है। सम्मानित होने के बाद उपायुक्त को बधाइयां मिल रही हैं। उन्होंने कहा है कि देवघर वासियों के सहयोग से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम वर्ग के उद्यमों को प्रोत्साहित करने के लिए यह अवार्ड मिला है। सबके सहयोग से बेहतर, स्वस्थ्य, स्वच्छ और सुंदर बनाने की कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा एक्सीलेंस इन गवर्नेंस अवार्ड एमएसएमइ की श्रेणी में देश का सर्वश्रेष्ठ उपायुक्त चुने जाने पर दिया गया है। इसके लिए समस्त देवघरवासी को बधाई।

### अब धार्मिक नहीं, कुटीर उद्योग के लिए भी जाना जायेगा देवघर

देवघर की ख्याति अब तक धार्मिक स्थल के रूप में है। आने वाले समय में पूरी दुनियां में यहां के कुटीर उद्योग के उत्पाद का



डंका बजने लगेगा। जिला प्रशासन ने एक बड़ी सोच के साथ इ-कामर्स मार्केट प्लेस देवघर मार्ट को पिछले साल लांच किया। देवघर मार्ट डाट काम वेबसाइट पर आप जाकर अपने पसंदीदा उत्पाद की बुकिंग कर सकते हैं। आनलाइन पेमेंट करने के बाद पसंद की हुई वस्तु गंतव्य तक पहुंच जायेगी।

### पिछले साल हुई थी देवघर मार्ट की लॉंचिंग

15 नवंबर 2021 को सूबे के कृषि मंत्री ने देवघर में इसकी लांचिंग की थी और पहला ग्राहक बनकर मां के लिए लहठी और बांस का बना सामान खरीदा था। उसके बाद अब तक तकरीबन एक लाख का कारोबार हो चुका है। इसमें मुंबई के ठाणे, सोलापुर से बांस से निर्मित घरेलू उपयोग में आने वाले सामान और बाबाधाम के मशहूर पेड़े की बुकिंग हुई है।

### आत्मनिर्भर देवघर की पहल

देवघर आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए कुटीर उद्योग में लगे कारीगर को घर बैठे रोजगार और बाजार देने की मजबूत पहल की गयी है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इसकी परिकल्पना की और हर हाथ को काम देने की यात्रा शुरू की। आने वाला कल देवघर के कारीगरों का होगा। इसमें बाबा नगरी के पेड़े से लेकर लोहे की कड़ाही और बांस के बने उत्पाद को राष्ट्रीय बाजार मिलेगा। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया गया है। पचास से अधिक उत्पाद को देवघर मार्ट वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। उसकी कीमत दर्ज है। उस साइट पर जाकर अपने पसंदीदा उत्पाद को पसंद कर आर्डर किया जा सकता है।

### बुकिंग से सामान घर पहुंचने तक का यह है प्रॉसेस

वेबसाइट पर जाते ही कैटेगरी सर्च करना होता है। उपलब्ध सामान को पसंद करें उसके सामने कीमत लिखा हुआ है। आनलाइन बुकिंग और पेमेंट का विकल्प है। जैसे ही उपभोक्ता के द्वारा उत्पाद का बुकिंग किया जायेगा, संबंधित वेंडर के पास सामान की बुकिंग का मेल चला जायेगा। वेंडर जब सामान की पैकेजिंग करता है तब वह वेबसाइट संचालक क्लाउड टेक कंपनी को मेल से सूचित करता है। इसकी सूचना कोरियर कंपनी को भेजी जाती है। कोरियर से आर्डर की डिलिवरी होते ही संबंधित वेंडर को कंपनी के एकाउंट से स्वतः पेमेंट चला जाता है।

### कारीगरों को मिलेगा मेहनत का फल: उपायुक्त मंजूनाथ

इस बारे में देवघर के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा, देवघर मार्ट यहां के कुटीर उद्योग को राष्ट्रीय फलक पर एक नयी पहचान देगा। आत्मनिर्भर देवघर बनाने में यह मील का पत्थर साबित होगा। बांस का घरेलू उपयोग में आने वाला सामान, लोहे की कड़ाही, सखुआ का पत्तल, मिट्टी का कुल्हड़ या बर्तन बनाने के पेशा में जुटे कारीगरों को घर बैठे रोजगार मिलेगा और उनको उनकी मेहनत का उचित दाम भी मिलेगा।

# संविदाकर्मी को करें नियमित : हाइकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश आनंदा सेन की अदालत ने बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना देवघर में संविदा पर कार्य कर रहे सहायक प्रोग्राम ऑफिसर अलका कुमारी को नियमित करने का आदेश दिया है। अदालत ने प्रार्थी के अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव दलीलों को मानते हुए यह आदेश दिया है। प्रार्थी के अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि अलका बीते 14 सालों से कार्यरत हैं। सेवा शर्त नियमित करने की अधिनियम 2015 के तहत उसे नियमित किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं ने उमा देवी एवं नरेंद्र तिवारी केस का भी हवाला दिया।

# भाकपा माओवादी संगठन ने 22 जनवरी को झारखंड बंद का किया एलान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाकपा माओवादी ने 22 जनवरी को झारखंड बंद की घोषणा की है। यह घोषणा माओवादी संगठन के रिजनल कमेटी मेंबर और 15 लाख के इनामी कृष्णा हांसदा की गिरफ्तारी के खिलाफ किया गया है। बंद की घोषणा भाकपा माओवादी झारखंड रिजनल कमेटी के प्रवक्ता आजाद ने प्रेस बयान जारी कर किया है। बंद से अस्पताल, एंबुलेंस, दूध, पानी, अखबार, मेडिकल को मुक्त रखा जायेगा। आजाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा 13 जनवरी को पुलिस और अर्धसैनिक बलों द्वारा डुमरी के फतेहपुर गांव से भाकपा माओवादी झारखंड रिजनल कमेटी सदस्य सह उत्तरी छोटानागपुर जोनल कमेटी के सचिव कृष्णा हांसदा को एक अन्य साथी के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि रेणूका मुर्मू को देवघर के जसीडीह थाना इलाके के चपरिया गांव से गिरफ्तार किया गया। संगठन की गोपनीय जानकारी लेने के लिए इन्हें काफी यातनाएं दी गयीं। गिरफ्तार किये गये इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा को जेल भेज दिया है। गिरिडीह पुलिस ने मंगलवार को कृष्णा को मीडिया के समक्ष पेश किया था।

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या 05-MC-RehabBOXNHL-2022-23** **दिनांक 16–01–2023**

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यो के निष्पादन के लिए ई–निविदा (e-open tender) Two Packet System मे आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम तथा स्थान:** धनबाद मंडल के अन्तर्गत BOXNHL वैगन (मात्रा–700 वैगन) का पुनर्वास कार्य। **2. कार्य का अनुमानित लागत:** रू. 30,35,03,504.74 (रूपया तीस करोड़ पैतीस लाख तीन हजार पांच सौ चार एवं पैसे चौहतर) मात्र। **3. बयाना राशि:** रू. 16,67,500/– (रूपया सोलह लाख सरसठ हजार पांच सौ) मात्र। **4. निविदा जमा करने का तारीख तथा समय:** ई–निविदा जमा करने का तारीख 21.01.2023 से 04.02.2023 को 14.00 बजे तक। **5. निविदा खुलने का तारीख तथा समय:** 06/02/2023 को 12.30 बजे। **6. वेबसाईट विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

**वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि), पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/1918/डीएचएन/एमईसीएच/टी/22–23/32**

## खदान में डूबे युवक का शव सात दिनों बाद बरामद



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** डोमचांच थाना क्षेत्र के गुहदर स्थित बंद खदान मे डूबे हुए युवक रविन्द्र कुमार मेहता का शव 7 दिनो बाद बुधवार की सुबह बरामद किया गया। दो दिन पहले महेशपुर चौक पर रविन्द्र कुमार मेहता के परिजन अपनी मांगों को लेकर सोमवार को आमरण अनशन पर बैठ गये थे। ज्ञात हो कि रविंद्र कुमार मेहता की डोमचांच के शमशान घाट के निकट बंद पड़े पत्थर खदान में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गयी थी। एनडीआरएफ की टीम चार दिनों से शव को निकालने के प्रयास में जुटी थी पर सफलता नहीं मिल रही थी। बुधवार की सुबह खदान से शव को निकाला जा सका जिसके बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया और अंत्यपरीक्षण के बाद परिजनों को सौंपा गया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सेक्रेड हार्ट स्कूल विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के वरीय सदस्य राजकुमार वोहरा और संचालन प्राचार्य नवीन कुमार ने किया। बैठक में पूर्व के एजेंडों को पास किया गया और भावी एजेंटों पर चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा और फरवरी में आयोजित विद्यालय की वार्षिक परीक्षा और सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि हमारी योजना विद्यालय से अभिभावकों को भी जोड़ने की है। शिक्षक और अभिभावक तालमेल के साथ काम करेंगे तो छात्रों का विकास तीव्र गति से होगा। इस दौरान इंटर स्कूल क्रिकेट टूनार्मेंट में विद्यालय की शानदार जीत पर टीम को बधाई दी गई। धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य नवीन कुमार ने किया। मौके पर एसएमसी सदस्यों में आरिफ अंसारी, सुरेंद्र मिस्त्री, प्रवीण कुमार, सुभय कुमार, छात्र प्रतिनिधि प्रिया कुमारी के अलावा सीमा जैन, रंजीता कुमारी, रेणु सेठ, दीक्षा सिंह और अलका सिंह मौजूद थे।

## वाहन की चपेट में आने से लूना सवार घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को कोडरमा थाना अंतर्गत पांडेडीह के पास वाहन की चपेट में आने से लूना सवार एक व्यक्ति घायल हो गए। घायल जेनार शेख (उम्र 65 साल ग्राम दर्जीचक) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी लूना से घूम-घूम कर फेरी का काम करता है। जयनगर की तरफ जाने के दौरान पांडेडीह के पास वाहन की चपेट में आने से उक्त व्यक्ति घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से घायल को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## अलग-अलग घटना में एक व्यक्ति और एक युवती घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को दो अलग-अलग मामले में एक व्यक्ति और एक युवती घायल हो गयी। पहला मामला कोडरमा थाना क्षेत्र के बसधरवा में मंदिर में काम करने के दौरान कारण अचानक मधुमक्खी के काटने से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल के पहचान महेंद्र पासवान उम्र 40 वर्ष पिता लालधारी पासवान ग्राम इंदरवा बस्ती तिलैया के रूप में हुई है। वहीं दूसरा मामला जहर खाकर युवती आत्महत्या की कोशिश का है। गिरिडीह थाना क्षेत्र के अरखांगो में एक युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। युवती मालती कुमारी (उम्र 16 वर्ष, पिता बसंत कुमार ग्राम अरखंगो) ने घरेलू विवाद के बाद बाजार से जहर लाकर खा लिया। अचानक तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया है।

## अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गये अनुबंध चिकित्साकर्मी



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अनुबंध पारा चिकित्सा कर्मचारी संघ और अनुबंध एएनएम जीएनएम कर्मचारी संघ के संयुक्त आह्वान पर पूरे राज्य के अनुबंध कर्मचारी मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। राज्य में जहां राज्य भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन जारी है वही मरकच्चो प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकचो के अनुबंध कर्मचारी हड़ताल पर जाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकचो के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को लिखित आवेदन देते हुए धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। मरकच्चो प्रखंड में अनुबंध पर कार्यरत सभी एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस मौके पर जीएनएम संगीता खाखा, एएनएम रीता शर्मा, सोनी कुमारी, कुमारी ममता यादव, सीमा कुमारी, दिव्या गुलाब एक्का, रत्ना सिन्हा, शोभा कुमारी, कविता कुमारी, पूजा कुमारी, रीता कुमारी, अर्चना कुमारी, रिदम कुमारी, दयमंती कुमारी, सविता कुमारी, विमल कुमारी, किरण केरकेट्टा, रीता कुमारी, नंदनी कुमारी, हीरामणि ज्योति, शकुंतला कुमारी, सुनीता कुमारी, संध्या कुमारी, बबीता कुमारी उपस्थित थे।

## सरकारी शिक्षकों को दिया जा रहा योग का प्रशिक्षण



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग (आयुष) के तहत जिले के मरकच्चो प्रखंड स्थित सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय में 15 जनवरी से सरकारी शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिला योग प्रशिक्षक सुनील कुमार के द्वारा तीन पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला योग प्रशिक्षक सुनील कुमार ने बताया कि अभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है और अप्रशिक्षित शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने विद्यालयों में बच्चों को योग सिखाने का कार्य करेंगे। योग प्रशिक्षक सुनील कुमार ने कहा कि? करें योग, रहें निरोग। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी शिक्षक योग का प्रशिक्षण देना है, ताकि वे विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी प्रशिक्षित करें। इसके तहत बुधवार को योग आसन प्राणायाम एक्यूप्रेशर योग मुद्र इत्यादि विषयों पर ज्ञान दिए गए। मौके पर सर्वोदय + 2 उच्च विद्यालय के प्राचार्य धर्मचंद मंडल, सौरभ कुमार पांडे, श्रीकांत कुमार, नवीन कुमार पांडे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहादुरपुर के प्रधानाध्यापक सुशील राम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसाबाद के प्रधानाध्यापक कृष्णदेव यादव, राजू दास, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिमर कुंडी के रितेश्वर कुमार, दीपक कुमार साहू, उत्क्रमित मध्य विद्यालय झाबुआ तरी के नुनु लाल प्रसाद यादव, बहादुर यादव समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

## डॉ शरद ने दो टीबी मरीजों को गोद लिया

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल कोडरमा के दन्त चिकित्सा पदाधिकारी सह नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शरद कुमार ने प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले के दो टी बी मरीजों को गोद लिया। साथ ही उन्होंने मरीज को पोषण आहार किट भी दिया।अगले छह महीने तक डॉ शरद कुमार द्वारा हर महीने दोनो मरीजो को पोषण आहार किट दिया जाएगा। डॉ शरद कुमार ने कहा कि उनके इस से प्रयास और मदद से अगर जिले दो मरीज टीबी से मुक्त हो जाते है तो उन्हें बहुत खुशी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि दवा तो मरीजों को मुफ्त मिल जाती है पर उसके साथ उन्हें अच्छी आहार की जरूरत होती है जो गरीबों को नही मिल पाती। इस उद्देश्य से इस अभियान की शुरूआत की गई है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रमण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान का मकसद है कि 2025 तक भारत को टी बी मुक्त देश घोषित किया जा सके। उन्होंने जिले के अन्य चिकित्सकों, पदाधिकारियों एवं अन्य संगठनों से भी अपील की है कि इस अभियान के तहद ज्यादा से ज्यादा लोग आगे आएं और कोडरमा जिले को टी बी मुक्त करने के लिए टी बी मरीजो को गोद लें।

### गणतंत्र दिवस के तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त ने की बैठक

# राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा : नैंसी सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के तैयारियों के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक मे उन्होने गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य व आकर्षक रूप से मनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। झंडोतोलन कार्यक्रम के संबंध में उन्होंने कहा 8 बजे उपायुक्त आवास,8:10 बजे शहीद स्मारक, पुलिस लाइन 8:30 बजे,मुख्य समारोह स्थल (स्थानीय कर्जन ग्राउण्ड) में 09:05 बजे,आयुक्त कार्यालय 10 बजे, उपायुक्त कार्यालय 10:15 बजे पर झंडोत्तोलन का आयोजन किया जायेगा। झंडोत्तोलन के अवसर पर परेड, राष्ट्रीय ध्वज को सलामी सम्मान सार्जेंट मेजर द्वारा की जाएगी। परेड में झारखंड सैन्य पुलिस,बीएसएफ मेरु एवं सीआरपीएफ के एक एक प्लाटून बल रहेंगे तथा जिला सशस्त्र बल के 2 प्लाटून रहेगें। पार्टी बैंड की व्यवस्था बीएसएफ मेरु कैंप के स्तर से करने की जाएगी। 24 जनवरी को जवानों द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल परेड का आयोजन किया जायेगा। वेल्स क्रिकेट मैदान में मीडिया एकादश तथा प्रशासन एकादश के बीच एक दोस्ताना क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्थानीय विधालय के बच्चों व कलाकारों के द्वारा देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिला के स्वतन्त्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को भी जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा 25 जनवरी को कनहरी हिल से कर्जन्न ग्राउंड तक क्रॉस कंट्री दौड़, प्रभात फेरी में बच्चों की भागीदारी, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करने के संबंध में चर्चा की गई एवं संबंधितों को निर्देशित किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन, उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,अपर समाहर्ता राकेश रोशन, सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार, एसडीओ बरही पुनम कुजूर, ज़िला स्तर के पदाधिकारी, विभिन्न क्षेत्रों के कलाकार, एनजीओ के प्रतिनिधि व अन्य मौजूद थे।

## विवेकानंद सेवाश्रम विद्यालय का 33 वां स्थापना दिवस मना

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के अस्पताल चौक स्थित विवेकानंद सेवाश्रम विद्यालय का 33 वा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय छात्रों द्वारा गुरु वंदना, स्वागत गान कर शुरू किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ महेंद्र वैद्य ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विष्णुगढ़ हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक स्व गजानन्द मिश्र जी का सपना था कि सरकारी विद्यालयों से हट कर ऐसी विद्यालय विष्णुगढ़ में हो जिसमें बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी मिले यह सोचकर उन्होंने विवेकानंद सेवाश्रम की स्थापना की जो आज साकार हो रहा है जिसमे विद्यालय के प्राचार्य यशवंत मिश्र का बहुत बड़ा योगदान है इन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार व आध्यात्मिक ज्ञान का दीप जलाने का काम किया है।

## प्लस टू हाई स्कूल में शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के प्लस टू हाई स्कूल में अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा एवं मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि विद्यालय भवन का निर्माण डीएमएफटी से कराया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि एक वर्ष में भवन निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। 34 एवं 10 44 कमरा का निर्माण किया जायगा। विद्यालय सुंदर दिखेगी ।मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल और हमने तय किया कि विष्णुगढ़ प्लस टू हाई स्कूल में अतिरिक्त कमरा का निर्माण होना चाहिये ।हजारीबाग सांसद ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सफल होने के लिए तैयारी हमेशा करते रहना चाहिए, समझना जरूरी है ।परीक्षा हमेशा चलती रहती है चाहे वह पढ़ाई की हो या जिंदगी की हो ।उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार बेहतर तरीके से काम कर रही है। उन्होंने विद्यालय के ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में अव्वल आये विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मांडू विद्यायक जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि शिक्षा के छेत्र में निरंतर विकास के कार्य जारी है आगे भी चलता रहेगा। मौके पर जिप सदस्य दीपिका कुमारी, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा, शम्भू नाथ पांडेय, मण्डल अध्यक्ष किशोर कुमार मण्डल, उप प्रमुख सरयू साव, सुशील मण्डल, मुखिया निर्मल कुमार, पसस मुन्नी देवी, गुरु प्रसाद, हिरामन महतो, प्राचार्य फणीश्वरनाथ महतो, दिनेश मेहता, चेतलाल महतो, संजय कुमार महतो, रणजीत यादव, किशोर यादव, आदि उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय से जागरूकता रथ रवाना

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** झारखण्ड सरकार के द्वारा घोषित कृषि ऋण माफी योजना के तहत लाभुकों के इ केवाईसी हेतु जागरूकता अभियान रथ केरेडारी प्रखण्ड कार्यालय से बुधवार को रवाना हुआ। इस जागरूकता रथ को केरेडारी सीओ राकेश तिवारी,प्रमुख सुनीता देवी,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,मुखिया सोनिया देवी व प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना कियो मौके पर सुभास कुमार,मोहम्मद जेया, सौरव कुमार एवं कई कृषक मित्र मौजूद थे।

## 6 सूत्री मांगों को लेकर सड़क पर उतरे विस्थापित

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** बिरसा सेना विस्थापित मोर्चा चट्टी बारियातू के बैनर तले बुधवार को अपनी छः सूत्री मांगों को लेकर सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष सड़क पर काला बिल्ला लगाकर उतर गए। चट्टी बारियातू कोल खनन परियोजना से विस्थापित हो रहे ग्रामीणों ने जोरदाग, झुमरीटांड़, चट्टी, पगार, नावाडीह, काबेद समेत कई गांवों से होते हुए हाथों में कोल कंपनी के खिलाफ बैनर पोस्टर एवं काला बिल्ला लगाकर जमकर नारे लगाए व विरोध दर्ज कियो ज्ञातव्य हो कि विगत 2 जनवरी से विस्थापित ग्रामीण रैयत अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर ग्राम जोरदाग झुमरीटांड़ मे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस दौरान भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू करने,सीसीएल के तर्ज पर एक करोड़ मुआवजा देने,पुलिस प्रशासन पर झूठा केस कर दबाव डालने को लेकर आक्रोश व्यक्त कियो रैली के शक्ल में पहुँचे ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन कर रहे विस्थापित रैयत अपनी मांगों को लेकर लिखित मांगपत्र सौंपो मौके पर पूर्व विधायक निर्मला देवी ने कहा कि मेरे द्वारा लोगों के हक एवं अधिकार के लिए की गई लड़ाई एवं जनता की मांगों को पूरा करने के प्रयास के दौरान ही पूर्ववर्ती सरकार ने मुझे जेल भेजने का कार्य किया। हम कंपनी के खिलाफ नहीं बल्कि उनके नीतियों के खिलाफ है। सीसीएल के तर्ज पर करोड़ रुपए प्रति एकड़ का मुआवजा एवं नौकरी का प्रावधान एनटीपीसी में भी होना चाहिए। चट्टी बारियातू खनन परियोजना का 90% काम स्थानीय को दिया जाए,खनन परियोजना में बाहरी लोग लोगों को काम मिले ऐसा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर राम कुमार दुबे, लाला सोनी, मोहम्मद तसलीम, तपेश्वर साव, मोहम्मद राजा, मोहम्मद इसराइल, उमेश साव, शिवनाथ प्रसाद गुप्ता, संतोष राम, विनय साव, प्रिंस गुप्ता, बाबूलाल राम, विनोद राम, बलकु टाना भगत, वर्षा कुमारी, रीना देवी, बैजंती देवी, विमला देवी, बेबी देवी, अनीता देवी, उर्मिला देवी, बुधनी देवी, मालती देवी, फूलमती देवी, सुकरी देवी, मौसमत जीरा देवी, कविता देवी समेत भारी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## इचाक मोड़ से बरकट्ठा तक बायपास सड़क बनाने की मांग



**इचाक (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले नेता अनुज मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इचाक मोड़ से बरकट्ठा सड़क को चौड़ीकरण से पूर्व बायपास रोड निकलने की मांग प्रधान मंत्री एवम राज्य सरकार से किया है। उन्होंने कहा की सड़क चौड़ीकरण से कई गांव के सैकड़ों लोग बेरोजगार और बेघर हो जाएंगे। इसलिए इचाक मोड़ से करियातपुर तक बायपास निकाला जाए, ताकि हजारों लोगों का नया रोजगार करने का अवसर मिले और जो लोग रोजगार में है उनको भी बेरोजगारी का दंश झेलना ना पड़े। श्री मेहता ने कहा कि अगर सरकार इस पर विचार नहीं करती है तो हम सभी ईचाक वासी उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### बड़कागांव में विनोद बिहारी महतो स्मृति दिवस मनाया गया

# स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिये चुनाव लड़ा जाएगा : शिवलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव ।** बड़कागांव के सिकरी पंचायत के राजा बागी में विस्थापित प्रभावित मोर्चा के तत्वाधान में झारखंड के आंदोलनकारी बिहारी महतो की 32 वां स्मृति दिवस मनायी गयी। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो व संचालन अजय सिंह ने किया। मौके पर अतिथियों ने विनोद बिहारी महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिवलाल महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य हुए आज 22 वर्ष गुजर चुका है। किंतु आज तक बिनोद बिहारी महतो का सपना अधूरा है। जब तक राज्य की जनता जागरूक नहीं होगी तब तक हमारा अधिकार दूसरे लोग छीनते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव मजबूती से लड़ा जाएगा ।इस क्षेत्र की समस्या एवं विकास के लिए काम किया जाएगा । श्री महतो ने यह भी कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता कोल कंपनियों के शोषण का शिकार हो रहे हैं ।स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा हैं। बाहरी लोगों को रोजगार मिल रहा है ।इसकी लड़ाई के लिए स्थानीय का अधिकार दिलाने के लिए चुनावी संघर्ष में भाग लेना होगा। सिकरी पंचायत के मुखिया प्रभु महतो ने कहा कि कंपनियों द्वारा स्थानीय लोगों एवं विस्थापितों के साथ छल किया जा रहा है। मौके पर 150 जरूरतमंदों के बीच शिवलाल महतो के सौजन्य से कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सुखदेव यादव, डॉ रघुनंदन प्रसाद, बालेश्वर महतो, पूर्व मुखिया अनीता देवी, दिलीप पटेल, रवि महतो, विकास महतो, कैलाश राणा, गोवर्धन महतो, धनराज महतो, किशोर राणा, बबलू वर्मा, गोविंद माली, शेर सिंह ,डोमन माली, कमल नाथ महतो, रवि महतो, जागेश्वर महतो, कालेश्वर महतो, लक्ष्मण महतो, कुलदीप पटेल, बरजू महतो, संजय महतो, सुरेंद्र सिंह, प्रभु महतो, फागुन सोनी, अनिल माली, छोटन सिंह, रामस्वरूप सिंह, महेंद्र महतो, हेमराज महतो, बोनी राणा, भगन ठाकुर, दीपक साहू, चमन साह, पारसनाथ, योगेश्वर सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य धर्म नाथ महतो, मिश्री महतो, रामेश्वर महतो, वासुदेव प्रजापतिआदि शामिल थे।

## गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शाईनी तिग्गा की अध्यक्षता में पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंडकर्मियों की बैठक बुलाई गई। इसमें गणतंत्र दिवस को लेकर चर्चा की गयी। वहीं प्रखंड के विभिन्न स्थानों में झंडोत्तोलन के लिए समय-सारिणी निर्धारित की गई। जिसमें से प्रखंड कार्यालय टाटीझरिया में 9 बजे पूर्वाह्न, पंचायत भवन टाटीझरिया में 9:05 बजे पूर्वाह्न, एडिसन पब्लिक स्कूल में 9:10 बजे पूर्वाह्न, टाटीझरिया थाना में 9:15 बजे पूर्वाह्न, भाजपा कार्यालय में 9:25 बजे पूर्वाह्न, बीआरसी भवन होलंग में 9:45 बजे पूर्वाह्न, बिरहोर टोला खंभवा में 10:05 बजे पूर्वाह्न समेत अन्य सरकारी व गैर-सरकारी स्थानों पर झंडोत्तोलन किया जाएगा। साथ ही यह भी दिशानिर्देश जारी किया गया कि सरकारी एवं निजी विद्यालय अपने सुविधा अनुसार 9 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाह्न तक समय निर्धारित कर सकते हैं। बैठक में प्रमुख संतोष मंडल, सीओ नीलम कुमारी, सुरेंद्र प्रसाद यादव, मुखिया कांति देवी, रेखा देवी, सुमित्रा कुमारी, महेश अग्रवाल, होपन सिंह, परमेश्वर प्रसाद यादव, मंझली कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

## उत्क्रमित +2 विद्यालय तिलरा कवातु में पोशाक वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित +2 विद्यालय तिलरा कवातु में पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। बच्चे नए स्कूल ड्रेस जुते व स्वेटर मिलने पर काफी खुश थे। पोशाक वितरण के बाद गणतंत्र दिवस एवं सरस्वती पुजा को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक नावाडीह पूर्वी पंचायत समिति सदस्य मुकेश उपाध्याय की अध्यक्षता में की गई। श्री उपाध्याय ने गणतंत्र दिवस तथा सरस्वती पुजा के पूर्व उदासीनता एवं विद्यालय के द्वारा किसी भी तरह की तैयारी नहीं होने पर नाराजगी जाहीर किया तथा प्रधानाचार्य व प्रबंधन समिति को तैयारी में लग जाने की बात कही। प्रबंधन समिति की बैठक में गुणवत्ता पूर्ण मध्याह्न भोजन तथा स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया। बैठक सह पोशाक वितरण कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिव ओमप्रकाश, प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामचंद्र गोप, शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार पाठक, अशोक रविदास, मनोहर कुमार, कोलेश्वर प्रसाद साव, अशोक कुमार सिन्हा प्रबंधन समिति सदस्य लक्ष्मी देवी, हीरो यादव, अशोक उपाध्याय, मंटु शर्मा, धिरेंद्र उपाध्याय, नितेश कुमार यादव सहित काफी संख्या में अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्युत समस्या को लेकर सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता ने जीएम को ज्ञापन सौंपा



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विधुत सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता ने विद्युत विभाग के जीएम से मिलकर क्षेत्र की समस्या को अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। जीएम से अनुरोध किया गया की इचाक प्रखंड अंतर्गत कई गांव में सिंचाई व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र में बहुत है। आवेदन में लिखा है कि ग्राम जगड़ा में 100 केवी का ट्रांसफार्मर की आपूर्ति तथा 1 किलो मीटर केबल तार सिंचाई हेतु दिया जाय। ग्राम जगड़ा में 63 केवी ट्रांसफार्मर की आपूर्ति तथा पोल की आपूर्ति करने, ग्राम दरिया में तार बदलने, काला द्वारा, फूफानदी, पोखरिया, डाढा तथा प्रखंड के अन्य सभी ग्रामों में विद्युत कनेक्शन चालू कराने की जरूरत है। ग्राम काला द्वार के भीड़ पास 50 लीटर तेल की आवश्यकता। फुफंडी गांव में सिंचाई के लिए 25 केवी ट्रांसफार्मर की आवश्यकता। जोगिडीह गांव में सिंचाई के लिए 25 केवी ट्रांसफॉर्मर की जरूरत है। काला द्वार में जमुनिया तालाब पर पोल तार राजकुमार के कुआं के पास से सिंचाई हेतु पोल तार की जरूरत। ट्रांसफार्मर, पोल और तार के लिए कार्यपालक अभियंता हजारीबाग, अधीक्षण अभियन्ता, कनीय अभियंता आदि पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर विद्युत की समस्या का समाधान करने की अपील की गयी।

## स्कूली बच्चों के बीच पोशाक वितरण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तलसवार पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार में वर्ग एक और वर्ग 2 के कुल 62 विद्यार्थियों के बीच मुखिया गीता देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार, तथा उप मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र साव उर्फ बोलबम ने संयुक्त रूप से ड्रेस, स्वेटर, और जूते, मौजे का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि सरकार की ओर से चलाई जा रही यह कल्याणकारी योजना में पोशाक किताब छात्रवृत्ति वितरण करना सराहनीय है। इन योजनाओं के कारण सरकारी विद्यालय में छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों की अच्छी शिक्षा देने के लिए अभिभावक , शिक्षकों को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा तभी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राएं आगे बढ़ेंगे तथा बेहतर शिक्षण का माहौल बनेगा । मौके पर मुखिया गीता देवी ,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मिथलेश कुमार, प्रधानाध्यापक तूलेश्वर कुमार, सुरेंद्र साव उर्फ बोल बम, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष घनश्याम कुमार ,शिक्षक बिरेंद्र कुमार ,भोलानाथ कुशवाहा, विमल प्रसाद, अर्जुन राम, मनोज राम रविदास, उषा राणा, संजय मिर्धा,आलोमनी एकका, प्रभात कुमार, अनिता देवी, तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला मुखिया संघ का गठन



**इचाक (आजाद सिपाही)।** मुखिया संघ जिला कमेटी गठन को लेकर नेशनल पार्क रजडेरवा में मंगलवार को हुई। अध्यक्षता रंजीत कुमार मेहता एवं संचालन महेश साव ने किया। बैठक में जिला स्तर पर मुखिया की एकता बनाये रखने के मकसद जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, उपाध्यक्ष देवकी महतो, शांति देवी, उतम महतो, रीता देवी, सचिव किरण देवी, अनिकेत कुमार नायक, लखन महतो, नंदकिशोर कुमार, जितनी देवी, सविता देवी, उप सचिव मंटू सिंह, निर्मल साव, महेंद्र मुरमू, मधुरानी, महासचिव महेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष मोतीलाल चौधरी, प्रवक्ता कलावती देवी, आलोक सिंह, सुनीता देवी को बनाया गया। मौके पर नव चयनित मुखिया रंजीत कुमार मेहता को माला पहनाकर स्वागत किया। रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी गई है ।उस पर खरा उतरने और साथी मुखिया के सुख दुख में सहयोगी बनने का कोशिश करता रहूंगा। चुनाव के दौरान राजेश गुप्ता, बिरेंद्र रजक, गोविंद प्रसाद समेत कई मुखिया शामिल थे।

## झुमरा बाजार में श्रद्धानंद सिंह ने किया शिवांगी सुपर मार्ट का उद्घाटन



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी फूड मार्ट का क्रेज बढ़ता जा रहा है। दारु प्रखंड स्थित झुमरा बाजार में बुधवार को शिवांगी सुपर मार्ट नामक नवीन प्रतिष्ठान का बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग के प्रसिद्ध समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह और विशिष्ट अतिथि सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार एवं दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू सहित अन्य गणमान्य लोगों ने फीता काटकर उद्घाटन किया । मौके पर समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने मार्ट का अवलोकन किया और कहा की एक छत के नीचे ग्रोसरी, कॉस्मेटिक्स समेत अन्य प्रकार के खाद्य पदार्थ के उपलब्ध होने से जहां लोगों का समय बचेगा वहीं अपने पसंद के अनुरूप सामग्री का चयन कर ग्राहक खरीद पाएंगे। झूमरा बाजार इस क्षेत्र के लोगों का सेंटर प्वाइंट है और यह मॉल इस क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। मार्ट के संचालक जोन्हिया निवासी संजीव कुमार सिंह और उनके पिता तापेश्वर सिंह ने बताया की ग्राहकों की सुविधा और उचित दर हमारी प्राथमिकता होगी। हमारे यहां कंप्यूराइज्ड और बार कोडिंग सिस्टम लागू होगा । मौके पर विशेषरूप से संजीव कुमार सिंह, भाजपा नेता अशोक कुशवाहा, अरुण सिंह, मिथलेश सिंह, रामनारायण कुशवाहा, संजीत कुमार वर्मा, राजन सिन्हा, मनोज सिंह, विश्वनाथ सिंह, सचिन कुमार, विजय सिंह, राहुल सिंह, पप्पू मिश्रा, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in


## राज्य स्तरीय टीम ने दो पंचायतों के योजनाओं की जांच की



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के कुंदा प्रखंड में राज्यस्तरीय टीम बुधवार को प्रखंड के पंचायत के ईचातु, शाहपुर, माँझीपारा, जगरनाथपुर, वही बौधाडीह पंचायत के अमौना में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। अनुश्रवण टीम में ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव जितेंद्र कुमार देव,ग्रामीण विकास विभाग के प्रशाखा पदाधिकारी मुकेश कुमार के अलावे मीडिया सह प्रशिक्षण पदाधिकारी कुमार सौरभ टीम में मौजूद थे। टीम ने दोनों पंचायतो में मनरेगा से किए गए कूप निर्माण,दीदी बाड़ी,पशु शेड,डोभा निर्माण के अलावे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे आवास की जाँच किया।टीम ने स्थल का भौतिक जाँच व अभिलेखो की जाँच किया।जहाँ सूचना बोर्ड नहीं थे वहा सूचना बोर्ड जल्द लगाने का राज्य स्तरीय टीम ने पंचायत सचिव व रोजगार सेवक को निर्देश दिया।वही राज्य स्तरीय टीम ने बताया की प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में चल रहे मनरेगा योजना के कार्य की जानकारी व उसकी गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुवे जाँच की जा रही थी।टीम ने इन दोनों पंचायत में एक एक कर योजनाओं की जानकारी लेते हुवे कार्यो को देखा। वही राज्य स्तरीय टीम के साथ बीडीओ खगेश कुमार, बीपीओ राजेश्वर कुमार, मुखिया मनोज कुमार साहू, मुखिया अनिता देवी,समाजसेवी विनोद साव, पंचायत सचिव प्राण कुमार, राजू रंजन, रोजगार सेवक शंकर प्रजापति, अनूप समदर्शी समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## भरही पैक्स चुनाव में हबीबुल्ला खान 88 वोट से विजयी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रतापपुर प्रखंड के भरही पैक्स अध्यक्ष चुनाव में बुधवार को हबीबल्ला खान ने 88 वोट से जीत हासिल कर पैक्स अध्यक्ष बन गये है भरही पैक्स अध्यक्ष के चुनाव में हबीबुल्ला खान एवं सद्दाल खान चुनाव मैदान में थे जिसमे कुल 212 लोगो ने अपने मत का प्रयोग किया,जिसमे हबीबुल्ला को 148 एवं सद्दाल को मात्र 60 वोट मिले वही 4 वोट को रद्द घोषित किया गया है मौके पर निर्वाचित पदाधिकारी ने हबीबुल्ला को विजय प्रमाण-पत्र दिया।जीत के बाद आजो खान समेत कई समर्थको ने हबीबुल्ला को माला पहनाकर बधाई दिया है बधाई देने वाले में मुखिया प्रतिनिधी रंजीत यादव,जावेद अहमद,कपिल यादव,मकसूद खान,जाने खान,कलाम खान,सुल्लान मियां,अब्दुल रहीम,श्यामसुंदर यादव, सकेन्द्रित कुमार समेत अन्य लोगो का नाम शामिल है।

## एकल अभियान भुरकुंडा व पतरातू संच का वनभोज सह मिलन समारोह संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एकल अभियान भुरकुंडा व पतरातू संच के तत्वावधान में बुधवार को नलकारी पुल हरिहरपुर नदी में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि एकल अभियान रांची भाग के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थें। मौके पर प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि वनभोज आपस में मिलने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि नगर के लोग राम व गांव के लोग हनुमान की भूमिका निभाएं। इससे समाज में आपसी भाईचारगी मजबुत होगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य संच को मजबुत बनाना है। मौके पर सामुहिक रूप से वनभोज का आनंद लिया गया। मौके पर अंचल समिति उपाध्यक्ष भुवनेश्वर ठाकुर, अंचल महिला समिति उपाध्यक्ष उमा सिन्हा, संच समिति अध्यक्ष जयनंदन शर्मा, सचिव किशोर कुमार महतो, संच महिला अध्यक्षा पारिजात कुमारी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र ठाकुर, संच महिला समिति उपाध्यक्षा मालती गुप्ता, भुरकुण्डा संच संरक्षक योगेश दांगी, संच समिति सचिव विजय, कोषाध्यक्ष विक्रम, भुवनेश्वर मोदी, एकल अभियान अंचल अभियान प्रमुख चन्द्रशेखर कुमार, सम्भाग संवाद प्रमुख विश्वजीत, अंचल प्रशिक्षण नन्दकिशोर, बालमुकुंद, संच प्रमुख नागेश्वर महतो, संच प्रमुख शांती देवी, संच व्यास राजेंद्र, सुखराम बेदिया, संच व्यास सुलेखा कुमारी, संच प्रमुख गुलाब राम दांगी आदि मौजूद थें।

## मवेशी व चारा के दाम में बढ़ोतरी से दूध विक्रेता हैं परेशान, दूध का दाम बढ़ाने का निर्णय



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा व भदानीनगर क्षेत्र के दूध व्यवसायियों की बैठक बुधवार को पटेलनगर नीचे खटाल में हुई। इसमें पटेलनगर, रिभर साईड, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, सीसीएल सौंदा, सयाल, पोड़ा, जवाहर नगर, थाना चैक आदि क्षेत्र के दूध विक्रेता शामिल थें। कहा गया कि दुधारू मवेशी व पशुओं के चारा में बेतहासा वृद्धि हो गई है। जिसके कारण दूध विक्रेताओं को काफी परेशानी हो रही है। व्यवसायियों का कहना था कि अगर यही स्थिति रही तो रोजी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ेगा। निर्णय हुआ कि दूध व्यवसायियों के परिस्थिति के अनुरूप दूध का रेट बढ़ाना एक मात्र विकल्प है। निर्णय हुआ कि गाय का दूध 55 व भैंस का दूध 60 रुपए प्रति लीटर व खोआ 290 रूपया प्रतिकिलो किया जाए। यह भी निर्णय हुआ कि होटल व्यवसायियों के साथ भाईचारगी से बैठक कर इस नये रेट पर सहमति बनाई जायेगी। मौके पर राजदीप राय, रघुवीर राय, रामचंद्र राय, बिजली राय, नंदकिशोर यादव, सुनील यादव, जयनाथ यादव, अमावस यादव, सुखारी यादव, विजय यादव, घुरान यादव, छोटू राय, जर्नादन यादव, सरोज यादव, अवधेश राय, छोटेलाल, नगिना भगत, पप्पू यादव, नंद यादव, संजय सिंह, भरत राय, जयराम यादव, पप्पू यादव, सुरेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, उदय यादव सहित दर्जनों दूध विक्रेता मौजूद थें।

## दोतल्ला पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र दुंदुवा व बीटीटीआइ के अभिभावकों की बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साईड स्थित बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र दुंदुवा एवं शिवनगर बीटीटीआई के अभिभावकों की बुधवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सेविका किरण सिंह ने की। बैठक में सर्वप्रथम किरण सिंह द्वारा वर्तमान में आंगनबाड़ी में चल रहे हैं सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित अभिभावकों को सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लेने की अपील की। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्र में विगत दिनों जिनके द्वारा भी ताला तोड़ने का प्रयास कर सामग्री चोरी करने का प्रयास किया गया उन्हें सख्त लहजे में ऐसे कार्य न करने की चेतावनी दी गई। साथ ही कहा गया कि पूर्व में पंचायत सचिवालय में ताला तोड़कर स्टेबलाइजर एवं कई कुर्सियां व अन्य सामग्री चोरी की गई थी, अगर ऐसा प्रयास किया गया जो उसका दुष्परिणाम यहां के लोगों को ही भोगना होगा। क्योंकि आंगनवाड़ी केंद्र यहां से हटा दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया के निजी सचिव सह पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के अध्यक्ष शशिकांत सिंह, सहायिका शकुंतला देवी, मीरा देवी, समृता देवी, दिवा देवी, उर्मिला देवी, सोनी देवी, संगीता देवी, मंजू देवी, रेखा देवी सहित दर्जनों अभिवाहक मौजूद थें।

## संयोजिका का निधन, शोक

**गोला।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यायल जाराडीह के संयोजिका शाकुन्तला देवी 35 वर्ष का निधन बुधवार सुबह इलाज के दौरान रिम्स में हो गई। मौत की खबर के बाद गांव में शोक की लहर है। बताया गया कि शकुंतला कई माह से बीमार चल रही थी। जिनका इलाज किया जा रहा था। लेकिन हालात में कुछ सुधार नहीं हुई। मौत की खबर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक अमीर महतो, मनोज कुमार महतो सहित कई लोगों गहरा शोक व्यक्त किया है।

### कोयला चारकोल मिलावटी खेल में कई सुरमा हैं परदे के पीछे

# रामगढ़ में एक बड़ी लॉबी करती है चारकोल कारोबार को मैनेज



बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** चारकोल कोयला मिलावटी के खेल में बड़े बड़े सुरमा पर्दे के पीछे से बड़ी भूमिका में है। उसके इशारे पर ही चारकोल की बड़ी खेप कोल साइडिंगो में पहुंचती है। सबकुछ रात के अंधेरे में हो रहा है। किसी को कोई सूचना नहीं मिल रहा है। ऐसा कारोबार की गतिविधि से लगता है। क्योंकि कारोबार कुछ दिनों से स्मूथ चल रहा है। अब देखना है कि जिन्हें हेरफरी रोकने की जम्मेवारी मिली है, उनकी कुंभकर्णीय निंद्रा कब भंग होती है।

### चारकोल सोने भाव बाजार में चल रहा

कहने के तो चारकोल पवार प्लांट का बेकार मेटेरियल है। लेकिन कोल साइडिंग शुरू होने के बाद चारकोल सोने भाव बाजार में चल रहा है। इस कारोबार में एक बड़ी लॉबी काम कर रहा है। जो हर व्यवस्था को मैनेज करता है। जिसके लिए सबकी हिस्सेदारी तय है। जिसके कारण हर स्तर पर व्यवस्था को मैनेज कर काम चल रहा है। हालांकि मामले में कभी कभार कार्यवाई होती है। लेकिन वह ढाक के तीन पात साबित होता है। समय के साथ मामला दब जाता है और कारोबार पहले की तरह रफ्तार पकड़ लेती है।

### जिले के अलावे बाहर भी जा रही है चारकोल की बड़ी खेप

इधर सूत्रों ने बताया कि चारकोल का खेल केवल जिले में सीमित नही है। कारोबार का दायरा जिले के बाहर तक फैला हुआ है। जिले के बाहर भी चारकोल भेजा जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि यह ऐसा कारोबार है जो पक्का पेपर पर चारकोल निकलता है और साइडिंग पहुंच कर प्योर दो नंबर का हो जाता है।

### क्या कारोबार पर लगेगा ब्रेक या निरंतर रहेगा जारी

चारकोल का कारोबार शुरू होने के बाद कई सवाल उठने लगा है। कहा जा रहा है कि क्या इस अवैध कारोबार पर ब्रेक लगेगा या फिर ऐसे ही कारोबार निरंतर जारी रहेगा। सवाल उठना लाजमी भी है। क्योंकि हजारो टन चारकोल कोयला में मिलावट कर बाहर भेजा जा रहा है। जिसमें करोड़ो का टर्नओवर होता है। जिसकी हिस्सेदारी सभी जगह तय है।

## कृषि विज्ञान केंद्र ने दिया किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सामाजिक संस्था केयर ग्रामीण विकास केंद्र के बैनर तले बुजुर्ग जमीरा स्थित शिविर मंदिर परिसर कृषि विज्ञान केंद्र मांडु की ओर से प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में कशीरा डेयरी फार्म से जुड़े कृषक महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। कृषि केंद्र के वैज्ञानिक डॉ इंद्रजीत ने किसानों को प्राकृतिक तरीके से खेती कर उत्पादन बढ़ाने के उपाय बताए। उन्होंने बिजोपचार, कीट निवारण से संबंधित सहित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि किसान कैसे अपने घरों और खेतों में प्राकृतिक दवाएं तैयार पर फसल में होनेवाली समस्याओं से निजात पा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केयर ग्रामीण विकास केंद्र के सचिव कुंदन गोप,उमेश गोप,बृजनारायण मुंडा,जगदीश मुंडा, लाल मोहन मुंडा, ओमप्रकाश पासवान, तृतियाल बेदिया, राजेश गोप, महावीर गोप, रामफल यादव, श्रवण गोप, नंदकिशोर यादव, इंदू गोप, देवचरण गोप, वीणा देवी, हेमा देवी, शकुंतला देवी, रीमा देवी, नीलम देवी, गीता देवी, सरस्वती देवी, नीलम देवी, सीमा देवी, सुषमा देवी,शांति देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जीप अध्यक्ष ममता कुमारी के अध्यक्षता में बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी की अध्यक्षता में जिला बोर्ड सह समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपस्थित जिले के जीप प्रतिनिधियों और प्रमुखों द्वारा क्षेत्रों में चल रही योजनाओं की स्थिति और उनमें आ रही त्रुटियों के बारे में जानकारी दी गयी। उपस्थित सभी विभाग द्वारा जिले में संचालित विकास कार्य यथा सड़क, बिजली, स्कूल, जमीन, पूल-पुलिया, आंगनबाड़ी इत्यादि में किये जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की गई। प्रमुख तौर पर जो समस्याएं क्षेत्र प्रतिनितधियो द्वारा रखी गई थी उनमें से कुछ इस प्रकार थे, छात्रों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले इसके लिये बैंको द्वारा विद्याथीयों के खाता खोलने से संबंधित, शराब बिक्री स्थान पर राहगीरों को आ रही परेशानी, जिले में अधिष्ठापित चापानल और उनके मरम्मतीकरण, स्कूलो में अनुपातीत शिक्षको की प्रतिनियुक्ति, विद्युतीकरण और बिजली बिल, पशुधन योजना के तहत लाभुको द्वारा अंशदान की जमा राशि संबंधित इत्यादि। इसे लेकर उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता ने उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारियों से कहा की सभी समस्याओं का निष्पादन ससमय नियमानुसार करें। बैठक में मुख्य रूप से जीप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता, जिला अभियंता सुरेश राम, कार्यपालक पदाधिकारी ईश्वर दयाल कुमार महतो, मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि भोला प्रसाद, जिला परिषद सदस्य नगर परिषद सदस्य, जनप्रतिनिधियों, 20 सूत्री सदस्य, प्रखंड प्रमुख समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दुलमी सिकनी मंदिर टोला टेडरी टुंगरी में आजसू पार्टी बूथ संख्या 171 का कमेटी गठन



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिकनी पंचायत के हरिमंदिर टोला मे सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश अनुसार आजसू पार्टी के कार्यकर्त्ता के द्वारा बूथ कमेटी का गठन हेतु एक बैठक रखा गया, जिसमे ग्राम सिकनी के बूथ संख्या 171, के लिए एक कमिटी का गठन किया गया जिसमे बूथ संख्या 171 के लिए 20 महिला और 20 पुरुष का चयन किया गया रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव में सभी कार्यकताओं ने आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी को विजय बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से सिकनी उप मुखिया उमाशंकर महतो, प्रखंड प्रवक्ता छोटेलाल महतो, आजसू मिडिया प्रभारी राजेन्द्र उर्फ रमन पटेल, सिकनी पंचायत अध्यक्ष मुरली महतो, आजसू नेता गौरीशंकर महतो, अर्जुन महतो, रामरंजन करमाली, प्रदीप करमाली, उमेश महतो, अमुसमा अंसारी, तिलेश्वर महतो, प्रदीप महतो, शंकर महतो, घणपत उर्फ प्रेम कुमार, रामपोदो महतो, छबिनाथ महतो, गुड्डू कुमार, केदार महतो, प्रदीप महतो, आजसू महिला मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष सुनीता देवी, उपाध्यक्ष उमा देवी, गुड़िया भारती, गोरी देवी, पूनम कुमारी, रमिना देवी, निखत प्रवीण, मोहनी कुमारी, बिनीता देवी, निर्बला देवी, किरण देवी, बसंती देवी, रीना देवी, सुमित्रा देवी, जयंती देवी, सहित आजसू पार्टी के अनेको महिला नेत्री एवं आजसू कार्यकर्ता सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## शिवलिंग स्थापना को लेकर निकली कलश यात्रा



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेटूलकला पंचायत के बंदरचूंवा स्थित बड़ा सयाल पहाड़ में शिवलिंग स्थापना को लेकर गोमती नदी से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के दौरान गांव की महिलाएं ओर छोटी छोटी बच्चियों ने अपने माथे पर कलश लेकर निकली और गांव के मंदिरों का भ्रमण करते हुए पहाड़ पर स्थित शिव मंदिर में यात्रा खत्म की। इस दौरान हर हर महादेव ओर जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजामयन रहा। इस दौरान मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमें गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी,समाजसेवी सुनीता चौधरी ,सिमरन राजीव जायसवाल शामिल हुए। इस मौके पर कमेटी के महेंद्र प्रसाद, दिवाकर चक्रवर्ती, संतोष तिवारी, प्रदीप महतो, बबली सिंह, प्रितम झा, बिक्की महतो, सीएम महतो, सनू सोनी, जले मुखिया, राहुल पासवान, सचिन करमाली , सुकेंद्र कुमार, महेश कुमार, टिकेंद्र महतो , देवा महतो, मंजू देवी, प्रिया देवी उपस्थित थे।

## कोयला लदी चलती हाइवा में लगी आग

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिवर साइड स्थित पीओ ऑफिस के समीप बुधवार को कोयला लदी चलती हाइवा नंबर जेएच 02 एएक्स 5351 में अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार बलकुदरा आउट सोर्सिंग खदान से हाइवा कोयला लाद कर सौंदा बी साइडिंग की ओर जा रहा था। इसी बीच भुरकुंडा चेक पोस्ट से गाड़ी इंट्री के बाद जैसे ही हाइवा रिवर साइड मेन रोड में कुछ दूर चली तो उसमें आग लग गई। चालक बंटू महतो ने बताया कि शॉट सर्किट के कारण हाइड्रोलिक पम्प में आग पकड़ लिया और हाइवा के अगले हिस्से मे आग लग गई। इसकी सूचना स्थानीय लोगो ने भुरकुंडा पुलिस व पीवीयूएनल पतरातू को देकर दमकल लाने की बात कही। इस दौरान स्थानीय लोगो ने पानी डाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहें। इसी बीच पीवीयूएनल सीआईएसएफ की दमकल टीम घटना स्थल पर पहुंची। जहां काफी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। हाइवा सौंदा बस्ती निवासी राहुल कुमार का बताया जा रहा है। मौके पर भुरकुंडा ओपी के एएसआई पुरन सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक सहित सीआईएसएफ पीवीयूएनल की दमकल टीम में एएसआई भागवत सिंह देवड़ा, हेड कॉन्स्टेबल बी भराली, कांस्टेबल डीसीपीओ सुनील कुमार व मंटू कुमार, अतुल कुमार मौजूद थें।

### जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र साहू के नेतृत्व में बिहार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी का भव्य स्वागत

# झारखंड विधानसभा चुनाव में जदयू अपना परचम लहराएगा : मंत्री डॉ अशोक चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** जदयू झारखंड प्रदेश प्रभारी सह बिहार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी और जदयू झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो का कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। डॉ अशोक चौधरी रजरप्पा मां छिन्नमस्तिके की पूजार्चना कर बिहार वापस जा रहे थे। दोनों नेताओं का कार्यकताओं द्वारा करमा चौक व नयामोड़ स्थित फोरलेन चौक पर फूल माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया गया। इस दौरान उनके पक्ष में कार्यकताओं ने जमकर नारेबाजी की। मौके पर श्री चौधरी ने कहा कि झारखंड प्रदेश में जदयू संवेदनशील और गंभीर राजनीतिक करने के लिए उतरी है। आने वाले 2024 व 2025 के विधानसभा चुनाव में जदयू धारदार तरीके से पूरे दमखम के साथ प्रदेश में अपना परचम लहराएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड और बिहार की सीमाएं तो अलग हो गई हैं पर अभी दिल का बंटवारा नहीं हुआ है। झारखंड का बंटवारा जिस विकास के लिए किया गया था। उस तरह का विकास अभी तक नहीं हुआ। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा निकाले गए झारखंड खतियानी जोहार यात्रा पर कहा कि हर पार्टी अपने - अपने हिसाब से संगठन मजबूती के लिए यात्रा निकालती है। हम भी अपने संगठन की मजबूती के लिए यात्रा निकालेंगे। करमा चौक में प्रदेश महासचिव जगदीश महतो व नयामोड़ में जदयू रामगढ़ जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू तथा मांडू प्रखंड अध्यक्ष राधेश्याम महतो के संयुक्त नेतृत्व में स्वागत किया गया। मौके पर मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजू महतो, रामाकांत पटेल, सफीक अंसारी, इम्तियाज अंसारी, पवन करमाली, महिंद्र किशोर महतो, पवन कुमार महतो, मेघनाथ महतो, धर्मेंद्र सिंह, अकबर अंसारी, मनोज राय, राजकुमार महतो, धनेश्वर महतो, जोधन महतो, काशी करमाली, नरेश महतो, दामोदर महतो, लक्ष्मीकांत महतो, दिनेश महतो, लल्लन यादव, देवकी महतो, विक्रम करमाली, अंशु कुमार आदि मौजूद रहे।

## पतरातू प्रखंड स्तरीय कांग्रेस पार्टी का एक दिवसीय चिंतन कार्यशाला का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में पतरातू प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय चिंतन कार्यशाला सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनु विश्वकर्मा पतरातू प्रखंड प्रमुख कौशल्या देवी उपस्थित थे । इस मौके पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को निराकरण के लिए हमेशा तत्पर हूं आप मुझे समस्या बताएं उसे जल्द निपटारा किया जाएगा । कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार साव के नेतृत्व में डॉक्टर वरुण कुमार, तनवीर आलम सीताराम गंझू, रामचंद्र गंझू, किशुन गंझू, रामदेव गंझू, सुरेंद्र मुंडा सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने दूसरे दल छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि अमित साहू ने किया। इस मौके पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जयंत तूरी, रामदुलार साव, योगेंद्र सिंह खरवार, असगर अली, मुखिया कोमिला देवी, जगदीश साव, दिलेश्वर साव, प्रेमनाथ विश्वकर्मा लखन मुंडा, अनिल सिंह शहजादा तालिब मोहम्मद हसीब, आरिफ खान संजय सिंह, बितका बाउरी, चंदन प्रसाद रमेश बेदिया, शमीमा बानू मीना राय सरिता देवी जावित्री देवी सोनी देवी निर्मला देवी इंदु मिश्रा हेमा देवी रीना देवी चंचला कक्षा,मुजफ्फर हुसैन, इमरान अंसारी बलदेव राम खजांची राम, बच्चन पांडे ,शमशुद आलम, राजेश बेदिया, सैम खान देवकांत शर्मा ललन सिंह मजदूर नेता नरेश महतो, सुरेश साव, शंकर पासवान मुन्ना अंसारी मुस्तफा अंसारी अजय पासवान फिरदोस आलम पिंटू अग्रवाल संजीव सिंह अनिल सिंह संजय यादव रमाकांत दुबे अलीम अंसारी राम कुमार महतो रियाज अंसारी रबानी अंसारी देवा साहू अब्दुल हमीद कमलनाथ प्रसाद बलदेव राम सुनील महतो संजय बेदिया सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सीएमओएआइ की सीसीएल जोन की द्वितीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की सीसीएल जोन की द्वितीय कार्यकारिणी बैठक सह अभिनंदन समारोह कुजू परिजात कॉलोनी स्थित रेस्ट हाउस में हुई। जिसकी अध्यक्षता कुजू जोन के अध्यक्ष संजय सिंह और संचालन सीसीएल जोन के सचिव केएल यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष (अपेक्स) दीनानाथ सिंह और उपाध्यक्ष मनोज कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत कोल इंडिया गान के साथ हुआ। तत्पश्चात अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को फूल माला पहना कर, बुके भेंटकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित कर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श करते हुए अधिकारियों के हक और अधिकार सहित सीसीएल द्वारा मिलने वाली सुविधाओं पर चर्चा की गई। मौके पर सीसीएल जोन के एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी सहित सह कोषाध्यक्ष प्रशांत प्रियदर्शी, अर्नव पाल, राजकुमार, भरत केसरी, सीतेश, अभिनव, राजेश, गिरिराज राठी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## तेलियाडीह पंचायत में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर मुखिया ने की बैठक

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** नावाडीह उर्फ तेलियाडीह पंचायत में बुधवार को पंचायत भवन में गणतंत्र दिवस के झंडोतोलन तोलन को लेकर बैठक किया गया।जिसकी अध्यक्षता मुखिया महावीर साहु,संचालन पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने किया।इसमें शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग,आँगन बाड़ी सेविका सहिया,जल सहिया,वार्ड सदस्य,समाज सेवी शामिल हुये।बैठक में झंडा तोलन को लेकर समय सारणी निर्धारित की गयी।खदैया हाई स्कूल का समय 9:10 बजे,तेलियाडीह स्कूल 8:55 बजे नावाडीह स्कूल समय 9:30 बजे,मिश्रोल हाईस्कूल 10 बजे,लिंबोड़ी प्राथमिक विद्यालय 10:40,सिद्पा विधालय 10:55 बजे हेसातु विधालय10:25, करम मोड़ विधालय 10:10,बढ़निया विधालय 11:15 बजे,हरिजन टोला विधालय 11:25,पंचम प्राथमिक वि.9:55 का समय निर्धारित किया गया।बैठक में सभी विभागों को अधिकारी एव समाज सेवी,बुद्धिजीविओ को प्रतिनिधिगण को ससमय भाग लेने का अपील किया गया।इस मौके पर रतनी देवी संगीता देवी, लीलावती देवी, मंजू देवी, बबीता देवी,सुनीता देवी,शांति देवी, सरिता देवी,दिलेश्वर साहू, केशव प्रजापति, वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मोहन साहू, उदय कुमार, रूपलाल गंझु, समेत कई लोग उपस्तिथ थे।

## सांसद खेल स्पर्धा मीट स्कूली बस को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** नेतरहाट में बुधवार 18 जनवरी से 20 जनवरी तक सम्पन्न होने वाले सांसद खेल स्पर्धा एथलेटिक्स मीट में भाग लेने के लिए सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, जिला परिषद सदस्या देवंती देवी,वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह ने टंडवा के सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को बस वाहन में बैठा कर हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रास्ते में पीने का पानी और बिस्कुट देकर कुशल रूप में नेतरहाट पहुंचकर एथलेटिक मीट में भाग लेकर टंडवा-सिमरिया का नाम रौशन करने की शुभकामना दिया। नेतरहाट में ऐसा आयोजन कर अवसर प्रदान करने के लिए चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। खिलाड़ियों के साथ शिक्षक बिंदेश्वर महतो, गेम टीचर राज किशोर महतो साथ में थे। खिलाड़ी के रुप में उच्च विद्यालय मिश्रौल से किरण कुमारी, शिव शंकर, महेश गंझू, हेसातु से प्रकाश गांझु, टंडवा से संतोष कुमार, सकुन कुमारी, बड़गांव से संतमनी कुमारी, निशु कुमारी, बेंती से अमित कुमार, रीना कुमारी, बचरा से राहुल कुमार, पूजा कुमारी और रूमा कुमारी टंडवा प्रखंड से प्रतिभागी के रूप में शामिल होगें। सभी खिलाड़ियों को सफलता प्राप्त हो इसके लिए सांसद प्रतिनिधि सहित भाजपा नेताओं ने अपनी शुभकामना दिया।

## एह्यला एग्लाइज स्कूल में बच्चों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक स्थित एह्य ला एंग्लाइज स्कूल में बुधवार को नर्सरी और क्लास वन के बच्चों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली टीम को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत केजी स्कूल की प्राचार्या अंजु पटेल ने फुटबॉल को किक मारकर किया। प्रतियोगिता में नर्सरी की टीम ने क्लास वन की टीम को 4-0 से हराया। जिसके बाद अतिथि ने विजेता टीम को मेडल देकर सम्मानित और प्रोत्साहित किया। मौके पर आदित्य, सौरभ, अनमोल, मो फैजल, माहित, प्रिंस कुजूर, सन्नी, लक्ष्य, आर्या, रोहित, प्रशांत, ओम, आयुष, रूद्र, वर्षा टेटे, सपनर मिंज, शीला देवी, शीला कुमारी, ब्रीजिट एक्का सहित, कंचन दास अन्य शिक्षक व छात्र छात्राएं शामिल थे।

# चुनौतियों पर नजर

बीजेपी ने राजधानी दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक में जिस तरह का जोश और जितना आत्मविश्वास दिखाया, उसे स्वाभाविक ही कहा जा सकता है। पार्टी की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब न केवल 2024 के लोकसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं, बल्कि उससे पहले नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। इनमें से पांच राज्यों में बीजेपी या तो अकेली या सहयोगी दलों के साथ सरकार में है। विधानसभा चुनावों का जो हालिया राउंड हुआ, उसमें कोई दो राय नहीं कि गुजरात में पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की, लेकिन हिमाचल प्रदेश में एक फीसदी की जो कसर रह गई, उसने विपक्ष (कांग्रेस) के पस्त हो जाने और बीजेपी के अपराजेय होने का वह नैरेटिव नहीं बनने दिया, जिसकी बीजेपी समर्थक उम्मीद कर रहे थे। ऐसे में अब और जरूरी हो गया है कि उस कसर की भरपाई पार्टी नेतृत्व कार्यकर्ताओं के जोश और उनके मनोबल को कई गुना बढ़ाकर करे। आश्चर्य नहीं कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि 2023-24 में पार्टी एक भी चुनाव ना हारे। गौर करने की बात यह भी है कि उनका यह आह्वान सिर्फ शाब्दिक नहीं है। संगठन को मजबूती देने का मोर्चा ऐसा है, जिस पर बीजेपी ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया है। इस बार भी पार्टी अध्यक्ष की यह घोषणा मायने रखती है कि बीजेपी ने 72,000 कमजोर पाए गए बूथों को मजबूत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिये लक्ष्य से आगे बढ़कर 1.30 लाख बूथों तक पहुंच बना ली। अध्यक्ष का चुनाव न हो पाने की विपक्षी दल चाहे जैसे भी व्याख्या करें बीजेपी के लिहाज से देखें तो नड्डा की अध्यक्षता को जून 2024 तक का विस्तार देने का फैसला उचित ही कहा जाएगा। जो चुनावी चुनौतियां पार्टी के सामने हैं, उनके मद्देनजर फिलहाल निरंतरता की जरूरत है। भले ही कांग्रेस चुनावी मोर्चे पर बहुत कुछ हासिल करती न दिखी हो, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी की छवि को बेहतर जरूर बनाया है। मल्लिकार्जुन खड़गे के रूप में नया अध्यक्ष चुनकर पार्टी ने गांधी परिवार के दबदबे के आरोपों को भी काफी हद तक कमजोर किया है। जाहिर है, बीजेपी इन तथ्यों को संज्ञान में न लेने की गलती नहीं कर सकती। वैसे, इन सबके बावजूद इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बीजेपी ने दुनिया में देश का इकबाल बुलंद करने का अपना मुख्य नैरेटिव काफी हद तक बनाये रखा है। राममंदिर के समय पर निर्माण में कामयाबी भी बीजेपी के पक्ष में काम करेगी और पार्टी अगले लोकसभा चुनाव में इसका पूरा इस्तेमाल करने में हिचकेगी नहीं। बीजेपी की ओर से डिवेलपमेंट भी बड़ा मुद्दा होगा। प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता को अब भी पार्टी अपना ऐसा अचूक हथियार मानती है जिसकी कोई काट विपक्ष के पास नहीं है। आने वाले एक-डेढ़ वर्ष इन सबकी असली परीक्षा साबित होने वाली है।

**आश्चर्य नहीं कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कार्यकर्ताओं से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि 2023-24 में पार्टी एक भी चुनाव ना हारे। गौर करने की बात यह भी है कि उनका यह आह्वान सिर्फ शाब्दिक नहीं है। संगठन को मजबूती देने का मोर्चा ऐसा है, जिस पर बीजेपी ने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कागज पर, भारत ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स के 'पॉवरइंडेक्स-स्कोर' और दुनिया की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक के रूप में स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) जैसे संगठनों के प्रकाशनों से आराम पा सकता है। हालांकि, जमीन पर, इसकी थोड़ी प्रासंगिकता है क्योंकि देश चीन और पाकिस्तान से लगातार सैन्य खतरों के अधीन है। चीन पर भारत की बढ़ती व्यापारिक आयात निर्भरता एक अतिरिक्त चिंता का विषय है।**

# चीन के आश्वासन पर भरोसा करने की जरूरत नहीं

नन्तु बनर्जी



**सरकार को चीनी आक्रमण को प्रभावी ढंग से विफल करने के लिए सैन्य गतिविधियों का समर्थन करने के लिए क्षेत्र में सही रक्षा बुनियादी ढांचे के निर्माण, सड़कों, सुरंगों, हवाई अड्डों और घरेलू बस्तियों के निर्माण पर बजटीय व्यय को बढ़ाना चाहिए।**

चीन के विदेश मंत्री वांग यी का साल के अंत में आश्वासन कि चीन द्विपक्षीय संबंधों के 'स्थिर और मजबूत विकास' के लिए भारत के साथ काम करने के लिए तैयार है और यह सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिरता बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है जहां 2020 से गतिरोध बना हुआ है। बयान, माना जाता है कि अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए है, असत्य है। पिछले महीने ही अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर के पास चीनी सैनिकों की अच्छी तरह से तैनात भारतीय सैनिकों से भिड़ंत हो गयी थी। जनवरी 2021 में दोनों पक्षों के सैनिकों का एक और आमना-सामना हुआ। जून 2020 में गलवान घाटी में कम से कम 20 लोगों की जान लेने वाले चीनी सैनिकों के साथ घातक संघर्ष हुआ था जिसे भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे के लिए एक नयी सड़क के निर्माण को एक प्रमुख कारण के रूप में देखा जा रहा है।

तनाव अभी भी जारी है, हालांकि चीन संभावित आर्थिक गिरावट के बारे में चिंतित है क्योंकि यह भारत के साथ बड़े पैमाने पर व्यापार अधिशेष चलाता है। द्विपक्षीय संबंधों के 'स्थिर और मजबूत विकास' के लिए भारत के साथ काम करने की चीन की तत्परता पर वांग यी का आश्वासन सैन्य विघटन की तुलना में आर्थिक संबंधों से अधिक हो सकता है। सरकार असहमत हो सकती है, लेकिन भारत की दो रक्षा सेवाएं -स्थल सेना और वायु सेना - वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन से सैन्य रूप से मुकाबला करने के लिए पर्याप्त रूप से शक्तिशाली नहीं हैं, जिस पर चीन विवाद करता है, या चीन प्रशासित अक्साई चिन को पुनः प्राप्त करने के लिए भारत लद्दाख में अपने लेह जिले के हिस्से के रूप में दावा करता है।

**चीन अपने आर्थिक लाभ को जोखिम में डालने के लिए भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा ऐसी संभावना नहीं है।**

पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और वायु सेना से मेल खाने के लिए भारत की सैन्य ताकत पर राजनीतिक बयान अतिश्योक्तिपूर्ण हैं। हालांकि भारतीय सेना और वायु सेना ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी मारक क्षमता में काफी सुधार किया है, लेकिन वे जमीन या हवा में चीन की सैन्य ताकत का मुकाबला नहीं करती हैं। वजह साफ है। भारत अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी सेना पर पर्याप्त खर्च नहीं कर रहा है। यह इस तथ्य के बावजूद कि देश अपने दो जुझारू पड़ोसियों- चीन और पाकिस्तान से लगातार चुनौतियों से लड़ने के लिए लगभग लगातार प्रेरित है।

भारत चीन के साथ 3,488 किमी लंबी भूमि सीमा और पाकिस्तान के साथ 3,310 किमी लंबी भूमि सीमा साझा करता है। ग्लोबल पावर इंडेक्स 2022 में चीन (तीसरे) और पाकिस्तान (नौवें) को दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं के रूप में स्थान दिया गया है। हालांकि भारत चौथे स्थान पर है, लेकिन यह अमेरिका, रूस और चीन से काफी पीछे है। 2022 में चीन के 1.45 खरब युआन ($229.5 अरब) के रक्षा बजट के करीब आने के लिए भारत को अपना रक्षा व्यय कम से कम तीन गुना बढ़ाने की आवश्यकता है। 2022-23 के लिए भारत का रक्षा बजट केवल 5.25 खरब (70.6 अरब रुपये) था। चीन और पाकिस्तान दोनों से बढ़ते खतरों और उभरती सुरक्षा चुनौतियों के बावजूद, 2021-22 में भारत का रक्षा खर्च पिछले छह वर्षों में सरकार के कुल खर्च के मुकाबले चार प्रतिशत कम हो गया है। वास्तव में, भारत के सैन्य बजट का दो-तिहाई से अधिक वेतन, पेंशन और सेना, नौसेना और वायु सेना के कर्मियों के लिए नियमित सेवाओं में जाता है, सैन्य प्रणालियों और हथियारों पर पूंजीगत व्यय के लिए एक तिहाई से भी कम बचता है।

केंद्र में भाजपा के सत्ता में आने के महीनों बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में संयुक्त कमांडरों के सम्मेलन में अपने संबोधन में, रक्षा प्रतिष्ठान से आग्रह किया था कि 'लगातार आकार बढ़ाने की मांग करने के बजाय प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करें।' हालांकि, पूंजीगत व्यय के लिए पर्याप्त धन की कमी के कारण रक्षा विभाग का प्रौद्योगिकी फोकस सीमित बना हुआ है। जून, 2022 में, सेना ने अपनी लागत संरचना में सुधार के प्रयास में अग्निपथ (अग्निपथ) नामक एक नयी भर्ती योजना शुरू की। यह योजना विपक्षी दलों के निशाने पर आ गयी और यहां तक कि पड़ोसी देश नेपाल को भी नाराज कर दिया, जो ब्रिटिश शासन के समय के एक समझौते के तहत भारतीय सशस्त्र बलों को गोरखाओं की आपूर्ति करता है। अग्निपथ भर्ती चार साल के अनुबंध के तहत आती है। चौथे वर्ष के बाद, 25 प्रतिशत अग्निपथ सैनिकों को पूर्ण सैन्य कैरियर की पेशकश की जाती है। 2022-23 में योजना के तहत तीनों सेवाओं में लगभग 46,000 सैनिकों की भर्ती होने की उम्मीद है।

कागज पर, भारत ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स के 'पॉवरइंडेक्स-स्कोर' और दुनिया की सबसे मजबूत सेनाओं में से एक के रूप में स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) जैसे संगठनों के प्रकाशनों से आराम पा सकता है। हालांकि, जमीन पर, इसकी थोड़ी प्रासंगिकता है क्योंकि देश चीन और पाकिस्तान से लगातार सैन्य खतरों के अधीन है। चीन पर भारत की बढ़ती व्यापारिक आयात निर्भरता एक अतिरिक्त चिंता का विषय है। यह स्पष्ट नहीं है कि ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स से भारत के संबंध में चूक हुई या नहीं।

हालांकि चीन द्वारा भारत पर हमला करने या युद्ध जैसी स्थिति पैदा करने की तत्काल संभावना नहीं हो सकती है, उपमहाद्वीप में केवल अपने सीमा विवादों को निपटाने के लिए, इसका रवैया बदल सकता है यदि ताइवान के मामले में अमेरिकी सेना से उसकी टक्कर होती है। चीन-भारत के मौजूदा राजनयिक संबंध भी साल-दर-साल बड़े व्यापार अधिशेष अर्जित करने वाले चीन के साथ संतुलन में हैं। चीन अपने आर्थिक लाभ को जोखिम में डालने के लिए भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा ऐसी संभावना नहीं है। वह यह भी नहीं चाहेगा कि अमेरिका तथा अन्य शक्तियां युद्ध की स्थिति में भारत के साथ रहे परन्तु वह समय-समय पर भारतीय सीमाओं पर सैन्य तनाव बढ़ा सकता है।

कुल मिलाकर भारत को अपनी भूमि सीमाओं की रक्षा के लिए चीन और पाकिस्तान दोनों का मुकाबला करने के लिए एक प्रभावी सैन्य बल बनाने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना है। उच्च ऊंचाई और कठिन इलाके एलएसी के साथ भारतीय सेना के लिए एक चुनौती पेश करते हैं।

सरकार को चीनी आक्रमण को प्रभावी ढंग से विफल करने के लिए सैन्य गतिविधियों का समर्थन करने के लिए क्षेत्र में सही रक्षा बुनियादी ढांचे के निर्माण, सड़कों, सुरंगों, हवाई अड्डों और घरेलू बस्तियों के निर्माण पर बजटीय व्यय को बढ़ाना चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

# पटमदा में बीएम पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल का विधायक ने किया उदघाटन

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शिक्षकों का दायित्व : मंगल कालिंदी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र स्थित पटमदा प्रखंड के रांगाटांड़ मोड़ में इंग्लिश मीडियम बीएम पब्लिक स्कूल का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। स्कूल प्रबंधन के द्वारा विधायक समेत तमाम अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काटकर स्कूल का उद्घाटन किया। विधायक ने कहा बहुत खुशी की बात है ग्रामीण क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम का स्कूल खोला गया। स्कूल के शिक्षकों का दायित्व बनता है बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। उन्होंने कहा शिक्षक से बड़ा गुरु कोई नही है। शिक्षक ही बच्चों को शिक्षित बनाकर अपने हक अधिकारों के बारे में जानकारी देते हैं। उन्होंने कहा स्कूल शिक्षा का मंदिर है, उसे आगे ले जाने के लिए सभी शिक्षाविद व बुद्धिजीवियों के सहयोग की जरुरत हैं। ताकि क्षेत्र के बच्चे पढ़ लिख कर निश्चित रूप से स्कूल का नाम रोशन सके। इसके लिए अभिभावकों को भी ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा संघर्ष जैसे भी हो उसका मुकाबला डटकर करना चाहिए। विधायक ने स्कूल को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर प्रखंड प्रमुख बालिका सोरेन, स्कूल के डायरेक्टर भरत महतो, ग्राम प्रधान सुनील महतो, प्रो. पंचानन दास, समाजसेवी शरत सिंह सरदार, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, मदन मोहन महतो, बगला किंकर मिश्रा, रूपा बक्सी, नंदलाल बक्सी, संजय महतो, सुजीत महतो, सुधांशु महतो, सम्राट महतो, श्यामा पद महतो व धीरेन चंद्र महतो उपस्थित रहे।

# सहारा समूह के एमडी सुब्रतो राय समेत पांच के खिलाफ अदालत ने लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) निशांत कुमार की अदालत ने धोखाधड़ी के एक मामले में सहारा इंडिया समूह के एमडी सुब्रतो राय, स्थानीय शाखा प्रबंधक राजीव कुमार उर्फ राजू कुमार, संजय कुमार साहु एवं लालजी प्रसाद यादव के खिलाफ भादवि की धारा 323,341, 406 एवं 34 के तहत संज्ञान लिया है. अदालत ने इन आरोपियों को 10 मार्च तक अदालत में उपस्थित होने की अदेश देते हुए सम्मन जारी किया। इस बात की जानकारी अधिवक्ता ब्रजेश जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि बागबेड़ा गढ़ाबासा के रहने वाला मंतोष कुमार बाग ने सहारा इंडिया में 23 हजार रूपए का एक फिक्स डिपोजिट वर्ष 2013 में किया था। मैच्योरिटी होने पर उसे कंपनी से 73125 रूपए मिलना था।




## लीगल नोटिस का नहीं दिया जवाब

अधिवक्ता ब्रजेश जायसवाल ने बताया कि लीगल नोटिस मिलने के बाद भी सहारा समूह के जिम्मेदार पद पर बैठे लोगों ने रूपए देने के लिए टाल-मटोल किया जाता रहा। साथ ही किसी तरह का कोई जवाब नहीं नहीं दिया। जिसके बाद मंतोष ने अदालत में एक शिकायतवाद दर्ज कराया। उसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपियों के खिलाफ संज्ञान लेकर उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी की।

# रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में होगी आजसू की प्रचंड जीत : कन्हैया सिंह



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा झारखंड प्रदेश में रामगढ़ आजसू का गढ़ रहा है। जहा कुछ कारणों से उदासी का माहौल छाया रहा। लेकिन वर्तमान रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में आजसू पार्टी अपनी दमदार उपस्थिति के साथ प्रचंड जीत कर हेमंत सरकार के नाकामियों में एक कील ठोकने का कार्य करेगी। राज्य की जनता लूट और झूठ से ऊब चुकी है। राज्य में एक मात्र विकल्प आजसू के रूप में देखती है। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के दूरदर्शी सोच और उनके सपनो को साकार करने का संकल्प रामगढ़ की धरती से ही लिया जाएगा। जल्द ही नए वर्ष में नए संकल्प को लेकर नई ऊर्जा के साथ क्षेत्र की पार्टी पूरी तैयारी कर ली है। तिथि निर्धारित होने के साथ ही जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त है।

# टाटा पावर ने डिजिटल साक्षरता वैन और कंप्यूटर केंद्र का किया शुभारंभ



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा पावर ने जोजोबेड़ा में छात्र-छात्राओं के लिए डिजिटल साक्षरता वैन और कंप्यूटर साक्षरता केंद्र का शुभारम्भ किया है। इसका उद्घाटन बुधवार को टाटा पॉवर के अधिकारीयों ने विधिवत रूप से किया। यह पहल डिजिटल और लैंगिक अंतराल को पाटने व जमशेदपुर में युवा पीढ़ी के बीच ई-लर्निंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टाटा पावर द्वारा की गयी है। सरकारी स्कूलों में बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए टाटा पावर ई-एजुकेशन ऑन व्हील्स परियोजना के हिस्से के रूप में डिजिटल साक्षरता वैन लॉन्च किया गया. यह डिजिटल साक्षरता वैन जोजोबेरा के छह सरकारी स्कूलों के बच्चों को उनके इंटरनेट और डिजिटल मॉड्यूल के जरिये पढ़ने एवं समझने में सहयोग प्रदान करेगी। वैन पूरी तरह से 10 लैपटॉप, एक प्रोजेक्टर और स्क्रीन, एक इंटरनेट कनेक्शन और पाठ्यक्रम मॉड्यूल से सुसज्जित हैं। इसमें प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, टाटा पावर ने जोजोबेरा के छोटा गोविंदपुर में एक कंप्यूटर साक्षरता केंद्र का भी उद्घाटन किया. ताकि युवा लड़कियों और महिलाओं को डिजिटल ज्ञान के साथ सीखने और स्वंय को आगे बढ़ाने में मदद मिल सके। केंद्र का उद्देश्य लड़कियों और महिलाओं के लिए पेशेवर आईटी शिक्षा प्रदान करना और बढ़ावा देना है। नए कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन विजयंत रंजन, ईस्टर्न रीजन जेनरेशन के प्रमुख और टाटा पावर के सीईओ जगमीत सिंह सिद्धू द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। मौके पर विजयंत रंजन ने कहा कि टाटा पावर प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को कभी भी छात्र की आकांक्षाओं और सपनों के आड़े नहीं आने देगा। जनता को टेक्नोलॉजी में बदलाव के अनुकूल बनाने में मदद करना ही हमारा लक्ष्य है। इन दोनों कार्यक्रमों के माध्यम से युवा पीढ़ी को आसानी से तकनीकी उपकरणों तक पहुंच प्रदान करने का अवसर पाकर हम खुश हैं।

# मायुमं स्टील सिटी शाखा ने एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम आयोजित किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा द्वारा एक शाम युवाओं के नाम म्यूजिकल नाइट्स कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें शाखा के सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल की अध्यक्षता में साकची स्थित एक होटल में आयोजित हुए कार्यक्रम में शहर के जाने माने कलाकर गुरप्रीत साज ने म्यूजिकल नाइट्स में शानदार प्रस्तुति दी। यह कार्यक्रम आखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 39वें स्थापना दिवस के मौके पर हुआ, जो आगामी 20 जनवरी शुक्रवार को पूरे देश में मनाया जायेगा। शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच आगामी 20 जनवरी को अपना 39वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है।

## कोरोना काल में शाखा ने बेहतर कार्य किया

कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, शाखा के संथापक अध्यक्ष बिमल रिंगसिया, पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान प्रांतीय महामंत्री अरुण गुप्ता ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शाखा के सभी अध्यक्षों ने अपने कार्यकाल में कई श्रेष्ठ कार्य किए है। जिससे अखिल भारतीय स्तर पर शाखा की पहचान बरकरार है. कार्यक्रम में मौजूद शाखा के पूर्व अध्यक्षों ने अपने अनुभव सदस्यों के साथ साझा किए तथा कुछ नए सदस्यों से सीधा संवाद भी किया गया। पूर्व अध्यक्ष विष्णु गोयल ने बताया कि कोरोना काल के दौरान काफी मुश्किलों में जनसेवा के कार्य किए और स्टील सिटी शाखा ने अपनी सेवा से लोगों के बीच लोकप्रियता हासिल की। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए शाखा सचिव निलय अग्रवाल ने बताया कि शाखा निरंतर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है। शाखा के स्तंभ माने जाने वाले पूर्व अध्यक्षों का सम्मान करने का सौभाग्य हमें मिला।

### त्रिपुरा में डॉ अजय पर बाइक रैली के दौरान रॉड से हमला

# उपद्रवियों ने की अंधाधुंध पत्थरबाजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** त्रिपुरा में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार पर जानलेवा हमला हुआ है। घटना बुधवार शाम की है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने में जुट चुकी है। इसी क्रम में बुधवार शाम डॉ अजय कुमार वहां मोटरसाइकिल रैली कर रहे थे। उस दौरान उपद्रवियों ने रैली पर अंधाधुंध पत्थरबाजी कर दी। बताया जाता है कि यह घटना राज्य सरकार के मंत्री सुशांत चौधरी की मौजूदगी में हुई. डॉ अजय कुमार को घायलावस्था में निकटस्थ अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी जांच व इलाज चल रहा है।

## मंत्री थे मौजूद

डॉ अजय कुमार ने बताया कि रैली के दौरान जिस जगह उपद्रवियों ने पत्थरबाजी की, उस वक्त वहां सुशांत चौधरी की गाड़ी आकर रुकी थी। पुलिस और मंत्री की मौजूदगी में यह घटना हुई। अतः इस घटना को क्या माना जायेगा. उन्होंने भाजपा नेता सुशांत चौधरी पर विद्वेष में आकर हमला कराने का आरोप लगाया है। डॉ अजय कुमार ने बताया है कि उन्हें पीठ और सिर में चोट आयी है। उपद्रवियों ने पीछे से उनके सिर पर रॉड से भी हमला किया था।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### उपायुक्त ने की मिशन अमृत सरोवर से संबंधित बैठक, लक्ष्य प्राप्ति के दिये निर्देश



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में मिशन अमृत सरोवर से संबंधित बैठक की गयी। पूर्व में राज्य सरकार द्वारा 75 अमृत सरोवर के लक्ष्य को बढ़ाते हुए 150 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपायुक्त श्री घोलप द्वारा इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, परियोजना निदेशक एएचएआई, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल आदि को लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपरोक्त विभागों को निर्देशित किया गया कि पूर्व में अर्धनिर्मित अथवा अपूर्ण तालाबों को चिन्हित करते हुए उनके निर्माण अथवा जीर्णोद्धार कराया जाए, जिससे राज्य सरकार द्वारा दिये गए 150 अमृत सरोवर के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। मौके पर उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन आदि उपस्थित थे।

### अभाविप ने गढ़वा पॉलिटेक्निक में किया काव्य प्रतियोगिता का आयोजन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा युवा उत्सव के निमित्त गढ़वा पॉलिटेक्निक में काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सह संयोजक कुमार शुभेंद्र ने कहा कि विद्यार्थी परिषद 12 जनवरी से लेकर 23 जनवरी तक युवा उत्सव के रूप में जिले भर में कार्यक्रम कर रहा है और 24 जनवरी को हजार छात्रों का छात्र सम्मेलन करेगा। इस उत्सव में जिले के तमाम कैंपस में विभिन्न कार्यक्रम कराये जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गढ़वा पॉलिटेक्निक के प्रधानाध्यापक डॉ निशांत ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र हित के साथ-साथ समाज हित में भी काम तथा परिषद छात्रों के कौशल को निखारने का काम करता है। कार्यक्रम में अनूप कुमार प्रजापति ने फौजी नामक कविता का पाठ किया। विपुल पांडे ने इंडियन आर्मी पर कविता कही। शिवानी कुमारी ने आजादी का दिन आया कविता का पाठ किया। इस मौके पर जिला कला मंच संयोजक कौस्तुभ तिवारी, टीएसबीपी संयोजक हरिओम तिवारी, हिमांशु, अंकुर, प्रियांशु, नेहा, साक्षी, पिंकी, लकी, सरवर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

### एटीएम कार्ड बदलकर महिला के खाता से आठ हजार रुपये की निकासी का मामला दर्ज

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रंका मोड़ पंजाब नेशनल बैंक एटीएम में एटीएम बदलकर 8,000 रु. निकासी करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मधया पंचायत अंतर्गत हरैया गांव निवासी प्रभा देवी पति विनय सिंह ने गढ़वा थाना में आवेदन देकर आरोपी को चिन्हित कर पैसा वापसी के साथ कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बुधवार को दोपहर एक बजे रंका मोड़ स्थित पंजाब नेशनल बैंक एटीएम में पैसा निकासी के क्रम में बगल में खड़े एक युवक ने सहयोग करने के नाम पर धोखाधड़ी के साथ मेरा एटीएम कार्ड बदल दिया और बाद में हम खाता चेक किए तो पता चला मेरे एटीएम से 8000 रु. की निकासी कर ली गयी है और उस युवक ने अपना एटीएम कार्ड भी मेरे पास छोड़ दिया। इस मामले को लेकर हम तत्काल भारतीय स्टेट बैंक उचरी बाजार शाखा में जाकर मिनी स्टेटमेंट निकलवाए तो पता चला चिनिया मोड़ स्थित एटीएम संख्या (6871) स्टेट बैंक एटीएम से 8000 रुपए की निकासी की गई है। साथ ही उस युवक की पहचान सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी हमारे द्वारा की गयी है। पीड़ित प्रभा देवी ने थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाए एवं हमारा पैसा वापस दिलवाया जाये।

### महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत पुलिस कर रही मामले की जांच

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत के महुआधाम टोला निवासी गूंगी कुंवर (48) पति स्व. प्रसाद चौधरी की संदेहास्पद स्थिति में मंगलवार की रात्रि में मौत हो गई। मृत्यु के पश्चात मृतका का छोटा पुत्र विशेश्वर चौधरी (17) ने अपने पड़ोसियों को मृत्यु की सूचना दी। बुधवार को पूरे गांव में खबर आग की तरह फैल गई। पड़ोसियों ने मृत्यु की सूचना हरिहरपुर ओपी में दी। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह अपने दल बल के साथ मृतका के घर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर घटना के विषय में पूछताछ छोटे पुत्र विशेश्वर चौधरी व पड़ोसियों से की। पुत्र के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उसकी मां बीते कई महीनों से बीमार चल रही थी। जिसकी दवा कराने के लिए मंगलवार को वह बंशीधर नगर गया जहां उसने अपने बड़े भाई संजय चौधरी को बिना सूचना दिये ही गांव के लक्ष्मण गुप्ता पिता विश्वनाथ साह के हाथों 1 लाख 25 हजार रुपये प्रति कट्ठा के हिसाब से तीन कट्ठा अपनी पुस्तौनी जमीन बेच दी थी। जिसका एग्रीमेंट मंगलवार को बंशीधर नगर में बीमारी की ही हालत में कराया था। जो मृतका के दाहिने हाथ के पांचों उंगलियों में लगी स्याही से स्पष्ट पता चल रहा था। उधर हरिहरपुर ओपी से पुअनि रामभरोस शर्मा ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। मृतका का बड़ा पुत्र संजय चौधरी जीवन यापन करने के लिए गुजरात के सूरत में मजदूरी करता है। बड़े पुत्र को भी घटना की सूचना दे दी गयी है। मृतका के दोनों पुत्र अभी अविवाहित हैं, घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया पति शंभू नाथ साह, उपमुखिया श्रवण पासवान, सत्यप्रकाश चौबे, रोहित साहनी, सोनू चौबे सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : सांसद ने किया 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन, कहा**

# प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में परीक्षा का तनाव काफी कम होगा

- प्रतियोगिता में करीब 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया
- प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं के बीच सांसद वीडी राम ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का किया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन गढ़वा स्थित आरके पब्लिक स्कूल में किया गया।

उक्त प्रतियोगिता में 9वीं, 10वीं एवं 11वीं एवं 12वीं कक्षा के छात्र-क्षात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय की घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भी दिया गया। प्रतियोगिता में 10 सर्वश्रेष्ठ तथा 25 श्रेष्ठ कला का प्रमाण पत्र भी प्रतिभागियों को दिया गया।

उक्त कार्यक्रम की तस्वीर प्रधानमंत्री कार्यालय को भी भेजी जाएगी। उक्त प्रतियोगिता में करीब 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में शामिल बच्चों में जबरदस्त उत्साह दिखा तथा प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र वितरण हेतु सांसद वीडी राम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सांसद ने बच्चों को प्रोत्साहित किया तथा कहा कि परीक्षा वारियर्स के रूप में शामिल सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया है। इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में परीक्षा का तनाव काफी कम होगा।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अलख नाथ पांडेय, विनय चौबे, मुकेश निरंजन सिन्हा, अवधेश सिंह चेरो, राम सरिख चन्द्रा, सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल, मिथलेश तिवारी, ईश्वरी पांडेय, धनंजय तिवारी, नरेंद्र तिवारी, ओंकार तिवारी, राजेंद्र यादव, राणा रिसकेश सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, स्कूल के प्रिंसिपल, आरके पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती प्रियंका वर्मन एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पुलिस पदाधिकारी जिले में अपराध और अपराधियों पर कसें नकेल : एसपी



- एसपी ने समीक्षा बैठक में मतहतों को अपराध नियंत्रण करने के दिये टिप्स

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** एसपी अंजनी कुमार झा ने पुलिस पदाधिकारियों संग अपराध नियंत्रण को लेकर समीक्षा बैठक की। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसें। एसपी ने मतहतों को अपराध नियंत्रण करने के टिप्स भी दिये।

बैठक में एसपी अंजनी कुमार झा ने पुलिस अधिकारियों की बातों को सुना, इसके बाद थानेवार अपराध की समीक्षा की। उन्होंने संगठित अपराध के आरोप में जेल में बंद अपराध कर्मियों के विरुद्ध सीसीए लगाने के लिये प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश सभी एसडीपीओ को दिया। विगत माह घटित सभी महत्वपूर्ण अपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए कांडों में आवश्यक कार्रवाई करते हुए त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये। बैठक में शामिल एसडीपीओ को पुराने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने एवं विशेष रूप से 05 वर्ष से अधिक लंबित कांडों का शत प्रतिशत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारियों को लंबित मामलों के निष्पादन करने, फरार आरोपितों की गिरफ्तारी, वारंट-कुर्की जब्ती की कार्रवाई को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए जुटी है शूटर की टीम

- सोमवार की रात कुशवाहा गांव में नसीम मंसूरी के घर में बंधे दो बकरों को तेंदुए ने मार दिया था एवं एक बकरे को साथ ले गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरिया।** आदमखोर हो चुके तेंदुआ को पकड़ने के लिए नवाब सैफ अली खान और उनकी टीम के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। फिर भी अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। बहुचर्चित प्राणी विशेषज्ञ टीम क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करते हुए सघन सर्च अभियान चला रही है। बुधवार को रमकंडा प्रखंड के स्वर में कैंप किए हुए हैं। सोमवार की रात कुशवाहा गांव में नसीम मंसूरी के घर में बंधे दो बकरों को तेंदुआ ने मार दिया था। मरने के बाद वह एक बकरे को साथ ले गया। वहीं परिवार के लोगों के द्वारा जमकर हल्ला करने के बाद दूसरे बकरे को छोड़ दिया था। इसकी जानकारी नवाब शाह को दी गई। नवाब साहब अपनी टीम के साथ मंगलवार को पहुंच घटनास्थल पर कैच लगाकर रात 2:00 बजे तक दोबारा तेंदुए के आने का इंतजार करते रहे, पर तेंदुआ नहीं आया। बुधवार को भी उक्त स्थल पर कैच लगाया गया है तथा उसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। नवाब साहब ने कहा कि हमारे गन का रेंज 25 मीटर ही है, वह हमारे रेंज में नहीं आ रहा है। पिंजरे के बाजू से निकल जा रहा है, पिंजरे में नहीं आ रहा है। बकरी मारता है तो हम पूरी तैयारी के साथ उक्त स्थल पर बैठते हैं लेकिन वह दोबारा बकरी मारने नहीं आता है, इसी में थोड़ी परेशानी हो रही है। फिर भी हमारी कोशिश जारी है। सरकार आदेश दे तो अब काम अलग होगा अभी हमें सिर्फ सरकार की तरफ से तेंदुए को बेहोश कर पकड़ने का आदेश प्राप्त है। बुधवार को तेंदुए की चहल-कदमी नहीं के बराबर ही देखी गई। इससे लोगों ने कुछ राहत की सांस ली है। पिछले एक महीने से पंडरिया रमकंडा क्षेत्र में तेंदुए का दहशत व्याप्त है। लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे हैं। शाम होते ही लोग घरों में दुबक जा रहे हैं। तेंदुए की दहशत इस कदर व्याप्त है कि विद्यालय में भी उपस्थिति पहले की अपेक्षा काफी कम हो गई है। विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं का विद्यालय नहीं आने के कारण उनका पठन-पाठन भी काफी प्रभावित हो रहा है।

### सिरोईखुर्द में युवती के साथ दुष्कर्म का मामला रंका थाना में दर्ज, आरोपी फरार

**रंका (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सिरोईखुर्द पंचायत में एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवती ने इस संबंध में रंका थाना में आवेदन देकर विकास साव नामक व्यक्ति के नाम प्राथमिकी दर्ज करायी है। रंका थाना कांड संख्या 7/23 दिनांक 16 जनवरी 2023 के तहत भादवि की धारा 376 पोस्को एक्ट 3 एससी, एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अभियुक्त विकास साव फरार बताया जाता है।

## कसौधन वैश्य समाज महिला मंच अध्यक्ष ने शादी की सालगिरह पर गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

- महिलाएं घर की दहलीज से बाहर निकल कर लोगों की सेवा करने के भाव से आगे आ रही हैं, यह बहुत ही उच्च विचार है : उमेश कश्यप




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** कसौधन वैश्य समाज महिला मंच गढ़वा के द्वारा महिला मंच की अध्यक्ष शोभा कश्यप की अध्यक्षता में सुधा कश्यप, रंजीत कश्यप के शादी सालगिरह पर उनके द्वारा गरीबों के बीच में कंबल वितरण किया गया।

महिला मंच की ओर से उन्हें कोटि-कोटि बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयीं। कहा गया कि सुधा कश्यप के द्वारा बहुत ही सराहनीय सोच रखी गयी। कड़ाके की ठंड में दिहाड़ी मजदूरों के बीच कंबल वितरण करना पुनीत कार्य है।

मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कसौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि महिलाएं घर की दहलीज से बाहर निकल कर लोगों की सेवा करने के भाव से आगे आ रही हैं। यह बहुत ही उच्च विचार है। समाज की महिलाएं समाज हित में अच्छी सोच रख रही हैं।

कार्यक्रम में महिला मंच की अध्यक्ष शोभा कश्यप, सचिव अर्चना कश्यप, कोषाध्यक्ष ममता कश्यप, उपाध्यक्ष कंचन कश्यप, संगठन मंत्री नमिता कश्यप, मनीष कश्यप, विवेक कश्यप, अभिषेक कश्यप, आशीष कश्यप, उत्तम कश्यप, सुनील कश्यप, राजकुमार गुप्ता, नरेंद्र कश्यप आदि शामिल थे।

**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(3rd Call)**

**Tender reference:-HZB/JJM/SVS_Cluster/23/2022-23(3rd Call) Date :- 17.01.2023**
**P.R. No.-270124 Drinking Water and Sanitation (21-22)_D**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work- | Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.& S. Division, Hazaribag for the Year 202 2-23 (Head-JJM) |

| Sl. No. | Group No | No of Panchayat | No of FHTC | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HZB/SVS_Cluster/Katkamdag-09B | 04 | 2006 | 826.74657 | 08.27 | 10,000.00 | 09 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:-21.01.2023 up to 02:00 PM |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:-30.01.2023 upto 05.00 PM |
| 4. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:-31.01.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 5. | Date of opening tender | Date:-01.02.2023 upto03.00 PM |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

I) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**D.W. & S. Division,**
**Hazaribag**

PR 287879 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e-Procurement Notice (1st Call)**
**Tender reference:-HZB/JJM/SVS_Cluster/16/2022-23(1stCall) Date :- 17.01.2023**

1. **Name of Work**-Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 202 2-23 (Head-JJM)

| Sl. No. | Group No | No of Panchayat | No of FHTC | Estimated Cost (in Lakhs) | E. M. Required (in Lakhs) | Cost Of BOQ (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA - 20 | 02 | 1755 | 682.39 | 06.83 | 10,000.00 | 09 Months |
| 2. | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA - 21 | 02 | 2696 | 983.88 | 09.84 | 10,000.00 | 09 Months |
| 3. | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA - 22 | 01 | 1965 | 756.42 | 07.60 | 10,000.00 | 09 Months |
| 4. | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA - 23 | 01 | 1324 | 525.14 | 05.30 | 10,000.00 | 09 Months |
| 5. | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA - 24 | 02 | 2383 | 938.59 | 09.40 | 10,000.00 | 09 Months |
| 6. | HZB/SVS_Cluster/ BARKATHA - 25 | 01 | 1413 | 556.69 | 05.60 | 10,000.00 | 09 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:-21.01.2023 up to 02:00 PM |
| 3. | Last date receipt of Bid | Date:-28.01.2023 upto 05.00 PM |
| 4. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:-30.01.2023 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi |
| 5. | Date of opening tender | Date:-31.01.2023 upto 03.00 PM |
| 6. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 7. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag |
| 8. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 |
| 9. | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**D.W. & S. Division, Hazaribag**

PR 287878 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

**विरोध : पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय बनाने के लिए प्रस्तावित जमीन की मापी कर पत्थलगड़ी का रैयतों ने किया विरोध, कहा**

# गरीबों का आशियाना उजाड़ने पर तूली है सरकार

- रैयतों ने झारखंड सरकार के मंत्री एवं स्थानीय प्रशासन के विरुद्ध की जमकर नारेबाजी



**बलराम शर्मा**

**मेराल।** जिले के मेराल अंचल क्षेत्र के पचपेड़ी मोड़ के समीप पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय बनाने के लिए प्रस्तावित जमीन की मापी बुधवार को मेराल के प्रभारी सीओ सह बीडीओ प्रवेश कुमार साव अपने कनीय अधिकारियों तथा पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचकर पैमाइश करा कर पत्थरगड़ी की। जिसका जम कर विरोध जमीन पर कई वर्षों से काबिज रैयतों द्वारा किया गया। इस दौरान झारखंड सरकार के मंत्री एवं स्थानीय प्रशासन के विरुद्ध ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। लोगों ने छात्रावास का विरोध करते हुए कहा कि इस जमीन पर वे लोग वर्षों से काबिज हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह बकास्त जमीन है। जिसे सरकार जबरन लूट रही है। प्रस्तावित जमीन पर बने मकान में रह रही महिलाओं ने इसका जमकर विरोध किया। इसके अलावा वे स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर गरीब परिवार को उजाड़ने का आरोप लगा रही थी। ग्रामीणों का कहना था कि सरकार बिना सूचना के उन सभी को यहां से उजाड़ने का काम कर रही है। हम सभी अपने बाल बच्चों को लेकर कहां जाएंगे। जानकारी के अनुसार प्रस्तावित 28 एकड़ जमीन पिछड़ा वर्ग आवासीय विद्यालय में जा रहा है। उक्त प्रस्तावित जमीन पर दो तीन दर्जन से अधिक लोग घर बनाकर अपने परिवार के साथ रहते हैं।

**पूर्व में भी हुआ था जमीन की मापी का विरोध :** बता दें कि उक्त प्रस्तावित जमीन की मापी करीब चार-पांच माह पूर्व तत्कालीन अंचलाधिकारी द्वारा कराई गई थी। जिसका भरी विरोध जमीन पर काबिज लोगों द्वारा किया गया था। तब गढ़वा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने उक्त ग्रामीणों के साथ उपायुक्त गढ़वा से मिलकर रैयतों को बेघर करने से रोकने की गुहार लगाई थी।

## जिला पंचायत शाखा से संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



लातेहार । उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत शाखा से संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त ने जिला परिषद तथा पंचायत समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 अंतर्गत प्राप्त राशि के विरुद्ध किए गए खर्च की समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त को 15वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने नियमानुसार राशि खर्च करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा , जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रीमती प्रीति सिन्हा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला समन्वयक, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व सभी पंचायतों के जनसेवक उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में भाग लेने प्रतिभागी हुए रवाना

बरवाडीह। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रयास से नेतरहाट में सांसद खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बरवाडीह प्रखंड से 50 से अधिक विभिन्न खेलों की प्रतिभागियों बरवाडीह से रवाना किए गए।जानकारी के अनुसार नेतरहाट में 18 जनवरी से तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें चतरा लोकसभा के सभी प्रखंडों से विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों इसमें भाग ले रहे हैं।तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बुधवार की सुबह प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी एवं सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद द्वारा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से विभिन्न खेलों के 50 से अधिक बालक एवं बालिकाओं की टीम को विशेष बस से हरी झंडी दिखाकर बरवाडीह से नेतरहाट के लिए रवाना किया गया।सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि प्रखंड के विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बरवाडीह से रवाना किया गया है।उनके साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी उनकी देखरेख में बरवाडीह से नेतरहाट के लिए रवाना किया गया है।मौके पर प्रदीप कुमार सिंह ,सुनील कुमार सिंह ,मुखिया कालो देवी ,प्रवीण कुमार,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीरज सिंह,विकास सिंह,राजू सिंह मनोज प्रसाद, मनोज यादव समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता टीम रवाना के समय उपस्थित थे।

## 20 वर्षो से फरार एक वारंटी को छिपादोहर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



बरवाडीह। जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार व मनिका थाना प्रभारी राणा प्रताप सिंह की संयुक्त कार्रवाई करते हुए।पुलिस ने लूट डकैती अपहरण मामले में 20 वर्षो से फरार एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।छिपादोहर पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के लुकुमखाड़ गांव निवासी तपेश्वर सिंह के पुत्र विजय सिंह विगत 20 वर्षो से फरार चल रहा था। आरोपित के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया।वही इस सम्बंध में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि 20 वर्षो से विजय सिंह पुलिस को चकमा दे रहा था।गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।साथ ही उसपर 14 बार स्थायी वारंट भी जारी किया गया था।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार,लातेहार के तत्वाधान में बैठक आयोजित की गयी

लातेहारः नालसा, नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निदेशार्नुसार आगामी 11 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाले राष्टीय लोक अदालत के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव स्वाती विजय उपाध्याय की अध्यक्षता में बैंक के पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।, इस विशेष बैठक में प्राधिकार के सचिव ने बैंक पदाधिकारियों से अनुरोध किया कि सभी बैंक चिन्हित मामलों में अभी से नोटिस निर्गत करना शुरू कर दें जिससे कि ससमय इसका तामिला टास्क फोर्स के माध्यम से कराया जा सके। इस बैठक में अग्रणी बैंक प्रबंधक समेत बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्रीमति स्वाती विजय उपाध्याय ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयों को दिनांक 11 फरवरी को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निबटारा करवाने हेतु निर्देश दिया। यह पक्षकारों के लिए सुनहरा अवसर है कि वे सुलभ एवं सरल तरीके से मामलों का निष्पादन करवा सके एवं राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर छात्र-छात्राओं ने किया पूर्वाभ्यास



बारियातु। गणतंत्र दिवस को लेकर मुख्यालय सहित कई विधालयों में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर छात्र छात्राओं को पूर्वाभ्यास कराने में शिक्षक जुटे। मुख्यालय के +2 उच्च विद्यालय व मध्य विधायक, साल्वे मध्य विधालय, टोंटी अपग्रेड उच्च विद्यालय, गोनिया उच्च विद्यालय, फुलसु उच्च विद्यालय, गोनिया उच्च विद्यालय, लादु, करमा,नावाडीह, बठेठ, बालुभांग, मतकोमा, भाटचतरा,बनवार, मनातु, फुलवसिया, डाढ़ा, पुकचु, चेटुआग सहित कई विधालयों में शिक्षकों ने अपने अपने छात्र छात्राओं के बीच देश भगति गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम के रिहर्सल के लिए कई टास्क दिए। पूर्वाभ्यास में मनिषा कुमारी, सुमन कुमारी, सुरूति कुमारी, अनुराधा कुमारी, मेघा कुमारी, आराध्या छवि सहित दर्जनों छात्र छात्राएं विधालय में लगे एलईडी के माध्यम से अभ्यास करते नजर आए।

## हाथी के डर से स्कूल में रात बिता रहे हैं लोग



महुआटाड। रात में ग्राम हुरमुंडाटोली के सभी ग्रामीण घर छोड़ कर चार दिनों से बच्चा लेकर स्कूल भवन में रात बिता रहे हैं, वहीं सभी लोग सड़क किनारे अलाव जलाकर रात भर गांव की रखवाली कर रहे हैं वहीं प्रभावित ग्राम पकरीपाठ, चोरमुंडा, हुरमुंडाटोली के ग्रामीण सड़क किनारे व गांव के चारों तरफ अलाव जलाकर कर हाथियों को गांव में नहीं के घुसने लिए प्रयास कर रहे हैं।

### महुआडांड में 14 हाथियों का झुंड मचा रहा उत्पात

# तीन दिनों में तोड़े 19 घर एक बच्चे की ली जान

आजाद सिपाही संवाददता

**महुआडांड :** नेतरहाट वन प्रक्षेत्र के जंगलों में हाथियों का उत्पात पिछले तीन दिनो से चरम पर है।वन क्षेत्र के हुसंबु गांव में मंगलवार शाम को जंगली हाथियों के झुंड द्वारा किए गए हमले में एक बच्चे की मौत हो गई वही बच्चे की मां और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए साथ ही हाड़ीबार गांव में पांच घरों को ध्वस्त कर दिया। इस संबंध में वनपाल अजय टोप्पो ने बताया कि हुसंबु गांव में शाम लगभग पांच बजे अजय नगेसिया के घर पर हाथियो के झुंड ने हमला कर दिया,इस दौरान घर में अजय नगेसिया की पत्नी मुनिया नगेसिया और दो बच्चे मौजूद थे।हाथी के हमला करते ही मुनिया नगेसिया अपने दोनो बच्चो को लेकर घर से बाहर निकली,लेकिन घर के बाहर खड़े हाथी से टकरा गई,जहां उसके गोद में मौजूद दो वर्ष का बच्चा सुर्या नगेसिया जमीन पर गिर गया और बच्चा हाथी के पैर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।फिर हाथी दूसरे बच्चे की ओर लपका, लेकिन चार वर्षीय अभि नगेसिया उठकर भागने में सफल रहा, हालांकि हाथी के हमले में बच्चे का एक हाथ जख्मी हो गया,फिर हाथी ने मुनिया नगेसिया पर हामला किया जिससे हमले में उसका एक पैर बूरी तरह जख्मी हो गया।वही देर रात हाड़ीबार गांव में हाथियों के दल ने हमला कर दिया जिसमे माइकल कुजूर,बेनेडिक्ट केरकेट्टा,सुधीर केरकेट्टा,अजय यादव,मार्ग्रेट केरकेट्टा के घर को ध्वस्त कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही बुधवार सुबह वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच घायल बच्चे और मां को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नेतरहाट लाया गया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर किया गया।वही इस संबंध में रेंजर बृंदा पांडेय ने बताया कि मृत बच्चे के पिता को तत्काल मदद के रूप में 25 हजार दिया गया साथ ही घायलों के इलाज हेतु 10 हजार रुपए उपलब्ध कराए गए और जल्द ही मृतक के परिजनों को मुआवजा भुगतान किया जाएगा।

वही थाना प्रभारी बंधन भगत ने हुसंबु गांव पहुंच बच्चें के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु लातेहार भेज दिया।



**चिकित्सक के अभाव में ड्रेसर से किया गया प्राथमिक उपचार**

**हाथियों के हमले में घायल मुनिया नगेसिया एवं उनके पुत्र अभि नगेसिया को जब बेहतर इलाज के लिए नेतरहाट स्थित राजकीय औषधालय नेतरहाट हॉस्पीटल लाया गया, तो वहा कोई भी चिकित्सक मौजूद नही थे। अस्पताल में मौजूद एकमात्र ड्रेसर नन्दू पासवान के द्वारा घायलों का किसी तरीके से इलाज किया गया। वहीं घायल मुनिया देवी को जमीन पर लेटाकर इलाज किया गया। इस संबंध में पुछे जाने पर ड्रेसर नंदू पासवान ने बताया कि अस्पताल में बिशुनपुर के डाक्टर एस. ठाकुर की प्रतिनियुक्त की गई है लेकिन वह कभी आते नही हैं। मुझे ही किसी प्रकार सब कुछ मैनेज करना पड़ता है।**

## एसडीपीओ ने कैरो थाना पहुंच कर लंबित का कांडो के शीघ्र निष्पादन का दिया निर्देश



**कैरो,(लोहरदगा)** कैरो थाना में दिनांक 18 जनवरी बुधवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह कैरो थाना पहूँचकर थाना मे दर्ज लम्बित काण्ड की समीक्षा की। श्री सिंह ने अपराध से संबंधित लम्बीत काण्ड पर अभी तक थाना अधिकारियो के द्वारा की जा रही कार्य की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों से काण्ड का उद्भेद्न कर शीघ्रतापूर्वक निष्पादित करने की बात कैरो थाना के अधिकारियो से की।

वहीं श्री सिंह ने थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर पुलिस गश्ती नियमित रूप से करने,के साथ साथ अपराध नियंत्रण पर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियो को दिया। मौके पर कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव,एसआई ऋषि कान्त शर्मा,एएसआई क्रिशतोफर तिर्की, एसडीपीओ के स्टोनो हेमंत राम इत्यादि उपस्थित थे।

## हेटलोटो ग्राम में किया गया भूमि पूजन

**लातेहार:** जिले के सदर प्रखंड इचाक पंचायत के समीप हेठलोटो ग्राम में अखिल भारतीय भुइंया समाज कल्याण समिति , माता शबरी आवासीय शिक्षण संस्थान सह जिला व प्रखंड कार्यालय के द्वारा आज भूमि पूजन पूरे विधि विधान के साथ किया गया। भूमि पूजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया विद्यालय खोलेने को लेकर जिला अध्यक्ष राजू भुइंया ने कहा कि गरीब बच्चों , विकलांग बच्चों को एवं वैसे बच्चे जो गरीबी के कारण शिक्षा पूरी नहीं कर पाते है वैसे बच्चों को इस स्कूल में नि:शुल्क पढ़ने एवं रहने की सुविधा आवासीय विद्यालय में दिया।

### लातेहार पुलिस को प्रतुल शाहदेव ने दिया अल्टीमेटम

## मनिका सड़क दुर्घटना का पुलिस शीघ्र खुलासा करे, वरना होगा आंदोलन : प्रतुल शाहदेव

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार आजाद सिपाही।** लातेहार मनिका 8 जनवरी की रात मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान के समीप हुई सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी थी जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए थे। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस घटना पर लातेहार और मनिका पुलिस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि घटना को 10 दिन बीत चुके है अबतक पुलिस द्वारा किसी प्रकार का बयान जारी नही किया गया। पुलिस का यह रवैया दशार्ता है कि पुलिस इस कांड में कुछ लीपापोती करने का प्रयास कर रही है या फिर पूरे मामले को पुलिस ने सीरियसली नहीं लिया है। अभी तक दुर्घटना करने वाले वाहन का सीसीटीवी फुटेज भी नहीं खोजा गया है। अरुण उपाध्याय समेत सभी युवक इन दिनों गौ रक्षक के रूप में जाने जाते थे। कई बार इन लोगों की गौ तस्करों के साथ विवाद भी हो चुका था। प्रतुल शाहदेव ने मनिका पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि अरुण घायलावस्था में दो घण्टे तक ठंड में सड़क से मात्र 20 फीट की दूरी में पड़ा था पुलिस ने ढंग से जांच ही नही की थी। अब तक गाड़ी को ट्रेस नही किया गया जो कि संदेह को बल दे रहा है। प्रतुल ने लातेहार पुलिस को अल्टीमेटम देते हुए कहा के अति शीघ्र पुलिस इस मामले का पटाक्षेप करें।



## मैक्स क्लब, खान स्पोर्टिंग, आलौदिया और चंदवा थाना ने अपने-अपने मैच जीते

**चंदवा ।** चंदवा युवा भारत द्वारा स्थानीय खेल स्टेडियम में आयोजित जस्टिस एलपीएन शाहदेव टी-10 कैनवास क्रिकेट टूनामेंट में बुधवार को हुए के पहले मैच में मैक्स क्लब डैमटोला ने आरपीएफ को 10 विकेट से हराया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच शाहिद को दिया गया। दूसरे मैच में खान स्पोर्टिंग ने बोदा को दो विकेट से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच राजेश बने। तीसरे मैच के रोमांचक मुकाबले में अलौदिया ने लाधुप को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच आलौदिया के शक्ति सिंह को दिया गया। वही अंतिम मैच में चंदवा थाना की टीम ने पॉपुलर कोचिंग सेंटर की टीम को 41 रनों से हरा दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच सूरज बने। टूनार्मेंट के सफल आयोजन मेंआकाश,अक्षय,दारा,मनीष,रंजन ,जूनियर आदि कि अहम भूमिका निभा रहे है।

## शहीद शेख भिखारी की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाने दी जायेगी : मोजम्मिल अंसारी



**लोहरदगा।** जिले के हिरही चौक में स्मारक समिति हिरही की ओर से शहीद शेख भिखारी की शहादत दिवस सह मेला आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद शेख भिखारी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। साथ ही फातिहा ख्वानी एंव दुआएं की गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी मोजम्मिल अंसारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी में शहीद शेख भिखारी ने काफी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने अंग्रेजो को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था औ? अंग्रेजों को आजादी की लड़ाई में छक्के छुड़ा दिए थे अंततः में राजनीति के तहत अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर चुट्टूपहाड़ी के बरगद के पेड़ में लटका कर 8 जनवरी 1858 को फांसी दे दी गई। उन्होंने कहा कि शहीद शेख भिखारी की कुबार्नी के बदौलत ही आज हम लोग आजादी की जिंदगी जी रहे हैं। मोजम्मिल अंसारी ने कहा कि शेख भिखारी की कुबार्नी को कभी भी व्यर्थ जाने नहीं देंगे। कार्यक्रम के उपरांत क्षेत्र के गरीब असहाय वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर सगीर अंसारी, शुशीला देवी, संजय विश्वकर्मा, समिति के अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, सचिव एजाज अंसारी, सह सचिव शकील अहमद, इसराफिल अंसारी, अनिमूल, कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, संरक्षक हाशिम अंसारी, मुबारक अंसारी, सयूब अंसारी, हफिजूल अंसारी, नेजाम अंसारी, मुस्तफा अंसारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## चतरा लोकसभा एथलेटिक्स मीट सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम की शुरूआत

**महुआडांड़।** प्रधानमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण इलाकों के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य नेतरहाट में बुधवार से चतरा लोकसभा एथलेटिक्स मीट सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम की शुरूआत की गई । सांसद सुनील सिंह के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम में चतरा लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंडों से चयनित खिलाड़ियों को लगभग 1 दर्जन से अधिक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का अवसर मिला है जहां सांसद के माध्यम से बुधवार को खिलाड़ियों के पंजीयन और उनके बीच ट्रैक सूट समेत खेल की सामग्री के वितरण करने का काम सांसद के माध्यम से किया गया वही देर शाम कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत भी की गई भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण करने का काम किया गया जिसके बाद अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से मशाल प्रज्वलित की प्रक्रिया पूरी की गई ।

## भाषा को जानें, समझें, एक-दूसरे का सम्मान करें : उपायुक्त डॉ बाघमारे



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। राष्ट्र तभी सबल होता है, जब हम एक दूसरे की संस्कृति , भाषा को जाने, समझे और एक दूसरे का सम्मान करें। उपर्युक्त बातें उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने अंतर्राष्ट्रीय जंबुरी एवं राष्ट्रीय जंबुरी टीम राजस्थान में शामिल भारत स्काउट और गाईड टीम को संबोधित करते हुए कहा। उपायुक्त ने बच्चों के साझा प्रश्न पर कहा कि भाषा बाधक नहीं होनी चाहिए। भाषा को भी सीखना चाहिए। बच्चों के द्वारा जंबुरी के अनुभव से उपायुक्त को अवगत कराया गया। इसके पूर्व जिला सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन ने झारखंड के वीर शहीदों की जीवनी से संबंधित पुस्तक उपायुक्त महोदय को भेंट किया। इन्होंने 2022 में संस्था के क्रियालापों में डीसी के मार्गदर्शन के प्रति आभार प्रकट किया। संयुक्त सचिव मुमताज अहमद ने डीसी को भारत स्काउट और गाइड का बैच एवं केंद्रीय विद्यालय की गाईड टीचर कांता एंजलीन बाड़ा ने भारत स्काउट गाइड का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन ने किया। सम्मेलन कक्ष में अन्य लोगों के अलावा संत स्तानीशलास उच्च विद्यालय के फादर फिल्मोन एक्का, जे एन वी की गाईड टीचर, इंटर कॉलेज किस्को के प्रिंसिपल ओबेदुल्ला प्रवेज ने भी अपना विचार रखा।

## सड़क पार कर रही बच्ची को रौंदते हुए कार फरार

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के पतराटोली में एक सड़क हादसे में छोटी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को आनन फानन में परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए बच्ची को रिम्स रेफर कर दिया. जहां उसकी इलाज चल रहा है. घटना शहरी क्षेत्र में पतराटोली पेट्रोल पंप के पास की है, जहाँ सड़क पार कर रही छोटी बच्ची को तेज रफ्तार एक कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि एक छोटी बच्ची सड़क पार कर रही होती हैं तभी तेज रफ्तार कार उसे रौंदते हुए फरार हो गया। कार चालक ने ब्रेक भी नहीं लगाया और रफ्तार से गाड़ी को भगा ले गया। घायल बच्ची की पहचान विक्रम उरांव की पांच वर्षीय पुत्री सुरभि कुमारी के रूप में किया गया है. बताया गया कि बच्ची अपनी मां के साथ अपने बीमार पड़े ममेरे भाई से मिलने लोहरदगा के पतराटोली आई थी. बच्ची अपने घर से बाहर खेल रही थी। उसी दौरान उसका ममेरा भाई सड़क के उस पार खड़ा था। अपने भाई को देख बच्ची उसके पास जाने के लिए सड़क पार जाने लगी। इस दौरान उसने सड़क पर आती कार को न देखा और तेज रफ्तार कार ने बच्चो को ठोकर मार दी।

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन

लोहरदगा । जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में 20 से 22 जनवरी तक किया जाना है। आयोजन समिति के समन्वयक सह जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव सुखैर भगत की अगुवाई में आवश्यक कार्य प्रगति पर है। प्रतियोगिता जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग तथा सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग सहित 4 वर्गों में आयोजित की जाएगी। जिसमें 100, 200, 400, 800, 1000, 1500, 3000 मीटर रेस, 15000 मीटर रोड रेस, 110 मीटर हडल रेस, ऊंची कूद, लम्बी कूद, डी थ्रो, जेवलिन, तीरंदाजी, 4.100 रिले रेस, 4.400 रिले रेस, 24000 मीटर साइालि रेस, 5000 मीटर वॉकिंग रेस, शॉट पुट, ट्रिपल जम्प, राइफल शूटिंग, पिस्टल शूटिंग सहित अन्य खेल प्रतिस्पधाओं का आयोजन किया जयेगा। आयोजनकर्ता खेल मैदान निर्माण, पंजी निर्माण, इंट्री फाइल निर्माण, चेस्ट नम्बर, प्रमाण पत्र निर्माण में लगे हुए हैं। आयोजन समिति के समन्वयक के सूखैर भगत ने बतलाया कि कोरोना के बाद यह आयोजन किया जा रहा है। 68वें झारखंड राज्य लोहरदगा ओपेन एथलेटिक मिट में विभिन्न जिलों से लगभग सात सौ प्रतिभागी भाग लेंगे, जिसके लिए आवासन व्यवस्था सहित भोजन इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जा रही है। आयोजन को सफल बनाने में सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, शकील अख्तर, नसीम अख्तर, मुरारी गोस्वामी, अरुण राम, अजय प्रसाद, दुर्गा भगत,विनय उरांव, सुखदेव उरांव, साबिर हुसैन, नईम खलीफा, तनवीर गौहर, तबारक अंसारी कार्तिक महतो सहित अन्य लगातार कार्य कर रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर बैठक



चंदवा। चंदवा में 74वां गणतंत्र दिवस को लेकर चंदवा के प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता चंदवा के प्रमुख श्रीमती मनीषा उरांव ने किया वहीं मंच संचालन चंदवा के बीडीओ विजय कुमार ने किया कार्यक्रम को देखते हुए श्री कुमार ने सभी विभाग के समय सारणी बताया और स्कूल के सभी शिक्षकों को निर्देश दिया कि चंदवा के खेल स्टेडियम में मार्च पास के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर सभी स्कूल तैयारी कर ले उसके बाद सभी विभाग के लोगों को समय सारणी के साथ झंडोत्तोलन की भी बात कही। उसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो बच्चे अच्छा नृत्य करेंगे उसको लेकर भी चर्चा की गई तमाम विभाग के और कॉरपोरेट घराने को भी लिखित आदेश देकर राष्ट्रीय पर्व में सहभागिता बनने के लिए बात कही है इस अवसर पर चंदवा के उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा पशुपालन विभाग के डॉक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रतिनिधि जेएमएम नेता शुभम कुमार गिरी सभी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं मुखिया पंचायत समिति सदस्य ब्लॉक के सभी कर्मचारी गण इस बैठक में उपस्थित थे।

## शिक्षकों का योग प्रशिक्षण 21 से



बरवाडीह। लातेहार जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर बरवाडीह प्रखंड के सभी विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है .प्रशिक्षण का शुभारंभ 21 जनवरी से किया जाएगा. कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी एसएन तिवारी ने बरवाडीह स्थित आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर (राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय) में बैठक की. इस दौरान श्री तिवारी ने दी जाने वाली प्रशिक्षण के सभी पहलुओं की जानकारी दी.वहीं प्रशिक्षकों से भी मिलेगा को भी कई टिप्स दिया.कहा कि विद्यालय के सभी बच्चों को योग की शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम है.इसके तहत सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा.इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है.सरकार के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण में बरवाडीह प्रखंड के पांच सीआरसी केंद्रों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा .इसके लिए प्रशिक्षकों की भी सूची जारी कर दी गयी है .राजकीय मध्य विद्यालय बरवाडीह में प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ,प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह में संतोष प्रसाद, राजकीय उच्च विद्यालय छेंचा में बेंजामिन कुजुर राजकीय मध्य विद्यालय मुरू में अब्राहम कुजुर, राजकीय मध्य विद्यालय सरईडीह में रोहित कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा.प्रभारी आयुष चिकित्सा पदाधिकारी श्री तिवारी ने कहा कि योग जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है आज की भागदौड़ की जिंदगी में लोग कई बीमारियों से गिरते जा रहे हैं. तनाव से दूर व शरीर को फिट रखने के लिए योग का महत्व पूर्ण स्थान है .इसलिए सरकार का निर्देश है कि विद्यालय के बच्चे भी योग करके स्वस्थ दुरुस्त हो. प्रत्येक शनिवार को विद्यालयों में बच्चों को योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा .इसके लिए सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## आक्रोश : चैनपुर में रौतिया समाज ने भू-माफियाओं का किया पुतला दहन

# भू-माफियाओं को दी सेंदरा करने की चेतावनी

**भू-माफियाओं के खिलाफ आक्रोशित रौतिया समाज के लोग रौतिया बस्ती से जुलूस की शक्ल में चैनपुर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में रौतिया समाज के सैकड़ों लोगों ने चैनपुर के भू-माफियाओं के खिलाफ जुलूस निकाल व पुतला दहन कर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। भू-माफियाओं के खिलाफ आक्रोशित रौतिया समाज के लोग रौतिया बस्ती से जुलूस की शक्ल में चैनपुर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंचे। जहां भू-माफियाओं का पुतला दहन किया गया। साथ ही जमकर भू-माफियाओं के खिलाफ नारेबाजी की गयी। भू-माफिया मुदार्बाद रौतिया समाज के लोगों का जमीन को वापस करना होगा, नहीं सुधरने पर जमीन माफिया व दलालों का सेंदरा होगा, सीओ साहब होश में आओ, अनुमंडल पदाधिकारी होश में आओ, चैनपुर कर्मचारी होश में आओ, जैसे नारे लगा रहे थे। रौतिया समाज के अध्यक्ष राजेशरण भगत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भोले भाले रौतिया समाज के लोगों की जमीन को माफियाओं के द्वारा अंचल कर्मियों से मिलीभगत कर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कर मोटेसन कर लिया जा रहा है। फिलहाल के दिनों में रामप्रसाद रौतिया की तीन एकड़ जमीन को फर्जी तरीके से लिखा लिया गया। चैनपुर के छतरपुर निवासी महिनाथ रौतिया की इसी वजह से सदमे में मौत हो गई। जिससे रौतिया समाज भड़क उठा और माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

श्री भगत ने कहा कि जब तक माफियाओं के खिलाफ प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इस मामले पर रामप्रसाद रौतिया ने कहा कि मेरी तीन एकड़ जमीन को दूर के एक रिश्तेदार टहनु रौतिया से जमीन की रजिस्ट्री करा ली गयी है। पंजी टू में टहनु रौतिया का नाम फर्जी तरीके से अनुमंडल पदाधिकारी की मिलीभगत से कर दिया गया और इस खेल में चैनपुर के सक्रिय भूमाफिया रितेश गुप्ता, विनोद जयसवाल, संतोष सिंह, ओमप्रकाश सिंह, लव जयसवाल का नाम शामिल है।

ज्ञातव्य हो कि एक दिन पूर्व भू-माफियाओं के खिलाफ रौतिया समाज के द्वारा सड़क जाम कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। बावजूद प्रशासन की आंख खुलती नहीं दिखी। बुधवार को भू-माफियाओं का पुतला दहन किया गया।

इधर इस मामले में फर्जी नाम चढ़ा जमीन की रजिस्ट्री करने वाले टहनु रौतिया से पूछे जाने पर कहा कि मुझे किसी भी तरीके की कोई जानकारी नहीं है। बहला-फुसलाकर मुझे ले गए और रजिस्ट्री करा लिया। मुझे इतना भी पता नहीं है कि कहां की जमीन है और किसके नाम से रजिस्ट्री हो रही है। डरा-धमकाकर मुझे ले जाकर मेरे रिश्तेदार की जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा ली गई है। मुझे जाना होगा मैं जाकर बयान दूंगा।

### रौतिया समाज के लोगों को मिले न्याय : मेरी लकड़ा

इधर इस मामले में जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि भू-माफियाओं का मनोबल दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। रौतिया समाज के लोगों के द्वारा माफियाओं के खिलाफ आवाज बुलंद किया जा रहा है। मैं उनके इस आंदोलन में साथ हूं। न्याय मिलना चाहिए अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन से भी मांग करूंगी कि इस तरीके से फर्जी कार्य पर रोक लगाये और गरीब शोषित लोगों को न्याय दिलाने में मदद करे।

### रौतिया समाज के साथ हो रहा है अन्याय : मुखिया

वहीं चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने कहा कि रौतिया समाज के साथ अन्याय हो रहा है इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की मिलीभगत के बगैर कुछ भी नहीं किया जा सकता है। रौतिया समाज के लोग सीधे साधे भोले भाले होते हैं, जिसका फायदा उठाकर भू-माफियाओं के द्वारा जमीन को हड़प लिया जा रहा है। प्रशासन इस पर अंकुश लगाए नहीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### रौतिया समाज का शोषण अब नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : भूषण बैगा

वहीं रौतिया समाज के भूषण बैगा ने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ रौतिया समाज ने मोर्चा खोल दिया है। अब समाज की जमीन की तरफ आंख उठाकर भी देखा गया तो उनका सेंदरा कर दिया जाएगा। काफी दिनों तक भू-माफिया हमारे समाज का शोषण अत्याचार करता रहे, अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। भू-माफियाओं के खिलाफ अगर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तो प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक धरना-प्रदर्शन व रैली निकाली जाएगी और अपना अधिकार लिया जाएगा। भू-माफियाओं के द्वारा फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कर जो जमीन हड़प ली गई है प्रशासन उसे वापस दिलाये।

## ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर भेजी जाने वाली चादर का हुआ शहर भ्रमण



**मांगी गई मुल्क में अमन चैन एवं शांति की दुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला की ओर से देश मे अमन और शांति की दुआ के लिये हिंदल वली ख्वाजा गरीब नवाज अजमेरी रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह अजमेर शरीफ भेजे जाने वाली चादर शरीफ का पूरे गुमला शहर में भ्रमण कराई गयी। जिसमे हर धर्म और समुदाय के अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत गौसिया मोती मस्जिद बाजार टांड़ गुमला के समीप फातिहा ख्वानी की गई। जामा मस्जिद के इमाम इनामुल कादरी रब्बानी ,गौसिया मोती मस्जिद के इमाम हाफिज जाहिद रजवी और मदरसा कादरिया रिजविया के मुदर्रिस हाफिज सरफराज नाजा ने संयुक्त रूप से फतेहा ख्वानी में हिस्सा लिया। उसके बाद अंजुमन इस्लामिया गुमला के नाजिम ए आला अब्दुल जब्बार रजवी , कार्य. सदर इरसाद खान ,कार्य. सचिव खुर्शीद आलम ,उपाध्यक्ष आफताब आलम लाडले , कोषाध्यक्ष मंसूर कुरैशी ,प्रवक्ता हसन अली ,जामा मस्जिद कमिटी ,अंजुमन पंचायतों के सदर /सचिव शाहजहां अंसारी , कल्लन अंसारी ,महफूज आलम ,एखलाक अंसारी , सुहैब आलम , आमिर खान , कलाम असदकी , फिरोज राय , गियास अली ,जमील खान ,नौसाद देवा , रफी अली , चाँद मंजर ,राजू कुरैशी , आदि ओहदेदारों की अगुवाई में चादर शरीफ को शहर में गश्त कराया गया। चादर मुबारक 21 जनवरी को अजमेर शरीफ के लिए जायरीन के साथ गुमला से भेजा जाएगा इसकी जानकारी अंजुमन इस्लामिया गुमला के कार्य. सचिव खुर्शीद आलम ने दी।

## मजदूरी कर लौटने के क्रम में मजदूर गायब, परिजन परेशान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गोवा में मजदूरी कर अपने घर वापस आने के क्रम में मजदूर अगनू मिंज (25) अचानक गायब हो गया। अंगनू मिंज जिला अंतर्गत बसिया प्रखंड के कोनबीर नावाटोली तेतरा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। उक्त मजदूर के पिता का नाम स्व. डोमरा मिंज है। बताया जा रहा है कि अगनू अपने गांव के एक साथी के साथ गोवा से वापस बसिया प्रखंड के कोनबीर नावाटोली तेतरा अपने घर आ रहा था, तभी ठाणे नासिक रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर छोटा रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से उतर कर अचानक गायब हो गया। इस बात की जानकारी परिजनों ने मजदूर संघ सीएफटीयूआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खान को दी, तब पूरे मामले की जानकारी आहतू थाना प्रभारी आकाश पांडेय तथा सीआई मनोज कुमार को देकर मजदूर को ढूंढने की गुहार लगायी गयी।

## किसानों को करें नयी तकनीक से लैस : उपायुक्त

**उपायुक्त ने की आत्मा शासकीय निकाय के कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022- 23 के तहत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (एसएमएई) के तहत कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई। योजना के तहत किसानों का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रत्यक्षण, किसानों के परिभ्रमण कार्यक्रम, कृषकों के क्षमता विकास, किसान मेला, कृषक वैज्ञानिक अंतर्मिलन, कृषक गोष्ठी, कृषक पाठशाला, मिशन धान, मिशन दलहन, मिशन सरसो मिनिकिट आदि जैसे बिंदु शामिल थे। उपायुक्त ने बिंदुवार सभी कार्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया एवं योजनाओं पर स्वीकृति प्रदान की।

उपायुक्त ने किसानों के लिए जिला स्तरीय 12 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु योजना बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सफल किसानों की सक्सेस स्टोरी का एक बुकलेट तैयार करते हुए अन्य किसानों को प्रेरित करने को कहा। इसके साथ ही उपायुक्त ने किसानों की क्षमता विकास हेतु नए तकनीक एवं नए तरीके से कृषि पद्धति से किसानों को जागरूक एवं प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। पुराने रटे रटाए तरीके से हट कर किसानों को नए तकनीक की जानकारी देना आवश्यक है। सभी किसानों को प्रशिक्षण देने हेतु वैसे खेतों में लेकर जाने को कहा जहां नए तकनीक का उपयोग कर कम लागत में किसान अधिक मुनाफा कमा रहें है।

इस वर्ष रागी की खेती को लेकर उपायुक्त ने ध्यान केंद्रित करने को कहा। जिले के कम से कम 10 एकड़ जमीन पर रागी की खेती करने पर संबंधित पदाधिकारियों को कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में जल्द ही रागी फेस्ट का भी आयोजन किया जाना है, साथ ही रागी के उत्पादन से लेकर मार्केटिंग के सभी पहलुओं पर मिलकर कार्य करने की बात कही। बैठक में पूर्व से कार्यरत उप परियोजना निदेशक, बीटीएम, एटीएम एवं लेखापाल सह लिपिक का मूल परिलंबित पर बढ़ोतरी के संबंध में भी चर्चा की गई जिस पर उपायुक्त ने उनके कार्य को देखते हुए बढ़ोत्तरी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा तालाब निर्माण करने के संबंध में उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों के आधार पर जांचोपरांत तालाब निर्माण करने हेतु प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। उन्होंने बिरसा हरित ग्राम एवं वैसे स्थान जहां आस पास अधिक खेती होती हो स्थानों को प्राथमिकता देने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त ने फूड प्रोसेसिंग के संबंध में भी योजना बनाने का निर्देश दिया।

लेमन ग्रास को बढ़ावा देने हेतु जिले के अधिक से अधिक जमीन पर इसकी खेती करने को कहा। लेमन ग्रास में कम लागत , कम पानी एवं कम मेहनत से भी किसान अधिक मुनाफा कमा सकते हैं जिसे देखते हुए उपायुक्त ने किसानों को जागरूक करने की बात कही। इसके अलावा उपायुक्त ने अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी, एलडीएम हुमल, जिला सहकारिता पदाधिकारी ,जिला भू अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## नगर परिषद की स्वच्छता टीम ने चलाया औचक जांच अभियान

**गंदगी फैलाने वालों से खुद लगवाई झाड़ू, डेढ़ दर्जन लोगों से जुर्माना भी वसूला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर नगर परिषद की स्वच्छता टीम ने शहर के मुख्य मार्गों पर स्वच्छता जांच को लेकर औचक जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में जहां जहां आम सड़क पर गंदगी पाई गयी, वहां गंदगी फैलाने के जिम्मेदार लोगों से खुद झाड़ू लगवाई गई और मौके पर सफाई कराई गयी। वहीं आम सड़क किनारे मांस-मछली रखकर गंदगी फैलाने वाले लोगों पर न केवल जुर्माना किया गया बल्कि कल से सड़क किनारे अवैध रूप से मांस मछली नहीं बेचने की चेतावनी भी दी गई। नगर परिषद के तीनों जमादारों सुजीत राम, रविंद्र माझी तथा संदीप उरांव तीनों ने मिलकर कुल डेढ़ दर्जन लोगों पर गंदगी फैलाने के दंड स्वरूप सांकेतिक जुमार्ना भी लगाया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों ईओ संजय कुमार ने अपने स्वच्छता जमादारों को जुमार्ना वसूल करने की शक्तियां प्रदान की थी। अधिकृत होने के बाद सफाई जमादार लगातार पूरे शहर में नियमित अभियान चलाकर आदतन गंदगी फैलाने वालों में व्यवहारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहे हैं।

## कार्यक्रम : संसदीय संकुल ग्रामीण उद्यमी परियोजना अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन

# 200 प्रशिक्षित जनजाति युवतियों को मिला प्रमाण पत्र

**कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार राजीव चंद्रशेखर के हाथों प्रमाण पत्र वितरण किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** संसदीय संकुल ग्रामीण उद्यमी परियोजना अंतर्गत 200 प्रशिक्षित जनजाति युवतियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह प्रषिक्षण विकास भारती द्वारा दिया गया था। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार राजीव चंद्रशेखर के हाथों प्रमाण पत्र वितरण किया गया। राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री स्किल योजना जब 2016 में शुरू की गयी तो प्रधानमंत्री की सोच थी युवाओं को इस प्रकार से तैयार किया जाए कि वह आत्मनिर्भर हो सकें। साथ ही साथ आत्मनिर्भरता का यह मार्ग गांव से चलकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग कर सके। साथ ही साथ उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त जनजातीय युवतियों को शुभकामना देते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ आसपास के क्षेत्रों के युवा एवं युवतियों के लिए एक मार्गदर्शक के रुप में सामने आयेंगे क्योंकि इनका विश्वास काफी ऊपर है और उन्होंने स्किल के माध्यम से अपने को मजबूत किया है। इस संसदीय संकुल विकास परियोजना के अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे जनजातीय मामले के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकास भारती के 40 वर्षो के अथक प्रयास के बाद इस क्षेत्र में विकास की जो धारा बहाई है वह इस राज्य के लिए एक उदाहरण है साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आईटी के माध्यम से जो बदलाव आजादी के बाद हुआ है वह काफी सराहनीय है। उन्होंने प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से जहां युवा युवती स्वरोजगार से जुड़ रहे हैं वही आत्मनिर्भर भी हो रही हैं । भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संदेश में कहा कि संसदीय संकुल विकास योजना के अंतर्गत जनजातीय युवतियों को प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विकास भारती का सराहनीय योगदान रहा है। राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि हमारे युवा आने वाले दिनों में प्रशिक्षण के माध्यम से अपना उद्यान खड़ा करेंगे साथ ही साथ इस क्षेत्र के युवा एवं युवतियां वन उत्पादों के माध्यम से आर्थिक रूप से सुदृढ़ होगी।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत पदम श्री डॉ अशोक भगत ने कहा कि विकास भारती पिछले 40 वर्षों से युवाओं एवं युवतियों को प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है ' विकास भारती युवाओं एवं युवतियों की रूचि के अनुसार विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सीईओ वेद मणि त्रिपाठी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, गंगोत्री कुजूर, सतीश, महेंद्र भगत, प्रवीण सिंह, अरुण कुमार ,भिखारी भगत, उप महाप्रबंधक सुश्री स्वाति, उप महाप्रबंधक श्रीमती भावना वर्मा (एनसीडीसी), मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड के साथ-साथ कई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं कृषक मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपा नेता स्व. सुमित केशरी के परिजनों से मिलकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने घटना पर दुःख जताया



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष व नव निर्माण मंदिर समिति के अध्यक्ष सुमित केशरी के निधन के उपरांत आज जनजातीय मामले के केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा दिवंगत के परिवार एवं पत्नी से मिले। उन्होंने इस आपराधिक घटना को लेकर दुख जताया और भरोसा दिलाया कि जो भी संभव है किया जायेगा। उसके उपरांत नव निर्माण मंदिर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत सहित सभी ने श्रद्धांजलि दी। मौके पर स्थानीय खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा ने कहा कि इस आकस्मिक आपराधिक घटना से मैं काफी आहत हूं। कार्यक्रम में उनके परिवार वालो के अलावे पालकोट बीडीओ डा. मनीष कुमार, सांसद प्रतिनिधि रामअवध साहू, सांसद प्रतिनिधि सूरजदेव सिंह, भाजपा जिला प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा, महामंत्री मिसिर कुजूर, प्रमुख सोनी लकड़ा, पालकोट मण्डल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद केसरी, जिला परिषद उत्तरी शांति देवी, जिला परिषद दक्षिणी सुकांति देवी, उप प्रमुख सिकन्दर सिंह, वरिष्ठ भजपा नेता, शिवा साहू, मनोज साव, दुर्गा प्रसाद, नन्द गुप्ता के अलावे सैकड़ों भजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### सिसई प्रखंड कार्यालय सभागार में डीडीसी ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को उप विकास आयुक्त हेमंत सती ने पीएम आवास, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग सहित अन्य विकास योजनाओं का समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड में संचालित योजनाओं की धीमी प्रगति को लेकर संबंधित विभागों के कर्मियों पर नाराजगी जताते हुए आवास, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं में प्रगति लाने और 31 मार्च तक सभी लंबित योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीडीओ सुनीला खलखो, आवास समन्वयक आलोक कुमार मिश्रा, 15वें वित्त प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, बीपीआरओ संतोष भगत, कल्याण पदाधिकारी शैलेश प्रसाद, एलिओ सुषमा तिर्की, बीएओ अजय कुमार साहू, मनरेगा बीपीओ गीता कुमारी, पंचायत सचिव संत कुमार, मिलकन टोप्पो, जनसेवक संतोष झा सहित अन्य पर्यवेक्षक, सभी पंचायत सचिव, जनसेवक, जेई, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, जनसेवक सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और अर्जुन मुंडा का घाघरा के भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के चांदनी चौक में बुधवार को केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और अर्जुन मुंडा का बिशुनपुर जाने के क्रम में घाघरा के भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे भाजपाइयों ने लगाएं। इस क्रम में भाजपाइयों ने बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने शहीद देवनारायण भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के उपरांत दोनों केंद्रीय मंत्री बिशनपुर के एक कार्यक्रम में शामिल होने निकल गए। इस मौके पर उपस्थित लोगों में राज्यसभा सांसद समीर उरांव, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक उरांव, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, प्रदीप प्रसाद, पप्पू गुप्ता, श्याम किशोर पाठक, जिप सतवंती देवी, तिम्बू उरांव, श्याम साहू, अरुण सिंह, प्रवीण साहू, अमित ठाकुर, सुसित गोस्वामी, सागर उरांव, अनिल प्रसाद, कौशल किशोर सिंह, महेंद्र भगत, अरविंद यादव, धनकुंवर साहू, संजय सिंह सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

### शांता पब्लिक स्कूल के छात्रों ने साफ सफाई को लेकर निकाली रैली

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शास्त्री नगर डैम साइट स्थित सांता पब्लिक स्कूल, गुमला के स्कूली बच्चों द्वारा साफ सफाई को ले कर रैली निकाली गईं। यह रैली को शास्त्री नगर, करमटोली आदि क्षेत्रों में भ्रमण कराया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार ने कहा गंदगी से कई प्रकार के बीमारी फैल रही है, हमें निर्णय लेना है कि हर आदमी शौचालय का प्रयोग करे। अपने देश को खुशियाँ से भर दे, एक दिन नया सवेरे जरूर आएगा, हमें खुद से शुरूआत करनी होगी। अपने आस पास गंदगी नहीं फैलाये, सरकारी नालियों पर कुड़ा कर्कट न डाले । यह सरकार का नहीं यह भी हमारा भी दायित्व है। साथ ही खान पान का भी उचित ध्यान रखे। सफाई से ही बीमारी की जंग को जीत सकते है। उन्होंने कहा सांता पब्लिक स्कूल मै सत्र 2023-2024 के लिए क्लास बेबी नसिर्री से क्लास 9ँ तक फ्री एडमिशन शुरू है। आप इनका लाभ ले, स्कूल का एक ही लक्ष्य है एक भी बच्चे शिक्षा से वंचित न हो। मौके पर हिमा कुमारी, जासीनता बेक, निशा कुजूर, खुश्बू कुमारी, अनुरंजना कुमारी, कंचन प्रिया, आदि टीचर्स, स्टूडेंट्स उपस्थित रहे।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने प्रखंड के विभिन्न होटलों एवं दुकानों का किया निरीक्षण

**सिसई (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में करीब 10 दुकानों और होटलों में नकली सॉस प्रयोग करते पाया गया, जिसे जब्त किया गया। नकली सॉस प्रयोग नहीं करने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई। इस क्रम में प्रतिबंधित पान मसाला को भी जब्त किया गया। वहीं सभी दुकान व होटल संचालक को साफ-सफाई रखने, इंडस्ट्रीयल रंग प्रयोग नहीं करने, नकली सॉस का प्रयोग नहीं करने का निर्देश दिया। इस दौरान लव कुमार ने बताया कि गलती करते पकड़े गए दुकानदारों के विरुद्ध एफएसएसएआई एक्ट 2006 के तहत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिन दुकानदारों का एफएसएसएआई का लाइसेंस नहीं है वे सभी छोटे बड़े खाद्य संचालक 20 जनवरी को सिसई प्रखंड परिसर में लगने वाले कैंप में आकर निबंधन करा लें। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार के अनुमंडल कर्मी सुमित केशरी मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## 30 मिनट में दो सड़क हादसा , छः घायल

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही) बुधवार को एन एच 39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर दो अलग-अलग जगहों पर 30 मिनट के अंदर दो सड़क हादसे हुए, जिसमें 6 लोग घायल हो गए। पहला सड़क हादसा सतबरवा थाना क्षेत्र के ताबर यात्री सेड के पास हुआ, जहां दो बाइक आमने-सामने भीड़ गये, जिसमें 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। टक्कर जबरदस्त होने के कारण बाइक के परखच्चे उड़ गये। घायलों में दो सतबरवा प्रखंड के मानासोती और दो चान्हो मनिका के रहने वाले थे। दूसरी घटना सतबरवा के क्रांति चौक पर हुई, जिसमें एक टेंपो सतबरवा साप्ताहिक बाजार से सवारी लेकर मनिका की ओर जा रहा था। इसी दौरान रांची की ओर से आ रहे ट्रक की चेचिस ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर सतबरवा पुलिस दोनों जगह पर पहुंची और ग्रामीणों के मदद से घायलों को तुम बागड़ा नवजीवन अस्पताल भेजकर चेचिस बाइक और टेंपो को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद क्रांति चौक से मेला टाड तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई जिसे हटाने में सतबरवा पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## पलामू सांसद ने किया परीक्षा पर चर्चा बच्चों में दिखा भारी उत्साह



मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मेदिनीनगर के हेरिटेज स्कूल एवं विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में 9वीं, 10वीं एवं 11वीं कक्षा के छात्र-क्षात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को एक दो और तीन की घोषणा करते हुए प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भी दिया गया। 10 सर्वश्रेष्ठ तथा 25 श्रेष्ठ कला का प्रमाण पत्र भी प्रतिभागियों को दिया गया तथा कार्यक्रम की तस्वीर सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी गई। उक्त प्रतियोगिता में करीब 1200 से अधिक बच्चें ने भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। इस प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों के प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन हेतु बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सांसद ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। मौके पर सांसद ने कहा कि एग्जाम वारियर्स के रूप में शामिल सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का अद्भुत प्रदर्शन किया है। इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में परीक्षा का तनाव काफी कम होगा।इस मौके पर मुख्य रूप से जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, हैरिटेज स्कूल के डायरेक्टर बीजू जोसेफ, विमला पांडे मेमोरियल स्कूल के डायरेक्टर बलिराम शर्मा, प्राचार्य सुनीता शर्मा, ईश्वरी पांडे, सांसद मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री स्वेतांक गर्ग, सांसद प्रतिनिधि सत्यवान तिवारी एवं काफी संख्या में स्कूली बच्चे एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मुरली प्रसाद ने श्री हरि सत्संग रथ किया रवाना



पांकी (पलामू )(आजाद सिपाही)। पांकी प्रखंड स्थित रामजानकी मंदिर परिसर से पलामू अंचल मेदिनीनगर अंचल कार्यालय पांकी सह रामजानकी मंदिर कमिटी के अध्यक्ष मुरली प्रसाद गुप्ता ने नारियल फोड़कर एवं रथ को खुद चलकर जय श्री हरि संत्सग समिति रथ को रवाना किया। मेदिनीनगर अंचल के अध्यक्ष मुरली प्रसाद ने रथ को रवाना करते हुए कहा कि रथ रवाना करने का मुख्यउद्देश्य यह है कि अपने हिंदू सनातन धर्म का प्रचार प्रसार हो सके और हिंदू जागरूक हो सके। इस मौके पर मेदिनीनगर अंचल सचिव मधुसूदन प्रसाद, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, संस्कार शिक्षा सचिव अजीत प्रसाद गुप्ता, संस्कार शिक्षा कोषाध्यक्ष केदार प्रसाद एवं एकल अभियान से रथ योजना प्रमुख श्याम लाल यादव,नबीनगर अंचल अभियान प्रमुख अखिलेश सिंह, भाग आरोग्य योजना प्रमुख जसराज यादव, अंचल कार्यालय प्रमुख ओम प्रकाश पासवान,अंचल प्रशिक्षण प्रमुख विनोद राम तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## रविदास सेना का गठन,विद्वत बने अध्यक्ष



विश्रामपुर(पलामू)(आजादसिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में युवाओं की एक बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता धर्मेंद्र कुमार व संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। बैठक में संत शिरोमणि रविदास जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जायेगी। जयंती समारोह के सफल आयोजन एवं संचालन हेतु एक रविदास सेना का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से विद्वत कान्त को रविदास सेना का अध्यक्ष चुना गया। जबकि राहुल कुमार को उपाध्यक्ष,संतोष कुमार को सचिव,साहिल कुमार को उप सचिव,निरंजन कुमार को कोषाध्यक्ष,पृथ्वी कुमार गौरव को उप कोषाध्यक्ष,अरुण कुमार,मंजय कुमार,मोहित कुमार,राजा कुमार,आकाश कुमार को सूचना मंत्री,दीपक कुमार, सौराभ कुमार को संगठन मंत्री व बाबा,हरकेश को मीडिया प्रभारी बनाया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

विश्रामपुर(पलामू)(आजाद सिपाही)।विश्रामपुर अनुमंडलीय पुलिस ने आज सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत स्थानीय जनता उच्च विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बच्चों को ट्रैफिक नियमो के बारे में बताया गया। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमो की पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कम उम्र के बच्चों द्वारा वाहन चलाना कानूनन जुर्म है। कम उम्र के बच्चे अगर वाहन चलाते पकड़े गये तो उनपर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि मोटरसाईकल हेलमेट लगाकर ही चलाये। गाड़ी के सारे कागजात व ड्राइविंग लाईसेन्स साथ लेकर चले। किसी भी हाल में शराब पीकर वाहन न चलाये।

### पलामू पुलिस ने हथियार बनाने वाले गिरोह का किया उद्भेदन

# हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नावाजयपुर थाना क्षेत्र के कसवाखाड़ ग्राम निवासी सूर्यदेव मिस्त्री के घर में छापेमारी कर हथियार और हथियार बनाने वाला औजार जब्त किया है। इस संबंध में एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि सूर्यदेव मिस्त्री के घर से ही हथियार बनाने और बेचने का काम किया जाता था। पुलिस ने आरोपी सूर्यदेव मिस्त्री समेत हथियार खरीदने वाले दो आरोपी उमेश सिंह और बिपिन बिहारी सिंह को भी गिरफ्तार किया है। छापेमारी में पुलिस ने एक दोनाली बंदूक,एक बीडीबीएल बंदूक,एक भरठूआ बंदूक, लकड़ी के बंदूक का बात एक पीस,ट्रीगर गार्ड एक पीस,एक बाइक समेत हथियार बनाने वाले कई सामानों को भी किया है बरामद। मालूम हो कि सूर्यदेव मिस्त्री पूर्व में भी हथियार बनाने के आरोप में जेल जा चुका है। वहीं पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के निर्देश पर नावाजयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक ने पुलिस की टीम गठित कर कार्रवाई की है।

### एके सिंह कालेज जपला को स्नातक विज्ञान संकाय के लिए मिली अस्थाई स्वीकृति

## शैक्षणिक सत्र 2022-26, 2023-27 और 2024-28 के लिए मिली स्वीकृति : सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद :** एके सिंह कालेज जपला को विश्वविद्यालय की अनुसंशा पर राज्य सरकार के उच्च शिक्षा निदेशक ने स्नातक विज्ञान विषय के लिए तीन शैक्षणिक सत्रों के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस आशय की जानकारी देते हुए एके सिंह जपला के सचिव रौनक सिंह ने बताया कि एके सिंह कालेज जपला से विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र 2022-26, 2023-27 व 2024-28 के लिए स्वीकृति संबंधित प्रस्ताव भेजा गया था। विश्वविद्यालय ने भी राज्य सरकार को अनुसंशा पत्र भेजा था। राज्य सरकार के उच्च शिक्षा निदेशक ने समीक्षा के उपरांत एके सिंह कालेज जपला को तीन शैक्षणिक सत्र 2028 तक के लिए स्नातक विज्ञान में भौतिकी, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र ,प्राणी शास्त्र व गणित पांच विषयों के लिए अस्थाई स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशक ने अपने पत्रांक 2184 दिनांक 23 दिसंबर 2022 के मध्यम नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर को पत्र निर्गत कर दिया है। पत्र में कहा गया है कि कालेज सभी शर्तों व यूजीसी अधिनियम का पालन करेगा।

## किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

विश्रामपुर(पलामू)आजाद सिपाही। बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत पचघारा खुर्द स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता आदर्श कृषक मुंशी मेहता व संचालन राजेश्वर मेहता ने किया। प्रगतिशील किसान गोष्ठी में किसानों की समस्या और उसके समाधान पर चर्चा हुई। इसके अलावा खुटिसोत और भेलवा नदी पर तटबंध बनवाने के लिए सामूहिक प्रयास का निर्णय लिया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी ओम प्रकाश गुप्ता भी मौजूद थे। श्री गुप्ता ने कहा कि नगर परिषद के किसानों को राज्य या केंद्र सरकार के किसी भी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। जबकि नगर परिषद की आधी से ज्यादा आबादी कृषि पर ही निर्भर है।

## चौहरमल कल्याण समिति का मिलन सह वनभोज समारोह 22 जनवरी को



हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)। वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू प्रमंडल का मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम 22 जनवरी रविवार को हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा सूर्य मंदिर के बगल में सोन नदी के तट पर आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीड़ी राम ,रोहतास के सांसद छेदी पासवान सांसद,लातेहार बिधायक बैजनाथ राम होंगे।जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम,पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर,पूर्व मंत्री सुरेशपासवान,पूर्व बिधायक जनार्दन पासवान,पूर्व बिधायक रेणु देवी,पूर्व विधायक प्रकाश राम,पलामू जिप अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी,गढ़वा जिप अध्यक्ष शांति देवी,पूर्व जिप अध्यक्ष अनिता देवी,जिला अध्यक्ष संदीप पासवान,हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी समेत समाज के कई प्रबुद्ध व गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

## बिजली विभाग का ऊर्जा दिवस 21 जनवरी को बिजली संबंधी समस्या का होगा समाधान



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड राँची के द्वारा 21 जनवरी को झारखंड राज्य में उर्जा दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। जानकारी देते हुए बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत हुसैनाबाद ब्लाक परिसर स्थित नव निर्मित पावर सब स्टेशन में 21 जनवरी दिन शनिवार को ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है। ऊर्जा मेला में कोई भी हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता सरकार के द्वारा घोषित 100 यूनिट फ्री (मुफ्त) बिजली की जानकारी, नए मीटर लगवाने व खराब मीटर बदलने के बारे में जानकारी,नया विद्युत कनेक्शन लेने के संबंध में जानकारी, लाइन काटने-जोड़ने के प्रक्रिया के बारे में जानकारी, विद्युत विपत्र सुधार का आवेदन समेत अन्य बिजली से सम्बंधित समस्या का सामाधान किया जाएगा। इसके अन्तर्गत जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज के उपभोक्ता कार्यक्रम में आकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते है। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर बिजली समस्या के समाधान की अपील की है।

## सभी ग्रहों से मुक्ति के मार्ग प्रशस्त करते हैं भगवान शिव : अविनाश देव

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड के सलतुआ गांव में तहले नदी के किनारे माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव शिव मंदिर पुनर्निर्माण के भूमि पूजन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। शिवलिंग पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुनर्निर्माण स्थल पर नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। पुनर्निर्माण कमेटी के अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ फूलमाला देकर स्वागत किया। धर्म सभा में उपस्थित धर्म प्रेमियों को संबोधित करते उन्होंने कहा कि मंदिर आपसी प्रेम भाईचारा का केंद्र होना चाहिए। जहां से धार्मिक एकता अखंडता बना रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक आलोक चौरसिया, जिला परिषद प्रमोद सिंह, प्रमुख,मुखिया व पंचायत समिति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। मंच का संचालन समाज सेवी छोटेलाल गुप्ता ने किया। मंदिर जल्द निर्माण हो इसी उम्मीद के साथ सबों को बहुत बहुत शुभकामनाएं।

## ईश्वरीय विवि में मनाया गया ब्रह्मा बाबा का 54वां स्मृति दिवस

### ब्रह्मा बाबा त्याग,तपस्या व विश्व सेवा की प्रतिमूर्ति थे : बीके नीलम

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** शहर के मधुशाला रोड स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र सद्भावना भवन में बुधवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 54वां स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर योग साधना कार्यक्रम में दुःख अशांति से मुक्ति के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की गई। ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र में ब्रह्ममुहूर्त से ही योग साधना का दौर शुरू हो गया। इस अवसर पर बीके नीलम ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रह्मा बाबा त्याग, तपस्या व विश्व सेवा की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने सन 1936 में ईश्वरीय शक्ति से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थापना की। बीके नीरज ने कहा कि ब्रह्मा बाबा के पद चिन्हों पर चलकर अपने जीवन को सफल सार्थक बनाना है। मौके पर सैकड़ो ब्राम्हण तथा श्रद्धालु मौजूद थे।

## 7659 लाभुकों को राशि रिकवरी के लिए सर्टिफिकेट केस करने के निर्देश

मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)। पलामू डीडीसी रवि आनंद की अध्यक्षता में बुधवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संचालित योजनाओं के प्रखंडवार समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। डीआरडीए के सभागार में आयोजित इस बैठक में डीडीसी ने,बिरसा हरित ग्राम योजना,वीर शाहिद पोटो हो खेल विकास योजना,रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, लंबित पीएम आवास की समीक्षा किया गया। हुसैनाबाद, हैदर नगर, एवं सतबरवा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन समीक्षा बैठक में डीडीसी रवि आनंद ने नौडीहा बाजार, पिपरा एवं पांडू की अच्छा प्रदर्शन करने पर प्रशंसा की वंही सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले प्रखंड हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं सतबरवा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग किया। सुखाड़ को दृष्टिगत रखते हुए पंचायतवार समीक्षा कर खराब प्रदर्शन करने वाले ग्राम रोजगार सेवक को चिन्हित करने तथा नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## पत्थरा पुलिस पीकेट में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन मुखिया और ओपी प्रभारी ने किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पत्थरा पुलिस पीकेट परिसर में बुधवार को स्वामी विवेकानंद सदभावना क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरसोत पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह तथा पत्थरा ओपी प्रभारी नितीश कुमार ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया।इससे पहले अतिथियों को माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर कमेटी के सदस्यों ने सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय कर कहा कि दो पक्षो के खेल में एक ही जितता या हारता है, खेल का यही नियम है। आपसी खेल के दौरान द्वेष की भावना नहीं रखना चाहिए।उन्होंने कहा कि क्रिकेट खेलने से सिर्फ शारीरिक विकास ही नहीं होता बल्कि मानसिक विकास भी होता है।इस लिए शारीरिक संतुलन बनाए रखने के लिए हमें क्रिकेट जरूर खेलना चाहिए। उद्घाटन के बाद सरसोत पंचायत के बालरा की टीम तथा ढकचा पंचायत के भुजुआ के बीच प्रथम मैच खेला गया। इस दौरान भुजुआ की टीम ने टॉस जीतकर बॉलिंग का निर्णय लिया जबकि बालरा की टीम ने 16 ओवर की शानदार बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 185 रनों का लक्ष्य भुजुआ को दिया। वहीं जवाबी पारी में भुजुआ ने 16 ओवर में 9 विकेट खो कर 127 रनों पर सिमट गई। इस दौरान

इवेन्ट मैनेजर विजय कुमार सिंह तथा फुटुक कुमार सिंह के कमेंट्री से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि 2018 में 18 जनवरी को ही पत्थरा पुलिस पीकेट का उद्घाटन हुआ था। इसी के उपलक्ष में हर वर्ष 18 जनवरी से ही क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जाता है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में राजू राम व संतोष कुमार सिंह अच्छे अम्पायर माने जाते हैं जो 2018 से लगातार अम्पायरिंग कर रहे हैं। इस मौके मुखिया संघ के अध्यक्ष संदीप यादव, दलपतपुर पंचायत के मुखिया राजेन्द्र यादव,सरसोत के उप मुखिया विक्कु कुमार सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख लखन साव, महेन्द्र प्रसाद सिंह, गोराई सिंह, बालरा टीम के कैप्टन रंजन सिंह तथा भुजुआ टीम के कैप्टन अजित पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



**कन्नौज: कानपुर केसीए ने एनआरसीए लखनऊ को 50 रनों से दी शिकस्त**

## गेब्रियल और गुडाकेश मोती की वापसी

एजेंसी

**सेंट जॉन्स।** वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अगले महीने होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल, बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी गुडाकेश मोती और जोमेल वार्रिकन की वापसी हुई है।पेस जोड़ी जेडन सील्स और एंडरसन फिलिप चोट के कारण दौरे से बाहर हो गए हैं, जबकि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज तेगनारायन चंद्रपॉल को एक और मौका मिला है।वेस्टइंडीज के प्रमुख चयनकर्ता डेसमंड हेन्स का मानना है कि जिम्बाब्वे की परिस्थितियां उनके स्पिनरों की मदद करेंगी और उन्हें विश्वास है कि मोती और वार्रिकन दोनों प्रभाव डाल सकते हैं।

हेन्स ने क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, हमारे तेज गेंदबाजों के साथ, सील्स ने 2021 में वापसी के बाद से हमारे लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उनके अनुपलब्ध होने के कारण हमने तय किया है कि गेब्रियल उस भूमिका को भरने में सक्षम होंगे। गेब्रियल एक अनुभवी गेंदबाज है जो 10 साल से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर है और जिम्बाब्वे की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है, जब हम 2017 में वहां जीते थे।

वेस्टइंडीज बुलावायो में क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में दोनों टेस्ट मैच खेलेगा, जिसमें पहला टेस्ट 4 फरवरी से 8 फरवरी तक और दूसरा मैच 12 से 16 फरवरी तक चलेगा।

वेस्टइंडीज की टीमः क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड (उपकप्तान), नकरमाह बोनर, तेगनारायन चंद्रपॉल, रोस्टन चेस, जोशुआ दा सिल्वा, शैनन गेब्रियल, जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, रेमन रीफर, केमार रोच, डेवोन थॉमस और जोमेल वार्रिकन।

## डब्ल्यूटीए कैलेंडर 2023 में शामिल हुआ मुबाडाला अबू धाबी ओपन

एजेंसी

**फ्लोरिडा।** महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) ने मंगलवार को मुबाडाला अबू धाबी ओपन को 2023 डब्ल्यूटीए कैलेंडर में शामिल किया है। डब्ल्यूटीए 500 स्तर का टूर्नामेंट 6-12 फरवरी तक होगा, जिसका आयोजन संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स सिटी इंटरनेशनल टेनिस सेंटर के आउटडोर हार्ड कोर्ट में किया जाएगा।मुबाडाला अबू धाबी ओपन के बाद 13 फरवरी से कतर टोटलइंजीज ओपन (दोहा) और 19 फरवरी से दुबई ड्यूटी-फ्री टेनिस चैंपियनशिप की शुरूआत होगी। डब्ल्यूटीए डॉट कॉम ने डब्ल्यूटीए के चेयरमैन और सीईओ स्टीव साइमन के हवाले से कहा, हमें खुशी है कि होलॉजिक डब्ल्यूटीए टूर अबू धाबी में आ रहा है क्योंकि इसने दुनिया भर में महिलाओं को 2001 के बाद से उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देने की डब्ल्यूटीए की विरासत में एक अभिन्न भूमिका निभाई है। टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग मैच रविवार, 5 फरवरी से शुरू होंगे, जिसमें 28-मजबूत सिंगल्स फील्ड के लिए मेन-ड्रा मैच शामिल हैं। इसके बाद 16-टीम डबल्स ड्रॉ सोमवार, 6 फरवरी से शुरू होंगे।

**टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग मैच रविवार, 5 फरवरी से शुरू होंगे**

## अज्ञात अपराधियों ने चलायी गोली बाल-बाल बचे व्यवसायी राजन

विश्रामपुर (पलामू)(आजाद सिपाही)। रेहला शुक्रबजार रोड में स्थित सोनी हार्डवेयर दुकान के सामने अज्ञात अपराधियो ने गोली चलायी। गोली चालन की इस घटना में युवा व्यवसायी राजन सोनी बाल-बाल बच गये। राजन सोनी ने अज्ञात लोगों पर रेहला थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम लगभग आठ बजे राजन सोनी समान समेट कर अपनी दुकान बंद कर रहे थे। इसी बीच दो अपराधी एक मोटरसाइकिल से आये। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे अपराधी ने राजन सोनी पर लगातार दो गोली चलाई। लेकिन गोली राजन सोनी को छू भी न सकी। इसी बीच लोगो को जमा होते देख अपराधी फरार हो गये। यहां बताते चले कि कुछ वर्ष पहले भी एक बार अपराधियो ने सोनी हार्डवेयर पर गोली चलायी थी। रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। वीडियो फुटेज भी खंघाला जा रहा है। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

## पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ आज से शुरू

विश्रामपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर थाना परिसर में शिव-पार्वती जी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है। मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा अवसर पर पांच दिवसीय यज्ञ का भी आयोजन किया गया है। गुरुवार को कलश शोभा यात्रा के साथ यज्ञ की शुरूआत होगी। जबकि 23 जनवरी को महा भंडारा के साथ यज्ञ का समापन होगा। मंदिर निर्माण कमेटी के पदाधिकारी अनंत कुमार सिंह व पंडित राजन पांडेय ने बताया कि 19 जनवरी को कलश स्थापना,पंचांग पूजन,मंडप प्रवेश व जलाधिवास होगा,20 जनवरी को मंडप में आह्वावान,पूजन जाप व अनाधिवास के साथ सायंकाल आरती भी होगा। 21 जनवरी को देवताओं का पूजन,रुद्रष्टध्यायी का पाठ,फलाधिवास व आरती होगी।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 19 जनवरी, 2023
www.azadsipahi.in



## जुबानी हमला : धनबाद में बढ़ते अपराध और बिगड़ती विधि व्यवस्था को लेकर भाजपा ने खोला मोर्चा

# रघुकुल समर्थक गुंडे झरिया में दिनदहाड़े फैलाते हैं दहशत, मौन होकर देखती है पुलिस : रागिनी सिंह

### कहा- विधायक के देवर एकलव्य सिंह पर मामला दर्ज होने के बावजूद पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में बढ़ने अपराध और झरिया विधानसभा क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन की शिथिलता के खिलाफ बुधवार को भाजपा ने मोर्चा खोल दिया। इस दिन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह व धनबाद महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने सिंह मेंशन स्थित आवासीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर जुबानी हमला किया। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह पर भी गंभीर आरोप लगाए। साथ ही झरिया पुलिस और सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी



सिंह मेंशन कार्यलाय में पत्रकारों से बातें करती भाजपा नेत्री रागिनी सिंह व अन्य।

पर भी निशाना साधा। चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द ही विधि व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार कड़े कदम नहीं उठाती तो भाजपा झरिया सहित पूरे जिले में व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।

#### मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस क्यों है मौन

रागिनी सिंह ने विगत दिनों तिसरा थाना क्षेत्र में हुई गोलीकांड घटना का जिक्र करते हुए प्रशासन पर भड़ास निकाली। कहा कि प्रायोजित अपराध पर भी प्रशासन मौन है। वर्तमान झरिया विधायक के देवर एकलव्य के नाम पर मामला दर्ज होने के बाद भी उसकी गिरफ्तारी को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। घायल सोनू अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है, लेकिन प्रशासन सत्ता पक्ष के दबाव में मौन है। झरिया पुलिस को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि पुलिस सिर्फ रात में अवैध कोयला लदे ट्रकों को पास करवाने में व्यस्त रहती है। जनता से जुड़े मामले पुलिस को नजर नहीं आते। झरिया में रघुकुल के समर्थित गुंडे दिनदहाड़े दहशत फैला रहे है। कभी नगर निगम में टेंडर डालने पहुंचे बाहर के तीन कंपनियों के प्रतिनिधियों को रघुकुल के गुर्गों द्वारा बंधक बनाया जाता है तो कभी भौंरा महाप्रबंधक पर हमला। सेना के जवान और उनके महिला परिजनों के साथ मारपीट व छेड़खानी तक की जाती है। लेकिन पुलिस मूक दर्शक बनी सबकुछ देखती रहती है। अगर ऐसा ही है तो झरिया से पुलिस प्रशासन की उपस्थिति को ही समाप्त कर देना चाहिए। जनता खुद फैसला करना जानती है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, रमेश राही, मानस प्रसून, संजय झा, मिल्टन पार्थसारथी व भाजपा महिला मोर्चा की सदस्याएं आदि मौजूद रहे।

## कोयला तस्कर-सीआइएसएफ गोलीकांड में एक गिरफ्तार

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल बेनीडीह केके लिंक साइडिंग सीआइएसएफ गोलीकांड में पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपी बादल रवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसके बाद बुधवार को उसे जेल भेज दिया। बतातें चलें कि 19 नवंबर की रात बेनीडीह केके लिंक साइडिंग में कोयला चोरों और सीआइएसएफ के बीच हिंसक झड़प के बाद गोली चलन की घटना हुई थी। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद सीआइएसएफ के हेड कॉन्स्टेबल अरूण कुमार की लिखित शिकायत पर घटना में घायल रमेश रविदास व बादल रवानी के साथ लगभग 100 अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसकर मारपीट करने, सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न करते हुए हथियार लूटने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद दोनों नामजद आरोपी लगभग 15 दिन रांची व दुगार्पुर मिशन अस्पताल में अलग-अलग इलाज के उपरांत अपने घर पहुंचे थे। गोलीबारी की घटना पुलिस प्रशासन के साथ सीआइडी और सीआइएसएफ की स्पेशल टीम जांच में जुटी है। मामले में जिला दंडाधिकारी सह डीसी द्वारा एडीएम विधि-व्यवस्था की अध्यक्षता में जांच टीम गठित की गई है। इधर इस कांड के अनुसंधानकर्ता कतरास थाना प्रभारी रणधीर कुमार को बनाया गया था। जबकि कांड के मोनिटरिंग का जिमा निरसा डीएसपी को दिया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर कतरास थानेदार रणधीर कुमार ने बताया की गोलीकांड में बाघमारा थाना कांड संख्या 65/22 के आरोपी बादल रवानी को बाघमारा पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर जेल भेज दिया है।

## सड़क हादसे में छात्र की दर्दनाक मौत



**राजगंज (आजाद सिपाही)।** दलदली में बुधवार को हुए सड़क हादसे में राजगंज इंटर कालेज के एक छात्र की मौत हो गई। उसकी पहचान राजेंद्र किस्कु के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक छात्र कॉलेज में आयोजित खेलकूद कार्यक्रम में भाग लेकर वापस घर जा रहा था। तभी दलदली में विपरीत दिशा से आ रही मालवाहक 407 से टक्कर हो गयी। उधर, घटना की सूचना मिलते ही राजगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। साथ दोनों गाड़ियों को जब्त कर थाने ले आयी। पता चला है कि राजेंद्र की मां दैनिक मजदूरी करती है। उसने जीत करने मां से बाइक खरीदवाई थी।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सड़क सुरक्षा को लेकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें : अनिल कुमार





**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कैंप टू स्थित जायका हैपनिंगस सभागार में सड़क सुरक्षा पर सेमिनार का आयोजन हुआ। चास के अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना काफी गंभीर विषय है। इस पर हम सभी को मिलकर सोचना होगा। केवल सतर्कता व सावधानी से ही सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सकता है। कहा कि पूरे विश्व में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में 14 फीसद सड़क दुर्घटनाएं केवल भारत में होती है। प्रतिवर्ष लगभग 1.5 लाख लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत होती है। इससे अर्थिक क्षति भी होती है, जो जीडीपी का तीन फीसदी है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करने की बात कहीं। मौके पर उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार ने 11 से 17 जनवरी तक आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत किए गए कार्यों/कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि मासांत तक नवबंर 2022 तक की सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को हिट एंड रन एवं आपदा प्रबंधन द्वारा मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित कर दिया जाएगा। मौके पर कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण प्रेम प्रकाश सिंह ट्रैफिक डीएसपी पूनम मिंज आपदा पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस देश की इकलौती पार्टी जिसमें सभी को मिलता मान सम्मान: जलेश्वर महतो

### कतरास नगर युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** कतरास नगर यूवा कांग्रेस की ओर से सिजुआ स्टेडियम में बुधवार को कार्यकर्ता मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न दलो को छोड़ दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री सह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जिसमे सभी का मान सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाता है। जबकि भाजपाई नफरत की रातनीति करते हैं। उन्होंने संगठन में और अधिक मजबूती लाने पर बल दिया। समारोह की अध्यक्षता व संचालन यूवा कांग्रेस के नगर



अध्यक्ष विकास सिंह ने की। अन्य वक्ताओ ने कहा कि कांग्रेस कभी जात पात व धर्म की राजनीति नहीं करती है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने को लेकर सोचती रहती है। कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर घर घर जाकर सोनिया-राहुल के संदेश को पहुंचाएं। लोगो को संगठन से जोड़े, संगठन को मजबूत करे। संगठन से ही पहचान बनती है। इस मौके पर यूवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, टाटा स्टील के यूनियन नेता मेहमूद आलम, संजय सिंह, जनक लाल, बाघमारा विधानसभा अध्यक्ष विशाल महतो, बीस सूत्री उपाध्यक्ष राहुल महतो, शकील अहमद, जावेद रजा, शंकर महतो, अनिता सिंह, अनिल चंद्र यादव, अजय पासवान, जियाउल हक, कृष्णा महतो, नुर मोहम्मद और धीरज सिंह आदि मौजूद थे।

## बकाया वेतन को लेकर मधुबन कोल वाशरी के सुरक्षा कर्मियों का प्रदर्शन, कार्य बाधित

**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल ब्लॉक टू अंतर्गत संचालित न्यू मधुबन कोल वाशरी में सुरक्षा के लिए तैनात कोर सिक्यूरिटी फोर्स के 51 सुरक्षा कर्मियों ने बुधवार को बकाया वेतन की मांग को लेकर वाशरी प्रबंधन कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही राधा इंजिनियरिंग वर्क्स का काम ठप कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ प्रबंधन की नोंकझोंक भी हुई। सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि चार महीने का वेतन बकाया है और वाशरी का संचालन कर रहे चिमनेया राधा कंपनी प्रबंधन बकाया वेतन देने में टालमटोल कर रही है। मंगलवार को कंपनी प्रबंधन इस मुद्दे पर एचइसी प्रबंधन के साथ वार्ता कर वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया था। लेकिन प्रबंधन ने हमारी मांगों पर किसी प्रकार की पहल नहीं की। कहा कि जब तक बकाया वेतन का भुगतान नहीं होगा चेमनेया राधा इंजिनियरिंग कंपनी काम चलने नहीं देंगे। मौके पर भरत पांडेय, प्रशांत पांडेय, शिवचरन मांझी, सुरेश मरांडी, बिरजू महतो, विक्रम यादव, महेश चौहान, किशोरी नोनिया, गोविन्द रविदास, राजेश राजवंशी, अरूण महतो, मोतीलाल दास, सुबोध पांडेय, विभाकर पांडेय, पलटू रवानी, बिरू रवानी, पुरन महतो, हरिहर प्रसाद और डेगलाल रवानी आदि थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/14/2022-23 e-tender

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राषि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | राँची जिला के माण्डर प्रखण्ड अन्तर्गत टॉगरबसली डुमरी मुख्य पथ स्थित बिरगोड़ा नदी पर पुल निर्माण। | 457.39 | 10,000.00 | 9,15,000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – दिनांक 31.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 02.02.2023 से दिनांक 08.02..2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 10.02.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक 13.02.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं० – 9523491111
9. निविदा शुल्क राश्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, राँची के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डोरंडा शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।

PR.NO.287804 Rural Development(22-23):D


# राष्ट्र की आत्मा को बचाना है तो स्वदेशी को अपनाना आवश्यक : बिरंची नारायण

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित सात दिवसीय 19वां इस्पातांचल स्वदेशी स्वावलंबन मेला का बुधवार को विधिवत उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का संचालन मंच के प्रांत संपर्क प्रमुख अजय चौधरी दीपक ने किया। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि राष्ट्र की आत्मा



को बचाना है तो स्वदेशी को अपनाना नितांत आवश्यक है। हम स्वदेशी की एक वस्तु लेते हैं पर इस एक वस्तु के पीछे कितनों के परिवार का भरण पोषण होता है इस भाव को भी जानना बेहद जरूरी है। वहीं, विशिष्ट अभ्यागत हर्ष नाथ मिश्रा निदेशक (सेंट्रल कोलफील्ड) ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच के स्थापना काल से ही इससे जुड़े हैं क्योंकि स्वदेशी स्व से जुड़ने का सबसे सशक्त माध्यम है और खुद पर गर्व करने के साथ-साथ राष्ट्रीयता की भावना का जागरण होता है। मंच के क्षेत्रीय संयोजक कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सचेंद्र कुमार बरियार ने कहा कि देश में कभी भी बेरोजगारी नाम की कोई वस्तु नहीं हुआ करती थी। मंच का संकल्प है कि 2030 तक भारत से बेरोजगारी को समाप्त कर देना है इसके लिए देश के युवाओं को स्वावलंबन की ओर अग्रसर होना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष एक करोड़ से ज्यादा लोग बेरोजगार जन्म ले रहे हैं। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (न्यासी) जगन्नाथ शाही ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति का प्रभाव पूरे विश्व में है।

## कोयला चोरी के लिए बनाए गये सुरंग को पुलिस ने किया बंद



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के बंद एनएसडी कोलियरी के पंखा घर के समीप चोरों द्वारा कोयला चोरी की नियत से बनाये गये अवैध सुरंग को क्षेत्रीय प्रबंधन के सहयोग से भर दिया गया। इस मौके पर चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के मकोली ओपी प्रभारी अनंत कुमार सिंह, सीआइएसएफ के मीणा साहब, असूचना विभाग के दिपुल कुमार एवं ढोरी एरिया सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम युइके की उपस्थिति में सुरंग भरा गया। सीताराम यूइके ने कहा कि कोयला चोरी को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कोयला चोरी करना अपराध है। इससे देश के राजस्व की क्षति होती है। सुरंग बनाकर कोयला चोरी करना काफी खतरनाक है। यहां भी कोयला चोरों द्वारा कोयला चोरी की नियत से अवैध सुरंग बनाया गया था। जिसे प्रशासन की मदद से बंद कराए गया है। इस मौके पर ढोरी एरिया सुरक्षा प्रभारी उमाशंकर महतो, सिद्धेश्वर मिश्रा आदि थे।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर धनबाद सांसद ने बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक से की मुलाकात

# बोकारो इस्पात के अधीन बंद पड़े कम्युनिटी हॉल को पुनः चालू करने की जरूरत: पशुपतिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद के सांसद पशुपति नाथ (पीएन) सिंह ने बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निदेशक अमरेंदु प्रकाश से मुलाकात की और जनहित मुद्दों को लेकर चर्चा की। सांसद ने जनहित से जुड़े कई मसलों को बारी-बारी से रखा। विगत दिनों कोक ओवन में ड्यूटी के दौरान मारे गए ठेका कर्मी आनंद कुमार के आश्रितों को नियोजन देने का मामला भी उठाया, जिस पर निदेशक ने अपने स्तर से इसे देखने की बात कहीं। इसके अलावा बोकारो इस्पात के अधीन बंद पड़े कम्युनिटी हॉल को पुनः चालू करने की जरूरत पर भी सांसद ने बल दिया। जिस पर निदेशक प्रभारी सहमत हुए। वहीं, बोकारो के ऑपरेटिस विस्थापित संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद और प्रभारी निदेशक के समक्ष अपनी बात रखी। सांसद ने



बोकारो इस्पात संयंत्र के प्रभारी निर्देशक के साथ बैठक करते सांसद पीएन सिंह।

राउलकेला इस्पात संयंत्र की तरह नियोजन में जिस प्रकार ओड़िया भाषी के लिए प्राथमिकता तय की गई है उसी प्रकार से यहां भी बोकारो के विस्थापितों के नियोजन में स्थानीय भाषा को प्राथमिकता के रूप में जोड़े जाने की अपील की गई। इसके अलावा सांसद ने करोना काल में अन्य विभागों के सभी प्रकार कीबहालियों में उम्र सीमा को जिस तरह से बढ़ाया गया है उसी तरह सेल के बहालियों में भी उम्र सीमा को 35 से बढ़ाकर 40 वर्ष करने की बात कही। आउट सोर्स के आधार पर रखे गए श्रमिकों में स्थानीय युवाओं का ज्यादा से ज्यादा भर्तियां सुनिश्चित करने के लिए निविदा में प्रवधान करने की भी बात कहीं, जिस पर प्रभारी निदेशक ने न्यूनतम 20 फीसदी स्थानीय श्रमिकों को रखने के प्रवधान की बात की। बोकारो हवाई अड्डे की अध्यत्न जानकारी देते हुए प्रभारी निदेशक ने कहा कि बोकारो इस्पात प्रबंधन अपने हिस्से की सारी जिम्मेदारियां का गंभीरता पूर्वक निर्वाहन कर रहा है। अब एयरपोर्ट ऑथोरिटी को अपने पक्ष का काम पूरा करना है। सांसद ने सेवानिवृत कर्मचारियों से लाइसेंस पर लिए गए आवास का एक बार में 11 माह का ही किराया लेने की बात कही, जिससे बोझ कम कर सके। इसके साथ सांसद ने सेक्टर एक स्थित डॉक्टर भीम राव अंबेडकर पुस्तकालय के भवन का जीणोर्धार, ठेका मजदूरों का अपने स्तर से साल में दो बार कम से कम जांच, व्यवसायिक प्लॉट के शुल्क को व्यवहारिक बनाने, सड़कों का जीणोर्धार सहित स्ट्रीट लाइट की उतम व्यवस्था जैसे मामलों को भी सांसद ने उठाया। इस मौके पर कीम्स, एमएमएस के महामंत्री राजेंद्र सिंह, आरएन ओझा, कमलेश राय, एके वर्मा, विद्या सागर सिंह, अनिल सिंह, प्रकाश सिंह मोंटी, बीबीएल श्रीवास्तव, एके सिन्हा, सुनील कुमार, विदेशी महतो, फूलचंद महतो, गोल्डी सिंह, गुड्डू सिंह, आरके सिंह और विरु खान आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**

अति ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – 12/EE/RDSD/KODERMA/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा जिला के चन्दवारा प्रखण्ड के उत्क्रमित विद्यालय जौंगी का चाहरदीवारी निर्माण। | 2344737.00 | 47000.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |
| 2. | झुमरी तिलैया के राज्यकृत उ0म0 विद्यालय मड्डुआटॉड में 07 कमरा का मरम्मति कार्य। | 1829000.00 | 37000.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |
| 3. | गॉंधी उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया के चाहरदीवारी एवं बारामदा में ग्रील कार्य। | 1138800.00 | 23000.00 | 2500.00 | 06 (छः) माह। |
| 4. | कोडरमा के केन्द्रीय विद्यालय,झुमरी तिलैया में मरम्मति शौचालय एवं विद्युतीकरण कार्य। | 2257800.00 | 45500.00 | 5000.00 | 06 (छः) माह। |
| 5. | Repairing of Domchanch block Building, in koderma Dist, | 1281100.00 | 26000.00 | 2500.00 | छः माह (06) |
| 6. | डोमचॉंच प्रखण्ड के UHS , बेहराडीह विद्यालय का मॉडलीकरण। | 2447200.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 7. | कोडरमा प्रखण्ड के राजकीय +2 उच्च विद्यालय डुमरडीहा में चाहरदीवारी, विद्युतीकरण, शौचालय एवं डींप बोरिंग कार्य। | 2496300.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 8. | जयनगर प्रखण्ड के मध्य विद्यालय कटिया का चाहरदीवारी निर्माण। | 1464317.00 | 30000.00 | 2500.00 | छः माह (06) |
| 9. | सतगावॉं प्रखण्ड के बालिका उच्च विद्यालय सिहास का चाहत्ररदीवारी निर्माण। | 2496500.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 10. | कोडरमा प्रखण्ड के बेकोबार में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेकोबार का चाहरदीवारी निर्माण। | 2498500.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 11. | मरकच्चो प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगीडीह का चाहरदीवारी निर्माण। | 2498400.00 | 50000.00 | 5000.00 | छः माह (06) |
| 12. | डोमचॉंच प्रखण्ड अंतर्गत उत्क्रमित विद्यालय (UHS) लक्ष्मीपुर में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष (ACR) का निर्माण। | 1456500.00 | 30000.00 | 2500.00 | तीन माह (03) |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.01.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 31.01.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. कार्यपालक अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि 03.02.2023 एवं समय 10:00 बजे से 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.02.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9939700965 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 287816 Rural Work Department (22-23)_D

### विनेश-साक्षी का डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का आरोप

# फोगाट बोलीं: मारने की धमकी दी, बृजभूषण बोले-आरोप सही हों तो फांसी को तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने बुधवार को रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआइ) के प्रेसिडेंट बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। विनेश फोगाट ने कहा, 'नेशनल कैंप्स में वुमन रेसलर्स का प्रेसिडेंट बृजभूषण शरण सिंह और कोच यौन उत्पीड़न करते हैं। नेशनल कैंप्स में पोस्टेड कुछ कोच तो वुमन रेसलर्स का सालों से यौन उत्पीड़न करते आ रहे हैं। कई महिला पहलवानों ने इसकी शिकायत भी की। बजरंग पूनिया ने कहा कि हमारा विरोध डब्ल्यूएफआइ और जिस तरह वे पहलवानों के हितों को ध्यान में रखे बिना काम कर रहे हैं उसके खिलाफ है। इसका राजनीति से कुछ भी लेना-देना नहीं है। इधर, डब्ल्यूएफआइ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने कहा- विनेश फोगाट के आरोप बेबुनियाद हैं। उनके पास आरोपों का कोई सबूत नहीं है। कोई पीड़ित है तो सबूत के साथ मेरे सामने आए। आरोप सही हुए तो फांसी पर लटक जाउंगा।



### डब्ल्यूएफआइ में वे लोग, जिन्हें खेल के बारे में कुछ नहीं पता

ओलंपियन बजरंग पूनिया ने कहा- हम चाहते हैं कि फेडरेशन में बदलाव हो। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) पहलवानों को परेशान कर रहा है। जो लोग डब्ल्यूएफआइ का हिस्सा हैं, उन्हें इस खेल के बारे में कुछ नहीं पता है। पहलवानों ने लंबे समय तक सब चुपचाप सहा है, लेकिन अब हमने तय किया है कि प्रेसिडेंट के एकतरफा फैसलों को अब हम और नहीं सहेंगे। भारत के सभी टॉप रेसलर्स ने फैसला किया है कि तब तक नेशनल और इंटरनेशनल मुकाबलों में भाग नहीं लेंगे जब तक कि हमारी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं और हमारे साथ डब्ल्यूएफआइ बेहतर व्यवहार नहीं करता है। हम प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्रालय से मदद की गुहार लगा रहे हैं। ये खिलाड़ी नेशनल फेडरेशन के मनमाने रवैये का विरोध कर रहे हैं। रेसलर्स का कहना है कि फेडरेशन उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश कर रहा है। देश के लिए मेडल जीतने के बावजूद उन्हें वो सम्मान नहीं मिल रहा है, जिसके वो हकदार हैं। पहलवानों का कहना है कि जब वे देश के लिए मेडल जीतते हैं तो सब उनकी वाहवाही करते हैं, लेकिन इसके बाद कोई यह नहीं देखता कि हमारे साथ क्या होता है। विशाखापट्टनम में सीनियर रेसलिंग चैंपियनशिप में फेडरेशन ने नये रेफरी बुला लिए थे। नए रेफरियों को नियमों की जानकारी नहीं थी। उन्होंने गलत निर्णय दिए। इससे प्लेयर्स में बड़ा असंतोष रहा और लड़ाइयां भी हुईं। बजरंग पूनिया के पर्सनल कोच सुजीत मान ने एक मैच के निर्णय पर सवाल उठाया तो उन्हें फेडरेशन ने सस्पेंड कर दिया।

### विनेश का आरोप- मुझे जान से मारने की धमकी दी

विनेश ने कहा- टोक्यो ओलिंपिक में हार के बाद डब्ल्यूएफआइ के अध्यक्ष ने मुझे 'खोटा सिक्का' कहा। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। मैं हर दिन अपने जीवन को समाप्त करने के बारे में सोचती थी। अगर किसी पहलवान को कुछ होता है तो जिम्मेदारी डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष पर होगी। विनेश यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने कहा-कोच महिलाओं को प्रताड़ित कर रहे हैं। हमारी स्थिति यह है कि अगर पानी भी बिना परमिशन के पी लिया तो फेडरेशन नाराज हो जाती है। हमें मारने की धमकी दी जा रही है। हमारे साथ कुछ भी होता है तो उसके लिए अध्यक्ष जिम्मेदार होंगे। हम लोग अपना करियर दांव पर लगाकर यहां धरने पर बैठे हैं।

### हमारे निजी जीवन में दखलंदाजी

डब्ल्यूएफआइ हमारे निजी जीवन में भी दखल देते हैं और हमें परेशान करते हैं। वे हमारा शोषण कर रहे हैं। जब हम ओलिंपिक में गए थे तो हमारे पास फिजियो या कोच नहीं था। दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों ने कहा- जब से हमने आवाज उठाई है, हमें धमकाया जा रहा है। विनेश ने कहा कि फेडरेशन खिलाड़ियों पर जबरदस्ती बैन लगाती है जिससे खिलाड़ी खेल न सके।

### 10 साल से बात करने की कर रहीं हूं कोशिश

विनेश फोगट ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा- मैं लगभग 10 साल से फेडरेशन से बात करने और हमारे मुद्दों को समझाने की कोशिश कर रही हूं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।

# मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) और टिकट जांच के लिए खोरधा रोड मंडल ने विशेष अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सीजन टिकट के फायदे के बारे में दैनिक यात्रियों के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से खोरधा रोड मंडल ने भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) के लिए विशेष अभियान चलाया । मासिक सीजन टिकट (एमएसटी) 150 कि.मी के भीतर किन्हीं दो स्टेशनों के बीच यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों के लिए अत्यधिक रियायती टिकट हैं। एमएसटी का किराया एक तरफ की दूसरी श्रेणी के किराए के लगभग 15 गुना के बराबर है। एमएसटी टिकट धारक सवारी और मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के अनारक्षित डिब्बों में यात्रा कर सकते हैं। भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें वाणिज्यिक अधिकारी, वाणिज्यिक निरीक्षक और टिकट जांच कर्मचारी शामिल हैं। अभियान के दौरान, दैनिक यात्रियों को सीजन टिकट को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई। सीजन टिकट खरीदने पर उसी रूट के लिए रोजाना टिकट खरीदने के लिए कतारों में खड़े होने से बचा जा सकता है। छात्रों के लिए सीजन टिकट पर रियायत उपलब्ध है। मासिक सीजन टिकट सभी अनारक्षित टिकट काउंटरों पर न्यूनतम दस्तावेज जमा करके प्राप्त किया जा सकता है, जैसे कोई भी सरकारी पहचान प्रमाणपत्र जैसे ड्राइविंग लाइसेंस या पैन कार्ड या वोटर आइडी कार्ड या आधार कार्ड और यात्रियों की तस्वीर। मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों और खोरधा रोड मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य ट्रेनों के माध्यम से टिकटों और अनियमित टिकट यात्रा को कम करना तथा वास्तविक यात्रियों के लिए आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना है। खोरधा रोड मंडलका यात्रियों सेविनम्र अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए उचित टिकट/प्राधिकार के साथ ट्रेनों में यात्रा करें।




### 100 में से 40 रुपये मंत्री-विधायक की रिश्वत

# कर्नाटक में पर्दाफाश करने वालों को धमकी, बीजेपी बोली: शिकायत क्यों नहीं

एजेंसी

**बेंगलुरु।** 'ईश्वरप्पा मेरी मौत के जिम्मेदार हैं। उन्हें सजा मिलनी चाहिए। मैंने अपनी सभी इच्छाओं को छोड़कर यह कदम उठाने का मन बनाया है। मेरी पीएम, सीएम और येदियुरप्पा से गुजारिश है कि वे मेरे परिवार का ख्याल रखें। ये वॉट्सऐप मैसेज सिविल कॉन्ट्रैक्टर संतोष पाटिल ने सुसाइड से पहले अपने दोस्तों को भेजा था। संतोष ने 11 अप्रैल 2022 को खुदकुशी की थी। इसी से पता चला कि कर्नाटक में पेमेंट से पहले बिल पास करने के लिए 40% तक रिश्वत देनी पड़ रही है। कर्नाटक दक्षिण भारत का इकलौता राज्य है, जहां बीजेपी सत्ता में है। यहां अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इससे पहले सरकारी करप्शन का मुद्दा फिर गरमा गया है और ये बीजेपी के लिए मुसीबत बन सकता है, क्योंकि आरोप विधायकों और मंत्रियों पर है। राज्य के कॉन्ट्रैक्टर्स ने इस करप्शन सिंडिकेट के खिलाफ बुधवार को बेंगलुरू में प्रदर्शन भी किया। संतोष पाटिल ने सुसाइड से पहले कई बार बीजेपी के सीनियर नेता और तब ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री रहे ईश्वरप्पा को भ्रष्ट बताया था और उनकी शिकायत पीएम नरेंद्र मोदी से भी की थी। बाद में ईश्वरप्पा के खिलाफ एफआइआर हुई और उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि पुलिस ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। संतोष पाटिल ने 11 मार्च को ये लेटर ढट मोदी को भेजा था। इसमें उन्होंने 40% कमीशन मांगे जाने की बात लिखी थी। पाटिल ने लिखा था कि ठेकेदारों ने 4 करोड़ रुपये कर्ज पर लिया था और अब देनदार भी पैसा मांग रहे हैं। संतोष पाटिल ने 11 मार्च को ये लेटर पीएम मोदी को भेजा था।

### अप्रैल-मई में चुनाव, सरकारी करप्शन का मुद्दा बीजेपी के लिए मुसीबत

2018 के चुनाव में पार्टी ने 104 सीटें जीती थीं, लेकिन कांग्रेस और जडीएस ने गठबंधन सरकार बना ली थी। 14 महीने में ही कांग्रेस के विधायक बागी हो गए और बीजेपी ने उन्हें पार्टी में शामिल कर सत्ता हासिल कर ली। हालांकि बीजेपी को दो साल के भीतर ही येदियुरप्पा की जगह लिंगायत समुदाय से ही आने वाले बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाना पड़ा।

### पूर्व मध्य रेल

**ई–ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के अंतर्गत निम्नांकित गाड़ियों के पार्सल लीज दो वर्षों के लिये किये जाने हेतु ई–ऑक्शन का आमंत्रण भारतीय रेल के वेब पोर्टल आई.आर.ई.पी.एस. पर किया जाता हैं :–

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | एसएलआर |
|---|---|---|
| 1 | 18106 (JYG-ROU) | F1 |
| 2 | | F2 |
| 3 | | R1 |
| 4 | 13225 (JYG-DNR) | F1 |
| 5 | 15554 (JYG-BGP) | F1 |
| 6 | | F2 |
| 7 | | R1 |
| 8 | 13032 (JYG-HWH) | F1 |
| 9 | | R1 |
| 10 | 05533 (DBG-JYG) | F1 |
| 11 | | F2 |
| 12 | | R1 |
| 13 | 05534 (JYG-DBG) | F1 |
| 14 | | F2 |
| 15 | | R1 |
| 16 | 13136 (JYG-KOAA) | F1 |
| 17 | 02569 (DBG-NDLS) | F2 |
| 18 | 09466 (DBG-ADI) | F1 |

**कैटलॉग संख्या:** एसपीजे– एसएलआर–34, **अवधि:** ठीका प्रारंभ होने की तिथि से दो वर्षों के लिए, **निविदादाताओं के लिए निर्देश: 01. ऑक्शन प्रपत्र की उपलब्धता :** ऑक्शन प्रपत्र आईआरईपीएस के वेबसाईट पर उपलब्ध है। **02. ई–ऑक्शन की तिथि एवं समय :** दिनांक 13.02.2023 को 10.00 बजे। **03. वेबसाईट का विवरण जिस पर ई–ऑक्शन प्रपत्र उपलब्ध है:** ई–ऑक्शन IREPS के वेबसाईट पर ऑनलाईन डाला जाना है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in. का अवलोकन करे। किसी प्रकार के मैनुअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वा०)/समस्तीपुर**

पीआर/1926/एसपीजे/सीओएमएल/एन/22-23/52

# हॉकी टिकटों की कालाबाजारी के आरोप में 5 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इस बार हॉकी वर्ल्ड कप का आयोजन ओडिशा में हो रहा है। भुवनेश्वर से लेकर राउरकेला तक हर जगह हॉकी की चर्चा हो रही है। साथ ही इस मैच को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ भी उमड़ती नजर आ रही है। जिसका फायदा कुछ शातिर लोगों ने उठाया है। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि वे टिकट की कालाबाजारी कर रहे हैं। नतीजतन, पुलिस ने इस आरोप में 5 लोगों को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार भुवनेश्वर के शहीद नगर में कुछ लोग हॉकी विश्व कप के टिकटों की कालाबाजारी कर रहे थे। नतीजतन शहीदनगर थाना पुलिस ने इस मामले में इन 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, वे 100 रुपये के टिकट 100 रुपये में बेच रहे थे, जबकि 200 टिकट 2000 रुपये और 500 टिकट 4000 रुपये में बिक रहे थे। इसके साथ ही इन 5 लोगों ने सोशल मीडिया पर महंगे दामों पर टिकट बेचने का विज्ञापन भी किया। जो उन्हें महंगा पड़ा। नतीजतन पुलिस ने इस घटना की जानकारी के लिए 5 दलालों को गिरफ्तार किया है।



### रामचरितमानस पर विवादित बयान देकर बूरे फंसे शिक्षा मंत्री

**समस्तीपुर (आजाद सिपाही)।** धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस पर विवादित बयान दिए जाने के मामले में बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर पर समस्तीपुर की एक अदालत मे मंगलवार को भाजपा ने मुकदमा दायर किया है। दूसरी ओर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ लगातार बयान देने के कारण राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के निर्देश पर विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह को पार्टी ने आज कारण बताओ नोटिस जारी किया है। धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस पर विवादित बयान दिए जाने के मामले में बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर पर समस्तीपुर की एक अदालत में मंगलवार को भाजपा ने मुकदमा दायर किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ लगातार बयान देने के कारण राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के निर्देश पर विधायक और पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह को पार्टी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now!
+91-7903149721
www.universityfly.com

# वेदांता ने निक्षय मित्र कार्यक्रम का उद्घाटन किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** वेदांता एल्युमीनियम झारसुगुड़ा ने निक्षय मित्र कार्यक्रम की शुरूआत कर प्रधानमंत्री के 'टीबी (क्षय रोग) मुक्त भारत अभियान' में अपना समर्थन देने का संकल्प लिया है। निक्षय मित्र कार्यक्रम 2025 तक देश से टीबी को पूरी तरह खत्म करने के लिए केंद्र सरकार की पहल है और नागरिकों से टीबी रोगियों को गोद लेने और उनके पोषण और उपचार का समर्थन करने का आग्रह करके टीबी के आसपास के कलंक को कम करने का इरादा है। सुनील गुप्ता सीइओ-वेदांता लिमिटेड झारसुगुडा ने कार्यक्रम का उद्घाटन झारसुगुड़ा के मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी एवं जन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दोलमणि पटेल, सुश्री रेशमा राणा जिला कार्यक्रम समन्वयक और डॉ. दिनेश कुमार साहू की उपस्थिति में किया गया। वेदांता एल्युमीनियम झारसुगुड़ा में ऐसे 65 रोगियों की मदद करने और उनके इलाज के लिए उचित पोषण और परामर्श प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समुदाय के लिए वेदांता एल्युमीनियम के स्वास्थ्य हस्तक्षेप पर बोलते हुए, मिस्टर सुनील गुप्ता सीइओ-वेदांत लिमिटेड झारसुगुडा ने कहा, "जहां हम काम करते हैं, वहां समुदाय का स्वास्थ्य और कल्याण हमेशा हमारे सामाजिक हस्तक्षेपों के लिए एक प्रमुख क्षेत्र रहा है।

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS TAMA Studiomaster ZOOM PAiSTe DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue : Sector-9 Near Hatia More Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 65423 66205, 76338 16941

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**